संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

हनुमानगढ़ जंक्शन
गुरुवार 4 जुलाई 2024
आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 180| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,986.80 | +545.34 |
| निफ्टी | 24,286.50 | +162.65 |
| डॉलर | 83.49 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 28° अधिकतम 36°

# विधानसभा सत्र का हंगामेदार आगाज

**नेता प्रतिपक्ष ने लगाया माइक बंद करने का आरोप, कहा-राज्यपाल का अभिभाषण नहीं होना असंवैधानिक, संसदीय मंत्री ने आरोपों को नकारा**

**जयपुर.** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत आज हंगामे से हुई। सदन की कार्रवाई शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि नए सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होती है। क्योंकि पिछला सत्र मार्च में खत्म हो गया था। अभिभाषण नहीं होना असंवैधानिक है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अध्यक्षीय व्यवस्था देते हुए कहा कि नियमों के तहत नई सरकार के गठन के बाद होने वाले पहले सत्र और साल के पहले सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण होता हैं। यह इस साल का दूसरा सत्र है। लेकिन विपक्ष अध्यक्ष की व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुआ। विपक्ष वैल में आकर लगातार नारेबाज़ी करता रहा और 'संविधान के हत्यारों का नाश हो' का नारा लगाता रहा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लोकसभा में स्पीकर माइक बंद कर देते हैं, यहां मेरा भी माइक बंद कर रहे हैं। हालांकि, संसदीय मंत्री जोगाराम पटेल ने नेता प्रतिपक्ष के राज्यपाल अभिभाषण को लेकर उठाए गए सवालों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि जूली नियमों की गलत व्याख्या कर रहे हैं। आज से शुरू हुआ सत्र नया नहीं है। इससे पहले आज सदन की कार्रवाई शुरू होते ही बागीदौरा से उपचुनाव में जीते बीएपी विधायक जयकृष्ण पटेल को शपथ दिलाई गई। विधानसभा में हाथरस की घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई। विपक्ष के हंगामे के बीच सदन की कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। यूपी के हाथरस में सत्संग हादसे में मारे गए 121 लोगों को राजस्थान ... शेष पेज 9 पर

### 10 को बजट आएगा

विधानसभा में कल 4 जुलाई को प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही होगी। कल के बाद 10 जुलाई तक सदन स्थगित होगा। 5 से 9 जुलाई तक विधानसभा नहीं चलेगी, 10 को बजट पेश किया जाएगा। अभी तक विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति ने 10 तक का ही कामकाज तय किय है, आगे के कामकाज पर फैसले के लिए फिर बैठक होगी। बजट पेश करने के बाद आगे का कामकाज फिर तय होगा। 4 दिन बजट पर बहस होगी। 11, 12 और 13 जुलाई को बजट पर बहस होगी। 16 जुलाई को बजट पर बहस के बाद सरकार की तरफ से जवाब दिया जाएगा, इसे बीएसी की बैठक में मंजूरी मिलना बाकी है।

### दोपहर में लंच ब्रेक पर आज फैसले के आसार

विधानसभा में संसद की तर्ज पर लंच ब्रेक शुरू करने के टाइम टेबल पर आज फैसला होने की संभावना है। विधानससभा स्पीकर की अध्यक्षता में कल हुई सर्वदलीय बैठक में लंच ब्रेक पर सहमति बनी थी। विधानसभा में अभी सुबह 11 बजे से लगातार शाम तक कार्यवाही चलती है, हंगामे से सदन स्थगित होने के अलावा लगातार सदन चलता है। लंच ब्रेक नहीं होता। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस, बीजेपी सहित सभी दलों के विधायकों ने लंच ब्रेक शुरू करने की पैरवी की थी। लंच ब्रेक का समय शून्यकाल का कामकाज पूरा होने के बाद दोपहर में 1.30 से 2.30 या इसके आसपास सूटेबल टाइम पर कियाजा सकता है, जिसे स्पीकर तय करेंगे।

### मुख्यमंत्री सहित विधायकों ने ली शपथ

बजट सत्र के पहले दिन की कार्यवाही पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो ट्वीट किए। पहले ट्वीट में उन्होंने राजस्थान विधानसभा के द्वितीय सत्र के प्रारंभ से पूर्व मंत्रिमंडल के सम्मानित सदस्यों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन के लिए सभी का हृदय से आभार जताया। जबकि दूसरे ट्वीट में उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त राजस्थान के निर्माण की शपथ के बारे में बताया और कुछ तस्वीरें भी शेयर की। राजस्थान विधानसभा में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर सदस्यों ने प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल को न्यूनतम करने तथा आमजन को भी इस हेतु जागरुक करने का संकल्प लिया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव ... शेष पेज 9 पर

# राज्यसभा में बोलते रहे पीएम मोदी, विपक्ष ने किया वॉकआउट

**राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दे रहे थे पीएम मोदी, सोनिया पर निशाना साधा तो विपक्ष हो गया आग बबूला**



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में प्रधानमंत्री नीट, मणिपुर संविधान, कांग्रेस, पश्चिम बंगाल, रोजगार, भ्रष्टाचार, सीबीआई-ईडी, फेडरलिज्म, इमरजेंसी, जम्मू-कश्मीर, इंदिरा, राहुल, दलितों पर बोले। प्रधानमंत्री मोदी जब 32 मिनट बोल चुके थे, तब विपक्ष के नेताओं ने सदन से वॉकआउट किया। वॉकआउट प्रधानमंत्री द्वारा सोनिया गांधी पर निशाना साधने के बाद हुआ। उन्होंने कहा-ये लोग ऐसे हैं, जो ऑटो पायलट और रिमोट पायलट पर सरकार चलाने के आदी हैं। वे काम करने में विश्वास नहीं रखते, वे बस इंतजार करना जानते हैं। इस पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बोले ये लोग मुझे नहीं, संविधान को पीठ दिखा रहे हैं। पीएम ने कहा-कल उनकी सारी हरकतें फेल हो गईं, इसलिए वे मैदान छोड़कर भाग गए। नारे लगाना, चिल्लाना और भाग जाना, यही उनकी नियति है। मोदी ने कहाकि पेपर लीक एक बड़ी समस्या है। मेरी इच्छा थी, सारे दल इस पर अपनी राय रखते। लेकिन यह मुद्दा भी इन्होंने राजनीति की भेंट चढ़ा दी। मैं देश के नौजवानों को आश्वस्त करता हूं कि आपको धोखा देने वालों को यह सरकार छोड़ने वाली नहीं है। इन्हें सख्त सजा मिले, इसलिए एक के बाद एक एक्शन लिए जा रहे हैं। हमने इसके लिए सख्त कानून बनाया है।

### मणिपुर हिंसा पर भी बोले पीएम

पीएम मोदी ने कहाकि मणिपुर में लगातार हिंसक घटनाएं कम हो रही हैं। स्कूल-कॉलेज, दफ्तर और अन्य संस्थान चल... शेष पेज 9 पर

# सड़क सुरक्षा के लिए एक्शन प्लान तैयार करने वाला पहला राज्य बना राजस्थान

**उपमुख्यमंत्री ने जानी राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्ययोजना की प्रगति, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने ली बैठक**

**जयपुर.** उपमुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जहा योजनाबद्ध तरीक़े से सड़क सुरक्षा के लिये आगामी 10 वर्षों के लिये एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत् आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रावधानों के प्रति जागरूक कर एवं सड़क सुरक्षा नियमों की पालना में व्यवहारिक परिवर्तन लाने की दिशा में काम किया जावेगा। इसका लक्ष्य प्रदेश में 2030 तक सड़क हादसों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी लाना रखा गया है। उपमुख्यमंत्री बुधवार को परिवहन मुख्यालय पर राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्य योजना को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री द्वारा अपर परिवहन आयुक्त निधि सिंह द्वारा आगामी दस वर्षों के लिए तैयार राज्य सड़क सुरक्षा रणनीति एवं कार्य योजना पर प्रेजेंटेशन का अवलोकन किया गया। उपमुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी, परिवहन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वन विभाग सहित सभी हितधारक विभागों को एक साथ सामंजस्य रख सड़क सुरक्षा के लिए काम करने के निर्देश दिये।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ल्ड बैंक की सहायता...शेष पेज 9 पर

# झारखण्ड में फिर सीएम बनेंगे सोरेन

### सीएम चंपाई ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**नई दिल्ली.** जेल से बाहर निकलने के बाद एक बार फिर से हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे। सीएम चंपाई सोरेन ने बुधवार शाम 7.20 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफे के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। चंपाई सिर्फ 5 महीने झारखंड के सीएम रहे। चंपाई सोरेन ने कहा कि गठबंधन का जो फैसला था उसी के अनुसार मैंने काम किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि चंपाई जी ने अपनी बात कह दी है। ये गठबंधन का फैसला है। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन विधायक दल के विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। अब राज्यपाल कभी भी हेमंत सोरेन को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। सूत्रों... शेष पेज 9 पर

# हलवाई व केटर्स अधिक से अधिक सरस दूध एवं दुग्ध उत्पादों का उपयोग करें: सहारण



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., हनुमानगढ़ में बुधवार को हनुमानगढ जंक्शन एवं टाउन के हलवाई एवं केटरर्स की बैठक संघ कार्यालय हनुमानगढ जंक्शन में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डेयरी के प्रबन्ध संचालक उग्रसेन सहारण ने बताया कि पूरे राज्य में आज सरस ब्रांड की शुद्धता के रूप में एक अलग पहचान बन गई है। सहारण ने उपस्थित सभी हलवाई एवं केटरर्स को अपने अपने संस्थान में सरस ब्रांड के दूध एवं दुग्ध उत्पादों का ही उपयोग व विक्रय करने की अपील की गई। सहारण ने बताया कि सरस द्वारा अपने नये उत्पाद जैसे बर्फी, पेड़ा, पनीर इत्यादि में संशोधित वातावरण पैकेजिंग (MAP) का उपयोग कर सेल्फ लाईफ बढ़ाकर एक महिने तक की गई है इसलिए इन उत्पादों को डिस्पले में रखना चाहिए। इस अवसर पर संघ के प्रभारी विपणन एसके सेतिया द्वारा सरस उत्पादों की बिक्री चैन के बारे में बताया गया एवं उनके द्वारा समस्त उपस्थित को आश्वास्त किया गया कि उनकी मांग के अनुसार सप्लाई व्यवस्था बनाई जावेगी। उपस्थित हलवाई एवं केटरर्स द्वारा डेयरी संयंत्र की विजिट कर डेयरी में प्रौसेस होने वाले दूध एवं दूध से बनाए जाने वाले दुग्ध पदार्थों की जानकारी प्राप्त की गई एवं डेयरी संयंत्र की साफसफाई पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस बैठक में पारीक स्वीटस, श्री स्वीटस, कामधेनू स्वीटस, बर्फी हाउस, कल्पना स्वीटस, जनता स्वीटस, ईशर इलवाई, जैन स्वीटस, गुरूनानक स्वीटस, अल्पना केटरर्स इत्यादि हलवाई व केटरर्स के साथ-साथ संघ की विपणन शाखा के लीलाधर वर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्कूलों में होगी बाल संसद, नशा मुक्त जिला के लिए बोलेंगे विद्यार्थी

- 5 जुलाई को संगरिया में अभियान के तहत होगी कार्यशाला
- पौधारोपण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिला कलक्टर काना राम नशा मुक्ति अभियान तथा पौधारोपण महाअभियान को लेकर गंभीर है। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ नशा मुक्ति एवं पौधारोपण को लेकर समीक्षा बैठक हुई। एसडीएम, बीडीओ तथा सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े। जिला कलेक्टर ने नशे की प्रवृति पर रोकथाम के लिए नशा मुक्त जिला अभियान की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया।

जिला कलक्टर ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को चार चरणों में बांटा गया है। निवारक शिक्षा तथा जागरूकता सृजन, क्षमता निर्माण, उपचार एवं पुनर्वास तथा सामुदायिक सहभागिता। काना राम ने कहा कि जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन 26 जून को किया जा चुका है। अब सभी ब्लॉक स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन होगा, जिसके तहत 5 जुलाई को संगरिया में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य सभी ब्लॉक स्तरीय ... शेष पेज 9 पर

# दो युवकों की डूबने से मौत

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** जिले में गोगामेड़ी और रावतसर थाना क्षेत्र में दो युवकों की डूबने से मृत्यु हो गई। गोगामेडी थाना पुलिस के अनुसार चक 16-17 केएनएन पिचकराई निवासी दारासिंह ने रिपोर्ट दी है कि उसका बेटा राजेश परसों सोमवार को डिग्गी से पीने के लिए पानी निकाल रहा था।पैर फिसल जाने से वह डिग्गी में गिर गया। डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। रावतसर पुलिस के अनुसार गांव धन्नासर के रियासत अली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसका भाई महबूब अली (28) कल मंगलवार को प्यास लगने पर खेत में बनी डिग्गी से पानी पीने लगा तो पैर फिसल गया। डिग्गी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों मृतक युवकों के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों के सुपुर्द कर दिए।

# विधायक गणेशराज ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, समस्याओं पर मंथन

### बीजेपी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए निर्दलीय विधायक गणेशराज बंसल

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



भाजपा ने हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बंसल को औपचारिक रूप से अपनाने का एलान कर दिया, लगता है। मुख्यमंत्री आवास पर देर रात हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में निर्दलीय विधायक गणेशराज बंसल को भी आमंत्रित किया गया। बंसल ने मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात की और उन्हें हनुमानगढ़ विधानसभा क्षेत्र से संबंधित समस्याओं की तरफउनका ध्यान आकर्षित किया और उन्हें बजट में उचित स्थान देने का आग्रह किया। जाहिर है, विधायक ने डिमांड लेटर में खेती-किसानी, पर्यटन, धार्मिक स्थल, सड़क आदि की मांग रखी है। विधायक गणेशराज बंसल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि आईजीएनपी नहर परियोजना की नौरंगदेसर वितरिका की 64.500 आरडी से निकलने वाली एडब्ल्यूएसएम माईनर की 0 आरडी से 6 आरडी के पक्का निर्माण बेहद जरूरी है। उन्होंने हनुमानगढ जिला मुख्यालय से प्रवाहित होने वाली घग्घर नदी पर नदी तटीय क्षेत्र विकसित करने हेतु राजस्थान सरकार के बजट-2024 में 150 करोड़ रुपए की मांग रखी है। विधायक ने इंदिरा गांधी नहर परियोजना के अन्तर्गत इंदिरा गांधी फीडर की बुर्जी संख्या 578 से 671 एवं इंदिरा गांधी मुख्य नहर की आरडी 0 से 158 के अन्तर्गत 1.15 लाख सिंचित हैक्टेयर क्षेत्र में पक्के खालों का यू .आकार में व 9 इंच चौडाई में पुनर्निर्माण सीएडी विभाग द्वारा करवाये जाने हेतु राजस्थान सरकार के बजट-2024 में 320 करोड रुपए की मांग की है। इसी तरह घग्घर सेमनाला 42 आरडी से जीजीआर-एसएसडब्ल्यू-एचएमएच नहर में पानी लिफ्ट करने हेतु लिफ्ट योजना निर्माण हेतु 20 करोड़ का बजट मंजूर करने का आग्रह किया गया है।

### इन मसलों पर भी फोकस

विधायक गणेशराज बंसल ने इसके अलावा भी विभिन्न मसलों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। इसके तहत ग्राम कोहला, जिला हनुमानगढ़ में हड्डा रोड़ी हेतु आरक्षित भूमि पर कारकस प्लांट बनाये जाने के लिए करीब आठ करोड़ रुपए मंजूर करने, स्थानीय क्षेत्र में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने हेतु हनुमानगढ-सूरतगढ़ सड़क (एस.एच-94), हनुमानगढ़-रतनगढ़ सड़क (एस.एच-7), तलवाड़ा-हनुमानगढ़ सड़क (एस.एच-99) एवं हनुमानगढ़-संगरिया सड़क (एन.एच-54) को जोड़ते हुए हनुमानगढ़ शहर हेतु बाईपास सड़क (रिंग रोड़) कुल लम्बाई 20.80 कि.मी. के निर्माण कार्य हेतु अनुमानित राशि 300 करोड, हनुमानगढ विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र के गांवों, ढाणियों और चकों के सुगम सम्पर्क हेतु गांवों को जोड़ने वाली 150 कि.मी. सम्पर्क सडकों के निर्माण, हनुमानगढ़ नगरीय क्षेत्र में 170 कि.मी. सीवरेज नेटवर्क व 5.0 एमएलडी एसटीपी हेतु राजस्थान सरकार के बजट-2024 में 227.01 करोड़ व हनुमानगढ जिला मुख्यालय में निर्माणाधीन टाऊन हॉल के निर्माण को सम्पन्न करवाने के लिए 25 करोड रुपए बजट उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

### भद्रकाली मंदिर व करणी माता मंदिर का हो जीर्णोद्धार

विधायक गणेशराज बंसल ने मुख्यमंत्री को प्राचीन ऐतिहासिक माँ भद्रकाली मन्दिर... शेष पेज 9 पर

# सघन पौधारोपण महाअभियान के तहत जिले में रोपे जाएंगे 16 लाख पौधे

### शिक्षा विभाग को सर्वाधिक 6 लाख लाख पौधे रोपने का लक्ष्य

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राज्य सरकार की ओर से शुरू किए गए सघन पौधारोपण महाअभियान के तहत हनुमानगढ़ जिले को 16 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। सर्वाधिक पौधे लगाने का लक्ष्य शिक्षा विभाग को 6 लाख पौधे लगाने का दिया गया है। इस अभियान का समन्वय पंचायती राज विभाग की ओर से किया जाएगा। जिला परिषद से अभियान की मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला कलक्टर कानाराम के विजन अनुसार सभी विभाग महाअभियान की तैयारी में जुटे हैं। इसके तहत गड्ढे खोदने का कार्य किया जा रहा है। जिला कलक्टर की ओर से पंचायती राज विभाग को लक्ष्य से 30 प्रतिशत अधिक काम करने के आदेश-निर्देश जारी किए गए हैं। उसी अनुसार पंचायती राज विभाग की ओर से कार्य किया जा रहा है। अभियान की समन्वय अधिकारी जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी ने बताया कि पंचायती राज विभाग को कुल 4 लाख 75 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इस संबंध में पूर्ण तैयारी कर ली गई है। मनरेगा के जरिए पिछले पन्द्रह दिनों में टीएस ... शेष पेज 9 पर

Reg. No. 8144
**P.C. क्लिनिक**
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303






# स्व. जगदीश प्रसाद चाचाण की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 201 यूनिट रक्त संग्रहण

तेज. रिपोर्टर | नोहर

स्थानीय जनता होस्पिटल में स्व. जगदीश प्रसाद चाचाण की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 201 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। शिविर का उद्घाटन श्री श्री 1008 बाबा कालिदास कृष्णानंद परमहंस महाराज ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मदरसा बोर्ड की पूर्व चैयरमेन मेहरूनिशा टाक, जनता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश चाचाण, स्वामी विजयानंद महाराज, श्रीगौशाला के अध्यक्ष बाबूलाल चाचाण, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ओम खटोतिया आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इससे पूर्व कालिदास कृष्णानंद परमहंस महाराज के नोहर पहुंचने पर ढ़ोल-नगाड़ो व पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया गया। शिविर में रक्तदाताओं को हौसलाअफजाई के लिये पानी के कैम्पर के अलावा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये पौधो का वितरण किया गया। इस मौके पर विचार व्यक्त करते हुए कालिदास कृष्णानंद परमहंस महाराज ने मानवता की सेवा को सच्ची सेवा बताते हुए इस प्रकार के शिविरों की महत्ती आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वजों की याद में इस प्रकार के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य समय-समय पर होते रहने चाहिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान की इस भागम-भाग जिंदगी में समाजसेवा के लिये भी समय निकालना चाहिये। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से किये गये सद्कर्म के कार्यों का फल अवश्य मिलता है। उन्होंने जनता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में करवाये जा रहे कार्यों की भी सराहना की। मदरसा बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष मेहरूनिशा टाक ने रक्तदान को महादान बताते हुये एक यूनिट रक्तदान किसी को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने शिविर में रक्तदाताओं को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये पौधे वितरित करने को अभिनव पहल बताया। जनता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश चाचाण ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भविष्य में भी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य निरंतर जारी रहेगें। उन्होंने सभी रक्त यौद्धाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा किया गया रक्तदान अनेक लोगों को नया जीवन देगा। इस मौके पर माकपा नेता मंगेज चौधरी, थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा, संजय खदरिया, एडवोकेट बलदेव अग्रवाल, डॉ. चंद्र सुथार, डॉ. भीम गोयल, कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष बलवीर सुथार, नोहर रिलीफ सोसायटी के ओम चौधरी, रफीक चौहान, रमेश खटोतिया, किशनलाल पारीक, हनुमान प्रसाद व्यास, पूर्व पार्षद राजेन्द्र थिरानी, एडवोकेट अनिष सराफ, डॉ. जेपी सुथोड़, एडवोकेट केएल मित्रुका, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, श्रीकिशन सोनी, ओम लालवानी, अम्बेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष राधेश्याम जोईया, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, महिपाल सैनी, जमनाधर चाचाण, मोंटी चाचाण, कमल चाचाण,कबीर ज्याणी, करीम खान, डॉ. गोपाल गोदारा, डॉ. भरत ओला, बसंत तिवाड़ी, बृजलाल सोनी, प्रदीप पुरोहित, महादेव बराला, शुभकरण पांडिया, अवतारसिंह सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी व कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में रक्त संग्रहण हनुमानगढ़ राजकीय चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। शिविर में कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी रक्तदाता पहुंचे।




**रक्तदाताओं को बांटे पौधे:**
शिविर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक रक्तदाता व शिविर में पहुंचे लोगों को एक-एक पौधा बांटकर अभिनव पहल कि गई। इस मौके पर सभी ने पौधो वितरण के कार्य कि सराहना करते हुये कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर जौर दिया।

# खुला बंदी शिविर से कैदी फरार

तेज. रिपोर्टर | नोहर

हनुमानगढ़ जिला कारागार के अधीन नोहर में खुला बंदी शिविर से एक कैदी फरार हो गया। कैदी के फरार होने से हडक़ंप मच गया। फरार हुआ कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। कस्बे के निकटवर्ती गांव सोनड़ी में खुला बंदी शिविर संचालित है। जिसमें 13 कैदी सजा काट रहे है। फरार हुये कैदी के व्यवहार के चलते जेल प्रशासन ने उसे कार्य करने के लिये खुला बंदी शिविर में रखा हुआ था। सोनड़ी स्थित गौसेवा सदन में खुला बंदी शिविर संचालित है। क्षेत्र के गांव मंदरपुरा निवासी जीतू उर्फ जीतिया पुत्र नारायणसिंह राजपूत 33 वर्ष हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उसे खुला बंदी शिविर में रखा हुआ था। सुबह जेल कांस्टेबल विनोद कुमार कैदियों की हाजिरी लेने पहुंचा तो हाजिरी में एक कैदी कम मिला। काफी तलाश करने के बाद भी वह नही मिला। जिस पर हडक़ंप मच गया। फरार हुये कैदी को 29 दिसम्बर 2023 को खुला बंदी शिविर में लाया गया था। वह अब तक दस साल की सजा काट चुका है। उसके अच्छे व्यवहार के चलते जेल प्रशासन की ओर से उसे खुला बंदी शिविर में रखा गया था। जेल



कांस्टेबल विनोद कुमार सूचना पर एक जुलाई से प्रभावी नये कानून के तहत पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 262 के तहत इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा ने बताया कि पुलिस की अलग-अलग टीमें निरंतर तलाश में जुटी हुई है। फरार हुये कैदी जीतू उर्फ जीतिया पर वर्ष 2013 में मंदरपुरा गांव में ही एक महिला की हत्या करने का आरोप है। वर्ष 2015 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में वाटर कूलर का उद्घाटन



**नोहर**। स्व. जानकी देवी की स्मृति में उनके पुत्र ओमप्रकाश तिवाड़ी द्वारा पीडब्ल्यूडी के पीछे स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नं. एक में लगाये गये वाटर कूलर का उद्घाटन दुर्गादत तिवाड़ी ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि उक्त वाटर कूलर से विद्यार्थियों को शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के कार्यों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर ओमप्रकाश तिवाड़ी,रोहिताश कुमार, सुरेश चौधरी, श्रीमती अंजू, सुमित्रा, माया सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। प्रधानाध्यापक कपिल बैनीवाल ने तिवाड़ी परिवार का आभार जताया।

# गृह क्लेश में दंपति ने डिग्गी में कूद कर आत्महत्या की

## अनूपगढ़ के प्रेम नगर में सनसनीखेज घटना

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ में आज सुबह गृह कलेश के चलते एक युवा दंपति ने घर में बनी पानी की डिग्गी में कूद कर आत्महत्या कर ली। अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 7 के प्रेमनगर में हुई इस घटना से पूरे शहर में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार मृतक दंपति की पहचान कुंभाराम मेघवाल (35) और सुमन (30) के रूप में हुई है। घटना के समय दंपति के बच्चे स्कूल गए हुए थे। घटना के कुछ देर बाद कुंभाराम का चचेरा भाई अनिल किसी काम से उसके घर आया तो उसे दोनों के शव डिग्गी में दिखाई दिए। अनिल ने शोर मचाकर अड़ोस पड़ोस के लोगों को बुलाया। डिग्गी में सीढी लगाकर पड़ोसियों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। इस बीच घटना की जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके की कार्यवाही के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में लाया गया। थाना प्रभारी सीआई अनिल कुमार ने बताया कि कुंभाराम मेघवाल मजदूरी करता था। पति-पत्नी में काफी समय से अनबन, मनमुटाव और गृह कलेश जानकारी सामने आई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि इनमें किस बात को लेकर क्लेश होता था। आज सुबह दोनों घर में अकेले थे।इसी दौरान बताया जाता है कि इनमें किसी बात को लेकर बहसबाजी हुई। बाद में दोनों डिग्गी में मृत पाए गए। थाना प्रभारी के अनुसार क्योंकि कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है, इसलिए कहा नहीं जा सकता कि इनमें से पहले कौन डिग्गी में कूदा और कौन बाद में। यह भी हो सकता है कि दोनों ने एक साथ ही डिग्गी में छलांग लगाई हो। उन्होंने बताया कि सुमन के पीहर वाले भी पहुंच गए हैं। उनकी ओर से कोई शक जाहिर नहीं किया गया है।लिहाजा मर्ग रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों की लाशें पोस्टमार्टम करवा कर उनके सुपुर्द कर दी गई।



# श्रीगंगानगर के किसान की मोहनगढ़ में संदिग्ध मौत

## बेटे ने चाचा पर लगाया हत्या का आरोप, केस दर्ज

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर के एक किसान की जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ थाना इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतक के बेटे ने अपने चाचा पर हत्या करने का आरोप लगाया है। बेटे का आरोप है कि चाचा ने उसके पिता की हत्या कर दी और लाश को फंदे पर लटककर आत्महत्या का रूप दे दिया। मोहनगढ़ पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीगंगानगर निवासी किसान हंसराज जाट (55) की मोहनगढ़ थाना इलाके में कृषि भूमि है। मोहनगढ़ से लगभग 35 किमी दूर फतेहपुर माइनर नहर के नजदीक कृषि भूमि में ही उसकी ढाणी बनी हुई है। मोहनगढ़ पुलिस के मुताबिक हंसराज ने अपनी वह जमीन काश्त करने के लिए अपने भाई बालूराम जाट को दे रखी है। पिछले कुछ समय से हंसराज अपनी जमीन बालूराम से वापस मांग रहा था जबकि वह देर नहीं रहा था। इस बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद चल रहा था।इसी विवाद के चलते परसों सोमवार शाम को हंसराज की लाश ढाणी के एक कमरे में फंदे पर लटकी हुई मिली। उसके दोनों पांव जमीन पर टिके हुए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर कार्यवाही की साथ ही हंसराज के परिवार वालों को इसकी जानकारी दी। उसके परिवारजन कल मंगलवार को मोहनगढ़ पहुंचे। हंसराज के बेटे प्रमोद ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए चाचा बालूराम पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने इस मामले को लेकर काफी देर तक मृतक के परिवारजनों से समझाया कि लेकिन वह हत्या का मुकदमा दर्ज करवाने पर अडिग रहे। बाद में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। लाश का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया, जिसे अंतिम संस्कार के लिए परिवार वालों को सौंप दिया। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# साधु कॉलोनी में नशे में युवक ने आत्मदाह किया

**श्रीगंगानगर**। स्थानीय एसएसबी रोड पर स्थित साधु कॉलोनी में शराब के नशे में एक युवक ने आत्मदाह कर लिया। घटना की जांच कर रहे जवाहरनगर थाना में एएसआई करणीसिंह ने बताया कि परसों सोमवार रात लगभग 9 सूचना मिलने पर वह मौके पर गए। साधु कॉलोनी के एक घर में एक युवक बुरी तरह से जली हुई हालत में पड़ा था,जिसे आपातकाल सेवा 108 की एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। इस युवक की कल मंगलवार को मृत्यु हो गई।उन्होंने बताया कि मृतक राजेंद्र नायक (35) अत्यधिक शराब पीने का आदी था। घटना के समय उसकी पत्नी अपने बच्चों को लेकर गुरुनानक बस्ती में अपने भाई के यहां गई हुई थी। राजेंद्र पलंबर का काम करता था। उसने शराब पीने की लत लगी हुई थी। नशे में ही खुद को आग लगा ली। उसके भाई शंकर नायक द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को सौंप दी गई।

# एक करोड़ कीमत की 14 किलो अफीम सहित ट्रक केन्टर जब्त

## गाड़ी में बनाए गुप्त स्थान में अफीम छुपा कर रहा था तस्करी

**चूरू**। जिले की भानीपुरा थाना पुलिस की टीम ने जिला विशेषदाल (डीएसटी) के सहयोग से कल रात मालसर गांव के पास एक गुजरात नंबर की ट्रक कैंटर गाड़ी से एक करोड़ रुपए कीमत की लगभग 14 किलो अफीम जब्त कर अंतर्राज्यीय तस्कर सवाईसिंह पडिहार (50) निवासी सुंदरवास थाना प्रताप नगर उदयपुर को गिरफ्तार किया है। चूरू के कुल अधीक्षक जय यादव ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल व सीओ अनिल महेश्वरी के सुपरविजन में डीएसटी के सहयोग से भानीपुरा थाना प्रभारी रायसिंह ने मेगा हाईवे मालसर फांटा पर नाकाबंदी कर सघन चैकिंग की जा रही थी।इसी दौरान सरदारशहर की तरफ से आ रहे गुजरात नंबर के एक केन्टर ट्रक को रुकवा कर तलाशी ली गई। आरोपी तस्कर ने अपनी गाड़ी को मॉडिफाई करवा कर चेसिस में गुप्त जगह बना रखी थी। जहां से पुलिस की टीम ने 13 किलो 715 ग्राम अफीम बरामद हुई,जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। एसपी यादव ने बताया कि आरोपी तस्कर सवाई सिंह बाहरी राज्यों से लाकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी किया करता है। इससे पहले भी 22 किलो अफीम के साथ आरोपी को थाना दीमापुर (नागालैंड) पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। पिछले 6 महीनों में थाना भानीपुरा पुलिस की अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध यह 12वीं बडि कार्रवाई है। इन कार्रवाई में पुलिस ने 278 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्त, 19 किलो 415 ग्राम अफीम सहित 6 वाहन जब्त कर 16 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।



## ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली युवती चिट्टा बेचते हुए गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर**। श्रीगंगानगर में जवाहरनगर थाना पुलिस ने एक ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली युवती को मौसम विभाग रोड छजगिरिया मौहल्ला के समीप अवैध रूप से हैरोइन (चिट्टा) बेचते हुए गिरफ्तार किया है। जवाहरनगर थाना में सब इंस्पेक्टर रोहतास पूनिया की टीम में कल शाम को मौसम विभाग रोड पर अवैध धंधों के लिए बदनाम छजगिरिया मौहल्ला के समीप 26 वर्षीय संदीप कौर (पत्नी लाभ सिंह) निवासी कोठा पक्की थाना हिंदूमलकोट को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास 13 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार संदीपकौर ने बताया कि वह श्रीगंगानगर में एक ब्यूटी पार्लर पर काम करती है। लक्खा नामक एक युवक उसका जानकारी है। लक्खा ही उसे हैरोइन देकर बचने के लिए भेजता है। वह उसे हैरोइन बेचने के बदले में 2 हजार रुपए का कमीशन देता है।लक्खा द्वारा दी हुई हैरोइन की वह कल शाम को छजगिरिया मौहल्ला में आने वाले नशेड़ियों को बेचने के लिए लेकर गई थी।तभी पुलिस ने पकड़ लिया। संदीप कौर के खिलाफ दर्ज किए गए एनडीपीएस एक्ट मामले की आगे जांच पुरानी आबादी में थाना में सब इंस्पेक्टर केदार लाल को दी गई है।

## मछली चोरी प्रकरण में तीन आरोपी गिरफ्तार

पीलीबंगा। पुलिस ने जोहड पायतान से मछली चोरी प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।मामले के अनुसार सुखपालसिह पुत्र रामसिह जटसिख निवासी इन्द्रगढ पुलिस थाना संगरिया ने रिपोर्ट दी कि उसने दुलमाना ग्राम पंचायत में पानी का जोहड 5 साल के लिए मछली पालन के लिए ठेका पर ले रखा है।जिसमे से पिछले कुछ समय से अज्ञात व्यक्ति मछलिया चोरी कर ले जा रहे है। विगत 31मई की मध्य रात्रि को 7-8 अज्ञात व्यक्ति पिकअप डाला में करीब 7-8 क्विंटल मछली चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर दर्ज मुकदमें में यह कार्रवाई की गई है। थानाधिकारी भूप सिंह सहारण ने बताया कि आरोपी रमनदीपसिह पुत्र स्व. गुरचरणसिह मजबीसिख(30)निवासी सरामसर, सोनू पुत्र मोहनलाल पटेल (22)निवासी आरसीपी कॉलोनी सुरतगढ,राकेश कुमार पुत्र सीताराम उर्फ रामप्रीत यादव(23)निवासी आरसीपी कॉलोनी सुरतगढ जिला श्रीगंगानगार को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।आरोपी पानी के जोहड/खड्डो में से मछली चोरी करने के आदी है। पुलिस टीम हेड कांस्टेबल प्रविन्द्र कुमार कांस्टेबल पवन कुमार शामिल रहे।

## अचानक तबियत बिगड़ने से युवक की मौत

**श्रीगंगानगर**। अचानक तबियत बिगड़ने से एक युवक की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सन्नी बलाना (26) नामक इस युवक को अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल से श्रीगंगानगर के लिए रेफर किया गया था। कल शाम श्रीगंगानगर जिला अस्पताल में लाऊ जाने के कुछ ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सनी अनूपगढ़ में एक फल फ्रूट की रेहडी लगाने वाले शख्स के पास काम करता था। वह कल दोपहर को काम कर रहा था, तभी अचानक चक्कर आने से बेहोश होकर गिर गया। जानकारी के अनुसार सन्नी अत्यधिक शराब पीने का ही आदी था। उसके परिवार वालों ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही से इनकार कर दिया। आज उसका अनूपगढ़ में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# श्रीगंगानगर कोचिंग के लिए आ रही युवती की ट्रेन से गिरने के कारण मौत

## सूरतगढ़-पीलीबंगा के बीच रंगमहल के पास हुआ हादसा

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर में कोचिंग के लिए आ रही एक युवती की आज सुबह सूरतगढ़-पीलीबंगा रेल सेक्शन पर गांव रंगमहल के रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर चलती हुई ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। हनुमानगढ़ जीआरपी पुलिस के मुताबिक मृतक युवती की पहचान निशा मीणा (25) के रूप में हुई है।निशा भरतपुर जिले में नदबई थाना क्षेत्र के गांव सुंडियाना की निवासी है, जो पिता लल्लू राम मीणा के साथ कोटा श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलगाड़ी से श्रीगंगानगर जा रही थी। उसने श्रीगंगानगर में किसी कोचिंग संस्थान में एडमिशन लेना था। आज सुबह 7:30 बजे रेलगाड़ी ने रंगमहल रेलवे स्टेशन को क्रॉस किया था, तभी निशा टॉयलेट से बाहर आई थी। टॉयलेट से बाहर आई निशा डिब्बे के गेट के पास खड़ी थी तभी रेलगाड़ी ने पटरी चेंज करते समय हिचकौला खाया,जिससे गेट खुल गया और संभल नहीं पाने के कारण निशा चलती ट्रेन से बाहर आ गिरी। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रुकवाया। पुलिस के मुताबिक चलती ट्रेन से गिरने के कारण निशा के सिर में तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर काफी गंभीर चोटे लगी। उसकी वहीं पर मृत्यु हो गई।सूचना मिलने पर जीआरपी थाना से प्रभारी मोहनलाल और हवलदार कल्याणमल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि लाश को निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम करवाने के बाद पिता लल्लूराम मीणा के सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में मर्ग रिपोर्ट दर्ज की गई है।



# ससुर की हत्या करने वाले दामाद को उम्रकैद: सीने में मारी थी गोली

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

बीकानेर। तलाक के बाद दामाद ने ससुर की हत्या कर दी। अब बीकानेर के अपर सेशन न्यायाधीश ने युवक को आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। मामला साल 2016 से अदालत में विचाराधीन था, जिस पर बुधवार को अदालत ने फैसला सुनाया। दरअसल, आरएसी में हेड कॉन्स्टेबल के रूप में तैनात भंवरलाल ने अपनी एक बेटी मंजू का विवाह प्रेम प्रकाश नामक युवक से किया था। प्रेम प्रकाश जांगलू गांव का रहने वाला था। किसी कारण मंजू का निधन हो गया। इस पर भंवरलाल ने अपनी सबसे छोटी बेटी राधा का विवाह प्रेम प्रकाश से कर दिया। आरोप है कि प्रेम प्रकाश राधा के साथ झगड़ा कर दहेज के लिए परेशान करता था। इस पर राधा ने तलाक ले लिया। तलाक लेने पर राधा का विवाह दूसरी जगह कर दिया गया। इससे नाराज होकर प्रेम प्रकाश ने भंवरलाल की हत्या कर दी। उस समय भंवरलाल आरएसी से अपनी ड्यूटी करके घर लौट रहा था। लालगढ़ रेलवे फाटक के पास उसके सीने में गोली मार दी। चार मई 2016 को इस घटना के बाद से अदालत में ये मामला चल रहा था। मामले में बड़ी संख्या में गवाह और सबूत पेश किए गए, जिसके आधार पर अदालत ने प्रेम प्रकाश के कृत्य को सजा योग्य मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी। आजीवन कारावास के साथ ही 50 हजार रुपए का अर्थ दंड तय किया गया। अर्थदंड नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अपर सेशन न्यायाधीश वमीता सिंह की अदालत ने बुधवार को ये आदेश दिए। परिवादी की ओर से ओ.पी. हर्ष ने पैरवी की। वहीं अपर लोक अभियोजक वाहिद अली सैय्यद ने राज्य की ओर से तथ्य पेश किए। अभियुक्त प्रेम प्रकाश की ओर से सजा कम से कम देने की अपील की गई लेकिन अपर लोक अभियोजक वाहिद अली ने जघन्य अपराध बताते हुए कड़ी सजा देने की दलील दी।

# तूफान ने प्रशासन की तमाम तैयारियों की पोल खोली, अधिकांश इलाकों में विद्युत आपूर्ति ठप

## » सूरतगढ़ रोड सीवरेज ठप, एसटीपी भी पड़ा है बंद

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने कहा है कि मंगलवार शाम को श्रीगंगानगर शहर में आए तूफान ने प्रशासन की मानसून पूर्व की तमाम तथाकथित और फर्जी तैयारी की पोल खोल दी है। इशश नगर परिषद,नगर विकास न्यास, सीवरेज निर्माण? और इसका संचालन करने वाली कंपनियां,विद्युत निगम और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को तूफान ने पूरी तरह से संदेह के घेरे में ला दिया है।उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम को आए तूफान के 24 घंटे बीतने के बाद भी शहर के बहुत सारे इलाकों में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई है।भयंकर गर्मी और उमस में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। विद्युत निगम की तमाम व्यवस्थाएं नाकाम साबित हुई है। श्री मगलानी ने सवाल उठाया है कि जब निगम द्वारा हर वर्ष बिजलीघरों और बिजली की लाइनों के रखरखाव के लिए कई-कई घंटे कटौती की जाती है तो ऐसे में हनुमानगढ़ मार्ग पर सीजीआर मॉल के पास बिजली के टावर कैसे गिर गए? निगम के अधिकारियों ने समय रहते क्यों नहीं देखा कि यह टावर जर्जर हालत में है और कभी भी गिर सकते हैं। यह तो गनीमत रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। इसके लिए जिम्मेवार निगम के अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ मार्ग पर दोनों तरफ स्थित अनेक कॉलोनी में कल सारी रात बिजली नहीं आई।आज दोपहर को कहीं-कहीं बिजली बहाल हुई है। यही हाल प्रेमनगर, सेतिया कॉलोनी तथा बसंती चौक के आसपास की कॉलोनियों का है।कई- कई घंटे बिजली नहीं आने के कारण घरों में लगे इनवर्टर डिस्चार्ज हो गए हैं। उमस में जहां लोगों का बेहाल है, वहीं छोटे बच्चों की हालत तो और भी ज्यादा बुरी है। विद्युत आपूर्ति ठट होने से वाटर वर्क्स भी ठप हो गए।शहर के अधिकांश इलाकों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही। जहां कहीं आपूर्ति हो भी रही है तो पानी बहुत ही गंदा आ रहा है। इसके लिए जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के अधिकारी जिम्मेवार हैं। उन्होंने कहा कि नगर विकास न्यास और नगर परिषद द्वारा नाले व नालियों की सफाई के नाम पर लोगों से वसूले टैक्स के लाखों- करोड़ों रुपए उड़ाए जा रहे हैं लेकिन कल हुई प्री मानसून की बरसात नहीं उजागर कर दिया कि इसमें भारी घोटाला हुआ है। साफ-सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। अगर प्री मानसून की बरसात में यह हाल है तो अगले दिनों में मानसून की बरसात में तो पूरा शहर ही पानी में डूब जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि 2 दिन पहले हुई बरसात के कारण सीवरेज से पानी की निकासी नहीं हुई। सूरतगढ़ रोड पर सीवरेज की में लाइन की सफाई करने में विलंब हुआ, जिस वजह से जवाहरनगर के इलाकों में पानी भर गया। लोगों के घरों में भी सीवरेज का पानी आ गया। इससे लोगों का भारी नुकसान हुआ। सूरतगढ़ बाईपास रोड एसटीपी प्लांट कई दिनों से बंद पड़ा है।उन्होंने सरकार से मांग की है कि नगर विकास न्यास, नगर परिषद, विद्युत निगम और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के क्रियाकलापों की न केवल जांच की जाए बल्कि इसमें लापरवाही तथा घोटालेबाजी करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार सिर्फ पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार की योजनाओं को समीक्षा करने के नाम पर एक-एक करके बंद कर रही है। लोगों की सुख सुविधा की तरफ सरकार का ध्यान नहीं है। भाजपा सरकार पूर्व की योजनाओं को बंद करने की बजाय लोगों को राहत देने के कदम उठाए।



# कॉटन कांपलेक्स के वंचित कर्मचारियों द्वारा समायोजन की मांग

## भाजपा विधायकों से भी लगाई गुहार

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर में हनुमानगढ़ मार्ग पर रीको उद्योग विहार में वर्ष 1990 में स्थापित किए दी गंगानगर कोऑपरेटिव कॉटन कांपलेक्स के वंचित कर्मचारियों ने एक बार फिर से सरकार से अन्य विभागों में समायोजित करने की मांग की है। यह कॉटन कांपलेक्स कुप्रबंधन तथा घाटे के कारण 10 वर्ष बाद ही वर्ष 2000 में बंद कर दिया गया था। को-ऑपरेटिव सैक्टर के इस उपक्रम के अधिकारियों तथा कुछ कर्मचारियों को सरकार ने अन्य विभागों में समायोजित कर दिया था, लेकिन 24 वर्ष बाद भी 294 कर्मचारी अभी भी समायोजन का इंतजार कर रहे हैं। कॉटन कांपलेक्स वंचित कर्मचारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मदनलाल भाटिया के नेतृत्व में अवतार सिंह, जयभगवान शर्मा, सच्चे बाबू, साबरमल सेन, अनिल गोदारा, राजाराम, मनीराम, नरेश, हरीश और धर्मेंद्र आदि के शिष्टमंडल ने जहां जिला कलेक्टर लोकबंधु को राज्य सरकार के नाम ज्ञापन दिया है,वहीं भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी और गुरवीरसिंह बराड़ से भी गुहार लगाई है। अध्यक्ष मदनलाल भाटिया ने बताया कि 28 सितंबर 2020 को तत्कालीन गहलोत सरकार के समय कैबिनेट की बैठक हुई थी, जिसमें भीलवाड़ा, गुलाबगढ़, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर की चार मिलों के वंचित कर्मचारियों को अन्य विभागों में समायोजित करने का निर्णय लिया गया था। भीलवाड़ा, गुलाबगढ़ और हनुमानगढ़ की मिलों के कर्मचारियों को तो समायोजित कर दिया गया, लेकिन पता नहीं किस कारण से श्रीगंगानगर कॉटन कांपलेक्स के वंचित 294 कर्मचारियों को अभी तक समायोजित नहीं किया गया। कुछ श्रमिकों स्वर्ग भी सिधार गए हैं। बाकी कर्मचारी दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। बड़ी मुश्किल से जीवन यापन कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1990 में आरंभ हुए कॉटन कांपलेक्स को वर्ष 2000 में नोटिस बोर्ड पर नोटिस लगाकर बंद कर दिया गया था कि मिल अब चलने में सक्षम नहीं है। माल की आपूर्ति नहीं हो रही। घाटा होने के कारण इसे बंद किया जा रहा है।नोटिस बोर्ड पर लगाया गया की फैक्ट्री एक्ट के तहत कॉटन कांपलेक्स के कर्मचारियों को ले-ऑफ दिया जाएगा, लेकिन 24 वर्ष के बाद भी फैक्ट्री के श्रमिक और कर्मचारी न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इन कर्मचारियों को ना तो आज तक भुगतान किया गया है और ना ही अन्य विभागों में समायोजित किया गया है, जबकि कॉटन परिसर और उसकी मशीनरी को बेचने से प्राप्त हुए करोड़ों रुपए सरकार के पास पड़े हैं। इसके बावजूद श्रमिकों को भुगतान नहीं किया गया है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस की सरकारें बार-बार आती-जाती रहीं,लेकिन किसी ने भी उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया।सांसद और विधायक कहते तो रहे कि उनको न्याय दिलाएंगे, लेकिन उन्होंने कभी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं उठाया।वंचित कर्मचारियों ने विधायक जयदीप बिहाणी और गुरवीर सिंह बराड से यह मामला विधानसभा में उठाने का भी आग्रह किया है।

# बालक से दुष्कृत्य करने के आरोप में युवक को 20 वर्ष की कैद

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) मामलों की विशेष अदालत (संख्या-01) के न्यायाधीश सुरेंद्र खरे ने 13 वर्षीय एक बालक से दुष्कृत्य करने का आरोप प्रमाणित पाए जाने पर आज एक युवक को 20 वर्ष की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी युवक को अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशिष्ट लोक अभियोजक गुरुचरणसिंह रूपाणा एडवोकेट ने प्रकरण के तथ्यों की जानकारी देते बताया कि श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर थाना में 19 मई 2021 को एक शख्स द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर तैयब हुसैन (20) ने उसके 13 वर्षीय बेटे से दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस शख्स ने बताया कि तैयब हुसैन 20 अप्रैल की शाम 4:30 बजे उसके बेटे को बहला फुसलाकर गांव से 5-6 मुरब्बा दूर एक खेत में लगे ट्यूबवेल के पास ले गया। तैयब ने उसके बेटे को कुएं में फेंक कर जान से मारने की धमकी दी तथा जबरदस्ती उसके साथ दुष्कृत्य किया। उसका बेटा कई दिनों तक दर्द सहन करता रहा। डर के मारे उसने यह घटना किसी को नहीं बताई। फिर 6 मई को उसने अपने मामा को फोन करके इस घटना के बारे में बताया। परिवादी के अनुसार 6 मई को उसके साले ने उसके घर आकर उसके बेटे के साथ हुई इस घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इस मामले को लेकर गांव में पंचायत हुई। पंचायत में तैयब हुसैन ने अपनी गलती मानी की वह बालक को बहला फुसला कर ले गया था और उसके साथ गलत काम किया था। घटना के समय तैयब की आयु 18 साल 4 महीने की थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अनुसंधान पूरा होने के बाद 29 जून 2021 को तैयब के खिलाफ अदालत में चालान पेश कर दिया गया। विशिष्ट लोक अभियोजक गुरुचरणसिंह रुपाणा एडवोकेट ने बताया कि अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 19 गवाह और 35 दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। बचाव पक्ष की ओर से भी चार गवाह पेश किए गए। विद्वान न्यायाधीश सुरेंद्र खरे ने आज निर्णय देते तैयब हुसैन को दोषी करार दिया। उसे पोक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत 20 वर्ष का साधारण कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माना, भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत 7 वर्ष का साधारण कारावास और 5 हजार रुपए जुर्माना तथा धारा 363 के तहत 5 वर्ष साधारण कारावास और 2 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर तैयब हुसैन को अतिरिक्त सजा काटनी होगी। उसके द्वारा कुल 17 हजार रुपए का जुर्माना जमा करवाए जाने पर पीड़िता को बतौर क्षतिपूर्ति दिया जाएगा। पीड़िता को जुर्माना राशि के अतिरिक्त प्रतिकर की अनुशंसा भी की गई है। विशिष्ट लोक अभियोजक ने बताया कि तैयब हुसैन जमानत पर रिहा था। आज अदालत ने जमानत मुचलके निरस्त करते हुए सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया।

# भूगोल विषय की फीस कम करने की मांग

» छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने स्नातक कक्षाओं में भूगोल विषय की फीस कम करने की मांग की है। बुधवार को एसएफआई के बैनर तले छात्र-छात्राओं ने इस मांग के संबंध में टाउन के राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामपाल अहरोदिया को ज्ञापन सौंपा। यश चिलाना ने बताया कि राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सत्र 2022-23 में भूगोल विषय स्ववित्त पोषण योजना (एसएफएस) के तहत शुरू किया गया था। इसके लिए 3500 रुपए फीस का निर्धारण किया गया। छात्रसंघ और एसएफआई के आंदोलन के बाद फीस घटाकर 3000 रुपए की गई। दूसरे वर्ष फीस 2000 रुपए की गई। अब तृतीय वर्ष में भूगोल विषय की कक्षाएं संचालित होंगी लेकिन भूगोल विषय में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ने के बावजूद उनसे उतनी ही फीस वसूली जा रही है। एसएफआई कार्यकर्ताओं ने विषय के व्यय के अनुसार छात्र-छात्राओं से कम फीस वसूलने की मांग की। फीस कम न किए जाने की स्थिति में एसएफआई के बैनर तले आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर मोहित कुमार, रीटा, दिया सैन, प्रियंका, पार्वती, स्नेहा, जसविन्द्र कौर, मोनिका, तमन्ना, कोमल यादव सहित कई अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पांच हजार नए सदस्य जोड़े जाने का लक्ष्य

» भारत की जनवादी नौजवान सभा की बैठक सम्पन्न



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भारत की जनवादी नौजवान सभा की बैठक बुधवार को जंक्शन में जिलाध्यक्ष देवीलाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में बग्गासिंह गिल मौजूद रहे। बैठक में हनुमानगढ़ तहसील में पांच हजार नए सदस्यों को डीवाईएफआई से जोड़े जाने का लक्ष्य तय किया गया। इसके साथ ही तहसील में 40 कमेटियां बनाई जाएंगी। बैठक में अगले माह होने वाले तहसील सम्मेलन पर चर्चा की गई। डीवाईएफआई के तहसील अध्यक्ष वेद मक्कासर ने नौजवानों से जुड़े पेपर लीक के मुद्दे पर कहा कि सरकार लगातार पेपर लीक करवा रही है। इस मुद्दे को लेकर आगामी दिनों में भारत की जनवादी नौजवान सभा आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल पैदा हुए बाढ़ के हालातों के बीच विभिन्न पार्टियों के नेता बंधों पर घूमकर फोटो खिंचवाकर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे थे। लेकिन वह सब चुनावी जुमले थे। अब चुनाव खत्म हो गया। अब फिर मानसून के दौरान घग्घर नदी में पानी की आवक होगी। शहर व गांव विकट स्थिति में हैं क्योंकि घग्घर के बंधे कमजोर होने के कारण टूट सकते हैं। घग्घर बहाव क्षेत्र की छह बीघा की चौड़ाई आज डेढ़-दो बीघा रह गई है। लेकिन अब नेता इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि नाली बहाव क्षेत्र में हुए अतिक्रमण हटाकर घग्घर नदी की चौड़ाई बढ़ाई जाए ताकि बाढ़ की स्थिति पैदा न हो। अन्यथा भारत की जनवादी नौजवान सभा आंदोलन करेगी। बैठक में मोहन लोहरा सहित डीवाईएफआई के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरसाती पानी की निकासी के लिए नगरपरिषद ने नियुक्त किए कार्मिक



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

नगरपरिषद द्वारा मानसून वर्ष 2024 के मद्देनजर भारी वर्षा की चेतावनी बाढ़/आपदा के मद्देनजर श्रीगंगानगर शहर में बरसाती पानी की निकासी हेतु व खड्डों के जल भराव का निरीक्षण करने एंव खड्डों पर संचालित मोटर पम्प के सुचारू रूप से संचालन हेतु अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नगरपरिषद सभापति गगनदीप हरविन्द्र पाण्डे द्वारा बुधवार को शहर के समस्त खड्डों (गुरूनानक बस्ती, शास्त्री बस्ती, वाल्मीकि मंदिर के नजदीक, साबुन फैक्ट्री, शीतला माता मंदिर के नजदीक, हाउसिंग बोर्ड, ट्रक यूनियन पुलिया) एवं वहां कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्मिक ड्यूटी पर उपस्थित और मोटर पम्प सुचारू अवस्था में मिले। सभापति ने बताया कि मोटर पम्प के साथ जनरेटर स्थापित किये गये है ताकि बारिश के दौरान बिजली जाने पर मोटर बंद ना हो और सुचारू रूप से जल निकासी कार्य हो सके। डीजल, तेल, स्टार्टर इत्यादि की समस्त व्यवस्था की गई है। सभापति ने बताया कि गुरूनानक बस्ती खड्डें हेतु 50 एचपी की नई मोटर व पम्प आया है, जिसे जल्द स्थापित किया जावेगा। ट्रक यूनियन पुलिया पम्प हाऊस पर नई लगाई गई 20 एचपी की मोटर को चलाकर उसका निरीक्षण किया गया। खड्डों पर जो अतिक्रमण हुए है व हो रहे है, इसके संबंध में सभापति ने चिंता व्यक्त कर बताया कि अतिक्रमण की समस्या से निजात हेतु 4 जुलाई को जिला कलक्टर से मिलेंगे और शीघ्र ही अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण के दौरान सभापति के साथ पार्षद अमित चलाना, संजय बिश्नोई, बंटी वाल्मीकि, बलजीत बेदी एंव एईएन सुमित माथुर व जेईएन जयश्री जीनगर, जितेन्द्र मीणा, अशोक हुड्डा उपस्थित रहे।

# मानसिक विकलांग महिला का इलाज कराने की मांग



**हनुमानगढ़।** चक नंबर 1 के ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को मानसिक रूप से परेशान महिला का इलाज करवाने बाबत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि चक 1 के वार्ड नंबर 9 में रहने वाली विधादेवी नाम की महिला रहती है जो कि मानसिक रूप से विकलांग है। उक्त महिला अपने घर की छत पर जाकर गाली गलोच करती है, जिससे समस्त ग्रामवासी परेशान है। उक्त महिला के घर परिवार वाले भी इसे नही संभालते है। पुलिस थाना में जाकर उसके खिलाफ प्रार्थना पंत्र भी दिया तो उक्त महिला शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान करती है। गांव/चकों के बच्चे स्कूल जाते हैं तो उनको मारने को दौडती है। ग्रामीण जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर उक्त महिला को किसी आश्रम में भिजवाने की मांग की है ताकि गांव में शांति बनी रहे। इस मौके पर अंग्रेज सिंह, शेराराम, सुखदेव, हंसराज, मंगल सिंह, ओमप्रकाश, सुनील कुमार, मलकीत, धोलूराम, महेंद्र, राजाराम, बसंत सिंह व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की शिकायत, जांच करवाने की मांग

» मुख्यमंत्री को प्रेषित किया पत्र

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



गांव मोहनमगरिया व हरीपुरा में स्थित वाटर वर्क्स का अधूरा निर्माण कार्य पूरा करवाने, निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाने तथा वार्ड 4 व 5 में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करवाने के लिए पाइप लाइन बिछवाने की मांग के संबंध में गांव मोहनमगरिया निवासी जय श्रीराम पुत्र भागीरथ ने बुधवार को मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया। जय श्रीराम ने बताया कि गांव मोहनमगरिया व हरीपुरा में सरकारी वाटरवर्क्स का निर्माण कार्य ठेकेदार की ओर से अधूरा छोड़ दिया गया है। गांव में सार्वजनिक वाटर वर्क्स के निर्माण में भारी स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। ठेकेदार की ओर से ठेका अवधि में निर्माण कार्य पूरा नहीं करवाया गया। वार्ड 4 व 5 में पीने के पानी की काफी समस्या है। भीषण गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए दोनों वार्डों में पाइप लाइन बिछवाई जानी आवश्यक है ताकि दोनों वार्डों के ग्रामीणों को पीने का पानी समुचित मात्रा में प्राप्त हो सके। जय श्रीराम के अनुसार उसने व ग्रामीणों ने इस समस्या के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई बार लिखित में अवगत करवाया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जय श्रीराम ने चेतावनी दी कि अगर मांग के अनुसार उक्त कार्य प्रशासन की ओर से नहीं करवाए जाते हैं तो वह अन्न-जल त्याग कर भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होगा।

# विशेष टीम बनाकर पेंडिंग प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश

» एसपी ने एएसपी-सीओ के साथ की समीक्षा बैठक



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की ओर से बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में विशेष तौर पर लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में दर्ज होने वाले आईपीसी 363 के प्रकरणों में विवेचना कर लड़कियों को किस तरह से प्रयास कर दस्तयाब किया जा सकता है, इसके संबंध में चर्चा हुई। इसके साथ-साथ एक साल से पेंडिंग प्रकरण, जिनमें अनुसंधान पूर्ण हो चुका है लेकिन अपराधी की गिरफ्तारी शेष है। ऐसे प्रकरणों में विशेष टीम बनाकर इन प्रकरणों का निस्तारण किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में सामान्य अपराध के आंकड़ों की भी समीक्षा करते हुए एसपी की ओर से एडिशनल एसपी व सीओ को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें निरंतर थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एएसपी नीलम चौधरी, सीओ राहुल यादव, रणवीर साईं, पुलिस निरीक्षक सुभाष कच्छावा सहित अन्य उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

# राकेश मीना और अक्षय कुमार का शोध पत्र इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हुआ





**हनुमानगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जंडावाली हनुमानगढ़ में कार्यरत पुस्तकाल्याध्यक्ष राकेश मीना और जोधपुर के अक्षय कुमार ने साथ मिलकर शीर्षक - (A CONCEPTUAL STUDY ON THE ROLE OF LIBRARY ASSOCIATION IN INDIA) पर शोध-पत्र (Research Paper) लिखा है और आपके शोध-पत्र - प्रिंटिंग एरिया ( A Interdisciplinary, Peer Reviewed Research) नामक इंटरनेशनल जर्नल में हर्षवर्धन पब्लिकेशन, महाराष्ट्र द्वारा पब्लिश्ड किया गया है, साथ ही राकेश मीना और अक्षय ने बताया की आपके रिसर्च पेपर में भारत के पुस्तकालय संघो का अवधारणात्मक और विश्लेषणात्मक भूमिका का अध्ययन है और आप दोनों की शोध ( Research) के प्रति रूचि होने के कारण आपके कई आलेख राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय पत्रिकाओं में पब्लिश हो चुके है और आपने कई राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय सेमिनार और कांफ्रेंस में भी भाग लिया है और राकेश मीना और अक्षय कुमार ने लाइब्रेरियन और UGC/NTA - NET जैसी परीक्षाओं को कई बार पास किया है।

# तलाक के बाद न लौटाया स्त्रीधन और न ही दी भरण-पोषण की राशि

» तलाकशुदा महिला ने पूर्व पति के खिलाफ दर्ज करवाया मुकदमा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

एक तलाकशुदा महिला ने अपने पूर्व पति पर तलाक के बाद स्त्रीधन नहीं लौटाने और न ही भरण-पोषण राशि देने का आरोप लगाते हुए इस्तगासे के जरिए जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सुमन पत्नी माडूराम भाट निवासी वार्ड 40, सुरेशिया, जंक्शन ने इस्तगासे में बताया कि उसका विवाह माडूराम पुत्र पटवारीराम भाट निवासी अरनियावाली जिला फाजिल्का हाल निवासी बागो पुराना जिला मोगा पंजाब के साथ 19 मार्च 2013 को हुआ था। उसके एक पुत्र है। विवाह के कुछ समय बाद ही उसके पति माडूराम सहित ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। उसका व उसके पति का लड़ाई-झगड़ा रोजमर्रा की तरह हो गया। इस कारण उसका अपने पति के साथ एक छत के नीचे बसना सम्भव नहीं था। रोज-रोज की बातों व लड़ाई-झगड़े से तंग आकर उसने अपने पति से 18 नवंबर 2016 को स्टाम्प पर तलाक ले लिया व न्यायालय से डिक्री नहीं करवाई। ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका स्त्रीधन प्रेस, पंखा, चार कुर्सी, प्लास्टिक का मेज, कूलर, बैड, अलमारी, बर्तन, 25 तौला चांदी के जेवरात, 25 तौला चांदी की पाजेब, डेढ़ तौला सोन के आभूषण व अन्य घरेलू सामान व एकमुश्त भरण पोषण राशि देने की बात कही थी लेकिन अभी तक न तो उसे अपना स्त्रीधन प्राप्त हुआ है और न ही भरण पोषण की राशि प्राप्त हुई। इस सम्बन्ध में पंचायती करवाने वाले कृष्णलाल, कालूराम को भी कहा तो दोनों ने माडूराम को स्त्रीधन व भरण पोषण राशि देने की बात कही। माडूराम ने दो माह का समय मांगा।

उसने दो माह बाद पुनः स्त्रीधन व भरण पोषण राशि की मांग की तो माडूराम ने स्त्रीधन का सामान लौटाने व भरण पोषण की राशि देने से स्पष्ट इन्कार कर दिया। पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में प्रकरण दर्ज कर तफ्तीश सुरेशिया पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई जसकरण सिंह को सौंपी है।

## पोस्त छोड़कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्त में

**हनुमानगढ़।** टिब्बी थाना पुलिस ने पोस्त छोड़कर फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी करीब एक माह से अधिक समय से फरार चल रहा था। टिब्बी पुलिस थाना प्रभारी एसआई जगदीश पाण्डर ने बताया कि 27 मई को संगरिया पुलिस थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने गश्त के दौरान रोही हरिपुरा में पोल्ट्री फार्म के नजदीक कार्रवाई करते हुए 11 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया। मौके से मनप्रीत सिंह उर्फ बंशा भागने में सफल हो गया। उसके खिलाफ संगरिया पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच टिब्बी थाना पुलिस को सौंपी गई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध) राजस्थान जयपुर की ओर से अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए बुधवार को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में वांछित आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ बंशा (25) पुत्र भोलासिंह मजहबी निवासी वार्ड एक, गांव हरिपुरा पीएस संगरिया को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से अनुसंधान जारी है।



# गोपीचंद की आगामी फिल्म में एक्शन अवतार में नजर आएंगे सनी देओल

मसाला फिल्मों के सफल निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की आगामी फिल्म एसडीजीएम का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के निर्देशक की इस फिल्म को लेकर पूरे भारत में उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की घोषणा होने के बाद से दर्शक इस फिल्म से जुड़ी हर बड़ी-छोटी जानकारी पर लगातार निगाहें टिकाए हुए हैं। फिल्म में हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता सनी देओल नजर आने वाले है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू भी हो चुकी है, जिसकी जानकारी निर्माताओं द्वारा हाल में ही दी गई थी। फिल्म को लेकर अफवाहों का बाजार काफी गर्म है, जिसको लेकर निर्देशक ने बीते दिनों बात भी की थी। अब फिल्म को लेकर एक और नई जानकारी सामने आई है। इस फिल्म के निर्देशक और अभिनेता की जोड़ी काफी दिलचस्प है। गोपीचंद मास फिल्मों के सफल निर्देशक हैं। वहीं, सनी देओल मास तथा एक्शन फिल्मों के जाने-माने अभिनेता हैं। ऐसे में दर्शकों को पर्दे पर पैसा वसूल मनोरंजक फिल्म देखने को मिल सकती है। जैसे-जैसे फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फिल्म को लेकर नए-नए दावे किए जा रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में निर्देशक सनी देओल को पहले से काफी अलग और बड़े अवतार में पेश करने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म में सनी देओल के कुछ मशहूर डायलॉग्स को फिर से पर्दे पर जिंदा किया जाएगा।

गोपीचंद अपनी फिल्मों में एक्शन काफी अच्छे से दिखाते हैं, ऐसे में उनकी फिल्म में सनी देओल को एक बार फिर एक्शन अवतार में देखना दर्शको के लिए काफी दिलचस्प होने वाला है। बात करें एसडीजीएम की तो इसमें मुख्य अभिनेत्री के तौर पर सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा को चुना गया है। टॉलीवुड के प्रमुख प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री इस फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। थमन एस फिल्म के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। ऋषि पंजाबी सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं और नवीन नूली संपादन का काम देख रहे हैं। साथ ही अविनाश कोल्ला प्रोडक्शन डिजाइनिंग कर रहे हैं।








# बॉलीवुड में चमकता सितारा बन कर उभरी ये अभिनेत्रियां

## साउथ फिल्मों से किया करियर का शुभारंभ

हिंदी सिनेमा में आज अपने अदाकारी का लोहा मनवा रही कई दिग्गज अभिनेत्रियों ने अपने करियर की शुरुआत साउथ की फिल्मों से की थी। इन्होंने दक्षिण की फिल्मों से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा और फिर बॉलीवुड में छा गई। आज हम उन्हीं अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिनके अभिनय की शुरुआत साउथ से हुई पर राज उन्होंने हिंदी सिनेमा उद्योग में किया।

### प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की गिनती आज विश्व की मशहूर अभिनेत्रियों में होती है। अभिनेत्री ने मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता जीतने के बाद अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने बतौर अभिनेत्री साउथ की फिल्म 'थामीजान' में अभिनय किया।

### कृति सैनन



इस लिस्ट में अभिनेत्री कृति सैनन भी शामिल हैं। कृति ने महेश बाबू की फिल्म नेनोक्कादीन से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'हीरोपंती' से बॉलीवुड में डेब्यू किया।

### तापसी पन्नू

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपने करियर की शुरुआत साउथ की फिल्म 'झुम्माण्डि नादां' से की थी। दक्षिण भारत की कई सुपरहिट फिल्मों में उन्होंने काम करने के बाद बॉलीवुड का रुख किया। बॉलीवुड में भी वह अपने अभिनय कौशल के चलते एक चमकता हुआ सितारा बनी हुई हैं।

### यामी गौतम

'आर्टिकल 370' की अभिनेत्री यामी गौतम की पहली फिल्म कन्नड़ की उल्लास उत्साह थी। इसके बाद अभिनेत्री कई बॉलीवुड फिल्मों में आई। यामी की अदाकारी के लिए उन्हें काफी सराहना मिलती है।

### दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड की सुपरस्टार अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने साल 2016 में आई साउथ की फिल्म 'ऐश्वर्या' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया।

### तब्बू



दिग्गज अभिनेत्री तब्बू ने साल 1991 में आई तेलुगु फिल्म 'कुली नंबर-1' से किया था। हालांकि, इससे पहले वह बतौर बाल कलाकार साल 1985 में आई फिल्म 'हम नौजवान' में भी अभिनय कर चुकी थीं।



# करीना की द बकिंघम मर्डर्स को मिली रिलीज डेट

हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को रिलीज डेट मिल गई है। आज बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इसकी रिलीज से पर्दा उठाया है। यह मर्डर मिस्ट्री फिल्म इस साल सितंबर में रिलीज होगी। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, हम द बकिंघम मर्डर्सकी रिलीज डेट का एलान करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके साथ फिल्म से करीना कपूर का पोस्टर भी साझा किया है।

ओटीटी रिलीज के लग रहे थे कयास द बकिंघम मर्डर्स का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर हुआ था, जिसक खूब तारीफ हुई। इसके अलावा मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। इस फिल्म में करीना कपूर एक जासूस महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम जस भामरा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी, लेकिन अब सामने आई जानकारी में फिल्म थिएटर्स में देखी जा सकेगी।

द बकिंघम मर्डर्स से करीना कपूर खान बतौर प्रोड्यूसर भी डेब्यू कर रही हैं। वह इसकी सह-निर्माता हैं। शोभा कपूर, एकता कपूर और करीना कपूर खान के साथ बालाजी टेलीफिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में करीना के साथ साथ ऐश टंडन, रणवीर बराड़ और कीथ एलन जैसे दमदार सितारे हैं। फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद दर्शक खुशी जता रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, इस फिल्म को लेकर अलग तरह का एक्साइटमेंट है। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, कुछ अच्छा आने वाला है।



# मैं यही चाहती थीं कि लोग मेरे काम के बारे में बात करें

तृप्ति डिमरी की नई फिल्म बैड न्यूज का ट्रेलर जारी हो चुका है। इस फिल्म में तृप्ति डिमरी के साथ-साथ विक्की कौशल और एमी विर्क ने भी अभिनय किया है। ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम के दौरान तृप्ति डिमरी ने नेशनल क्रश कहे जाने को लेकर अपनी बात रखी। नई-पुरानी सभी फिल्मों में दर्शकों से खूब प्यार मिला मीडिया से हुए सवाल-जवाब के दौरान तृप्ति डिमरी से पूछा गया कि वो इस चीज को किस तरह से देखती हैं कि अभिनेत्री के फिल्म में किए गए अभिनय की तारीफ ना करके उसे नेशनल क्रश का खिताब दे दिया जाता है। जवाब में तृप्ति ने कहा कि उनका अनुभव अलग तरह का रहा है। उन्होंने इसके लिए भगवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने अपने करियर में जितनी भी फिल्मों में काम किया है, चाहे वे पुरानी फिल्में हों या फिर हाल ही में रिलीज हुई, उन्हें दर्शकों की ओर से बहुत प्यार मिला है।

तृप्ति ने कहा कि लोगों ने उनके काम को पसंद किया है। बता दें कि एनिमल फिल्म के रिलीज होने के बाद से तृप्ति डिमरी को नेशनल क्रश कहा जाने लगा था।

तृप्ति डिमरी ने कहा कि जब वो इंडस्ट्री में आई थीं, तो वो यही चाहती थीं कि लोग उनके काम के बारे में बात करें। किसी और चीज के बारे में नहीं। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से, जब-जब उनकी फिल्म रिलीज हुई तो दर्शकों ने उनके काम को लेकर बातें की। मालूम हो कि बैड न्यूज एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है, जो 19 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन आनंद तिवारी ने किया है।



# वक्त आने पर जरूर बनेगी चाणक्य फिलहाल यह फिल्म होल्ड है

अजय देवगन को फिल्म उद्योग में आए 34 साल हो चुके हैं। इन 34 सालों में उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों को दर्शकों के सामने पेश किया है। उनका अपना एक अलग दर्शक वर्ग है जो लगातार उनकी फिल्मों को देखना पसन्द करता है। फिल्म उद्योग का हर बड़ा निर्माता निर्देशक अजय देवगन के साथ काम करना चाहता है। एक समय पर अक्षय कुमार के साथ फिल्में बनाने वाले निर्देशक नीरज पांडे ने भी एक बार अजय देवगन को लेकर बड़े स्तर पर चाणक्य नामक फिल्म बनाने का ऐलान किया था। लेकिन यह फिल्म बन नहीं पाई। कहा गया कि यह फिल्म अब कभी नहीं बनेगी इसे पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। लेकिन हाल ही में नीरज पांडे ने एक साक्षात्कार में इस बात की पुष्टि की है कि फिल्म बंद नहीं हुई है यह बनेगी जरूर, पर फिलहाल इसे होल्ड पर रखा गया है। गौरतलब है कि अजय देवगन को लेकर चाणक्य बनाने वाले निर्देशक नीरज पांडे ने चाणक्य को होल्ड करके अजय देवगन के साथ औरों में कहाँ दम था का निर्माण व निर्देशन किया है। फिल्म आगामी शुक्रवार 5 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। नीरज ने एक इंटरव्यू में अपनी फिल्मों को लेकर कई बातें शेयर कीं। जब नीरज से उनकी फिल्म 'चाणक्य' के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कई कारणों से वह फिल्म नहीं बन पाई है। फिलहाल हमने उसे होल्ड पर डाल दिया है। मुझे लगता है कि काफी समय से हममें एक गिल्ट सा था कि एक प्रोजेक्ट में हमने अपना काफी समय दे दिया है और वह प्रोजेक्ट बन नहीं पाया। फिर मैंने यह फिल्म बना ली। इस फिल्म के लिए वहीं से बातचीत शुरू हुई थी। मेरे पास यह कहानी थी। कलाकारों को सुनाई और फिल्म शुरू हो गई। यह कहानी कोलकाता में मेरे बड़े होने के दौरान का एक अहम हिस्सा रही है। इस कहानी का एक हद तक श्रेय मैं अपनी जन्मस्थली को दूंगा। मैंने कभी नहीं सोचा कि वह घटना कभी कहानी में परिवर्तित होगी या एक दिन उस पर स्क्रिप्ट लिखूंगा। घटना के बारे में नहीं बता सकता वरना फिल्म का मजा खराब हो जाएगा।





# मैं कॉमेडी जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहता था इसलिए बैड न्यूज को किया हां

विक्की कौशल अपनी अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वो तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं। इसमें कॉमेडी के साथ-साथ रोमांस का भी तड़का देखने को मिलेगा। फिल्म को करने के पीछे की वजह बताते हुए एक्टर ने कहा है कि उन्होंने इस मूवी के लिए इसलिए हामी भरी, क्योंकि वह कॉमेडी जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहते थे। वह ऐसा कुछ करना चाहते थे, जो उन्होंने पहले नहीं किया है। एक्टर ने कॉमेडी फिल्म की शूटिंग के एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने कहा कि इस जॉनर में पहली बार काम करने के बावजूद उन्हें इसमें काफी सहजता महसूस हुई।

विक्की ने कहा, मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग घर पर होने जैसा था। आनंद तिवारी और करण जौहर के साथ काम करना काफी अच्छा रहा, साथ ही स्क्रिप्ट भी बहुत अच्छी थी। फिल्म का कॉन्सेप्ट मुझे नया लगा और इसमें कॉमेडी भरपूर है, हालांकि मैंने बतौर एक्टर कॉमेडी जॉनर को ज्यादा एक्सप्लोर नहीं किया है। फिल्म डायरेक्टर आनंद तिवारी के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा, एक बेहतरीन एक्टर होने के अलावा, वह एक शानदार डायरेक्टर भी हैं, खासकर जब कॉमेडी की बात आती है, तो उनसे बेहतर एक्टर कोई नहीं हैं। एक्टर ने आगे कहा, मेरे लिए यह कुछ नया भी था। सीन में जिस तरह की एनर्जी दिखाने की जरूरत होती है, वह मुझे सेट से मिली। मैं एक फैमिली के साथ काम कर रहा था, जो मायने काफी रखता है, क्योंकि मैंने कॉमेडी जॉनर में न के बराबर काम किया है और बहुत सी चीजें मेरे लिए नई थीं। इसलिए, बिना ज्यादा सोचे-समझे, मैंने इनके सामने सरेंडर कर दिया। फिल्म का डायरेक्शन आनंद तिवारी ने किया है। वहीं स्क्रिप्ट तरुम डुडेजा और इशिता मोइत्रा ने मिलकर लिखी है। यह अमेजन प्राइम और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा लियो मीडिया कलेक्टिव के सहयोग से प्रस्तुत की जा रही है।

फिल्म में विक्की कौशल के अलावा तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी हैं। वहीं नेहा धूपिया भी अहम रोल में हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में तृप्ति ने सलोनी नाम की लड़की का किरदार निभाया है, जो प्रेग्नेंट है, लेकिन बच्चे का बाप कौन है, इसको लेकर कन्फ्यूजन में हैं। जब यह बात वह विक्की कौशल को बताती हैं, तो वह काफी खुश होते है कि वह पापा बनने वाले हैं। इसी बीच विक्की को पता चलता है कि तृप्ति का एमी विर्क के साथ भी रिलेशन है। वह उसके साथ भी कमिटेड हुई थी। विक्की कौशल, अखिल चड्ढा और एमी विर्क, गुरबीर पाजी के रोल में हैं। पिता का पता लगाने के लिए तृप्ति डॉक्टर की सलाह पर दोनों का पैटर्निटी टेस्ट करवाती हैं, तो पता चलता है कि दोनों ही बच्चे के बाप है। यहां से कहानी और दिलचस्प हो जाती हैं। दोनों सलोनी को यह साबित करने में जुट जाते हैं कि वह एक बेस्ट फादर हैं। बैड न्यूज 19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# कल्कि 2898 एडी में सुमति के लिए शोभिता ने दी अपनी आवाज



कल्कि 2898 एडी ने एक बार फिर से सिनेमाघरों की रौनक वापस ला दी है। पिछले कई महीने से बॉक्स ऑफिस पर कोई भी फिल्म बंपर कमाई नहीं कर पा रही थी, लेकिन अब नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने टिकट खिड़की का सूखा खत्म कर दिया है। फिल्म ने सबसे अधिक तेलुगू भाषा में इसने कलेक्शन किया है। अब फिल्म को तेलुगू भाषा में सुमति बनी दीपिका पादुकोण को शोभिता ने अपनी आवाज दी थी। अभिनेत्री ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी है यानी तेलुगू में दीपिका को जब आप डायलॉग बोलते सुनेंगे तो वो दरअसल शोभिता की आवाज है।

# बीत रहा है मूंग-ग्वार बिजाई का समय, 70 प्रतिशत खेत खाली सरकार व प्रशासन संजीदा नहीं होने का आरोप

तेज. रिपोर्टर| श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर जिले में गंगनहर में तय शेयर से कम चल रहे पानी की स्थिति को देखते हुए आज ग्रामीण किसान मजदूर समिति (जीकेएस) की टीम प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह राजू व गंगनहर प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंद्रसिंह गिल के नेतृत्व में पंजाब दौरे पर रही । जीकेएस टीम ने पंजाब में आरडी 45 से हुसैनीवाला हैड तक पुरानी बीकानेर कैनाल नहर के साथ - साथ पैदल चलकर विशेष निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने देखा कि पुरानी बीकानेर कैनाल 300 से 400 क्यूसेक पानी और लिया जा सकता है लेकिन गंगानगर का सिंचाई विभाग, प्रशासन व राज्य सरकार गंगनहर में पूरा पानी लेने के लिए बिल्कुल भी गंभीर नहीं है।जीकेएस के प्रदेशाध्यक्ष रणजीतसिंह राजू ने राज्य सरकार, सिंचाई विभाग व प्रशासन पर 27 जून को हुए समझौते को जानबूझकर अनदेखा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गंगनहर क्षेत्र का किसान आज़ खून के आंसू पीने के लिए मजबूर हो रहा है। सभी नहरों पर तीन-तीन बारियां पानी की ख़ाली जा रही हैं । राजू ने कहा कि सिंचाई विभाग के 27 जून को हुए समझौते में पुरानी बीकानेर कैनाल के पटड़ों पर मिट्टी डालकर दुरुस्त करके का वादा किया था, लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारी वातानुकूलित कमरों का मोह नहीं छोड़ रहे है।उन्हें गंगनहर के किसानों की बिलकुल भी परवाह नहीं है।मूंग और ग्वार बिजाई का समय निकलता जा रहा है लेकिन राज्य सरकार समेत पूरी मशीनरी हाथ पर हाथ धरे बैठी है । राजू ने कहा कि सता पक्ष के दो विधायक किसानों से हुए समझौते में शामिल थे। सादुलशहर विधायक गुरवीरसिंह बराड़ ने 27 जून को किसानों की सभा में आकर दावा किया था कि गंगनहर में पूरा पानी लेने के लिए सरकार गंभीर है। अगर गंगनहर में पानी पूरा ना हुए तो वे जयपुर और दिल्ली तक जाएंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री से भी वार्ता करेंगे। किसानों की सभा में आंदोलनरत किसानों ने विधायक की बात का भरोसा किया लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी पानी पूरा नहीं होने पर किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। राजू ने बताया कि सिंचाई विभाग से गंगनहर में पानी पूरा करवाने की बात तो करते हैं साथ बारिश आने का अनुमान लगा जिम्मेदारी से बच रह हैं। हरविन्द्र सिंह गिल ने कहा कि हमारी जमीन सिंचित है, बारानी नहीं। हमारे हिस्से का पूरा पानी उपलब्ध करवाने की जिम्मेवारी सिंचाई विभाग, प्रशासन व राज्य सरकार की है। राजू ने राज्य सरकार व सिंचाई विभाग से पुरानी बीकानेर केनाल के पटड़ों पर मिट्टी डालकर मजबूत कर गंगनहर में पानी पूरा करवाने की मांग की है। टीम में जीकेएस प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह शेरगिल, हैप्पी सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी अर्शदीप बाठ, युवा जिलाध्यक्ष सुनील बिश्नोई शामिल रहे।

**जीकेएस टीम पंजाब के सिंचाई अधिकारियों से मिली**

जीकेएस टीम पंजाब में बीकानेर केनाल के निरीक्षण के बाद पंजाब सिंचाई विभाग के अधिकारी- एसडीओ राजिन्द्रपाल गोयल से मिली जो पुरानी बीकानेर कैनाल कि देखरेख करते हैं।उन्हें गंगनहर क्षेत्र में जोहड़ और डिग्गियों में पानी सूखने का हवाला देते हुए गंगनहर में पानी बढ़वाने की मांग की। उन्होंने राजस्थान के गंगनहर के किसानों के लिए पेयजल संकट को देखते हुए पुरानी बीकानेर कैनाल में 250 क्यूसेक पानी बढ़ाने पर सहमति जताई।करीब 150क्यूसेक पानी उसी समय बढ़ाकर1250 क्यूसेक कर दिया जो पहले 1100 क्यूसेक था। लगभग 100 क्यूसेक पानी आज रात तक बढ़ाने का अश्वासन दिया।जीकेएस प्रदेशाध्यक्ष राजू ने बताया कि जो कार्य सिंचाई विभाग व राजस्थान सरकार को करने चाहिए वे किसान खुद कर रहे हैं।

## 5 जुलाई को प्रदर्शन

गंगनहर के किसानों का गंगासिंह चौक पर सिंचाई विभाग के कार्यालय के सामने 27 जून से लगातार धरना जारी है । धरने पर हर रोज किसान अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं। जीकेएस प्रदेशाध्यक्ष रणजीत राजू ने बताया कि आज जीकेएस टीम ने पंजाब क्षेत्र में पुरानी बीकानेर कैनाल का निरीक्षण किया। कल वीरवार को प्रशासन व सिंचाई विभाग से 27 जून को किसानों से हुए समझौते की पालना ना करने संबंधित सवाल - जवाब करेगी। 5 जुलाई को आंदोलन के आह्वान के बारे में कल प्रशासन से मिलने के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी।

# श्री राधा कृष्ण गौशाला देईदास में अपने पूर्वजों की स्मृति में डिग्गी निर्माण एवं आटा चक्की भेंट

तेज. रिपोर्टर| थालड़का



ग्राम पंचायत देईदास की श्री राधा कृष्ण गौशाला देईदास भामाशाह एवं समाजसेवी सन्जन कुमार चाचाण (नोहर) ने अपने माता-पिता स्व. जगदीश चाचाण और स्व. कृष्णा देवी चाचाण भादगार में श्री राधा कृष्ण गौशाला देईदास गायो के पीने के लिए पानी की बड़ी डिग्गी का निर्माण करवाया गया और साथ ही गौशाला में एक आटा चक्की भेंट की गई। इस मौके पर भामाशाह एवं समाजसेवी सन्जन कुमार चाचाण ने कहा कि दान देने से कोई दान नहीं घटता है। और जो लोग गौशाला में समय-समय दान करते हैं। उससे बड़ा कोई दान नहीं है। गोमाता में 36 करोड़ देवी देवता निवास करते हैं। इस मौके पर गौशाला कमेटी एवं ग्रामीणों की तरफ से चाचाण परिवार का आभार व्यक्त किया गया। इस मोके पर गौशाला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सहारण, कोषाध्यक्ष रामजीलाल कड़वासरा, सचीव देवीलाल घिटांला, हरदत कड़वासरा, जयसिंह कड़वासरा, बलराम न्यौल, रामजीलाल न्यौल, देवीलाल मोल, रामचन्द्र घिटाला, रावत सिह राजपूत, त्रिलोक ईसराम, रामकुमार लाखलाण, लादूराम कड़वासरा, (मनीवाय नाई भामाशाह) श्रवण कुमार बराला, ओमप्रकाश लाखलाण, ओमप्रकाश खाती, हरदेवाराम बराला, नीमचनाराम महरिया, दलीप कराला, देवीलाल खाली (अशोक चाचान नोहर) एवं कभी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को ट्रेनिंग देकर बताया व्यवहारिक कौशल का महत्व

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



पंचायत समिति सभागार में बुधवार को आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ट्रेनिंग हुई। ममता एचआईएमसी संस्थान के तत्वाधान में जागृति परियोजना के तहत आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को केंद्र पर एवम आमजन के साथ व्यवहार कौशल एवं आर्थिक साक्षरता के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। डायग्राम के माध्यम से छोटे बच्चों के साथ रोचक गतिविधियां आयोजित करने एवं उन्हें मानसिक स्वास्थ्य रूप से मजबूत करने के टिप्स बताए गए। इस मौके पर खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अरोड़ा और बीपीओ राकेश जोशी ने ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का लाभ उठाते हुए उन्हें व्यावहारिक रूप से उपयोग में लेने और उसका लाभ आमजन को देने के बारे में प्रशिक्षित किया। ममता संस्थान की ओर से मनीष एडवर्ड, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर आशीष कुमार,ब्लॉक सुपरवाइजर दीपिका एवम कुलविंदर कौर सहित फील्ड वर्कर मौजूद रहे।

# शहरी पीएचसी वार्ड नं. 4-5 कायाकल्प पुरस्कार से सम्मानित

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा कायाकल्प पुरस्कार से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, वार्ड नं. 4 व 5, श्रीगंगानगर को सम्मानित किया गया है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. कपिल सेतिया ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ाने के लिए अनेक स्तरों पर काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को सराहा भी जाता है। इसी के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, वार्ड नं. 4 व 5 आरोग्य मंदिर, श्रीगंगानगर को कायाकल्प विनर अवार्ड से नवाज़ा गया है। उन्होंने बताया कि 187 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में से डिविजन वाइज 6 को विनर अवार्ड मिला है, जिसमें से बीकानेर डिवीजन में 98.75 अंक द्वारा यूपीएससी वार्ड नं. 4 व 5, श्रीगंगानगर को फर्स्ट रैंक मिला है, जिससे श्रीगंगानगर का गौरव बढ़ा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान सार्वजनिक स्थानों पर सफाई को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। कार्यक्रम में तीन चरण आंतरिक मूल्यांकन, सहकर्मी मूल्यांकन एवं एक्सटर्नल मूल्यांकन है। अस्पताल का रखरखाव स्वच्छता और सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सहायक सेवाएं एवं स्वच्छता संवर्धन मानदंड के आधार पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, वार्ड नं. 4 व 5, श्रीगंगानगर को उक्त पुरस्कार मिला है। डॉ. कपिल सेतिया ने कहा कि यूपीएससी वार्ड नं. 4 व 5, श्रीगंगानगर द्वारा उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की जा रही है तथा इसका श्रेय उन्होंने चिकित्सालय स्टाफ की कड़ी मेहनत को देते हुए भविष्य में भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का विश्वास दिलाया है।

# डबली वास पेमा पंचायत के सार्वजनिक स्थानों पर युवा टीम ने किया पौधारोपण

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



पंचायत डबली वास पेमा के 14 जे आर के (बी) के प्राइमरी स्कूल व पशु चिकित्सालय में युवा टीम द्वारा 15 पेड़ पौधे लगाए गए। टीम ने पौधो की सेफ्टी के लिए ट्री गार्ड के स्थान पा कंटीली झाड़ियों से पेड़ पौधे की सेफ्टी करके सार संभाल का भी जिम्मा उठाया। वही ग्राम सौन्दर्यकरण के तहत अंबेडकर नवयुवक समिति ने मुहिम चलाते हुए ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया। इस मौके पर जयकिशन नाई, नौरंग लाल डूडी, राजू मुस्कान, सतपाल भादू, मनफूल वर्मा, विक्रम बाजीगर, डॉ. चांदराम वर्मा, विकास बाजीगर, हर्ष भादू, अनिल सीगड़ मौजूद थे। वही चेना वास की श्मशान भूमि में बावरी समाज युवा टीम द्वारा आपसी जनसहयोग से राशि इकट्ठा करके 900 फीट एक इंची पेयजल पाइप दबाई गई, जिससे कल्याण भूमि में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था हो गई है। इसके अलावा समाज की युवा टीम ने कल्याण भूमि के सौन्दर्यकरण के तहत छायादार, फूलदार पौधे भी लगाए। टीम के सुखदेव सिंह, जगदीश मिस्त्री, जयसिंह मिस्त्री, मलकीत सिंह, नानक सिंह, कृष्ण लाल सोलंकी, रमेश डीजे आदि ने सेवा कार्य किया।

# सन्त महन्तों ने सादुलपुर में आयुष्मान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया

तेज. सादुलपुर | मदनमोहन



राजगढ़ बस स्टैंड के निकट नवस्थापित आयुष्मान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन समारोह मंगलवार की शाम को संपन्न हुआ। ढाणा मठ के महंत केशवनाथ सहित अन्य संत महंत निर्मल नाथ, कृष्ण नाथ, संपत नाथ के साथ हरियाणा के सपरा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. तरुण सपरा, पूर्व विधायक नन्दलाल पूनियां तथा खाद्य पदार्थ व्यापार समिति के अध्यक्ष राधेश्याम डोकवेवाला ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल निदेशक जेपी कलाल ने जन आकांक्षाओं के अनुरूप चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के बात कहीं। उन्होंने बताया कि यहां पर सर्जन डॉक्टर अल्केश कुमार तथा गायनी डॉक्टर गुलाब कुमारी की सेवाएं सोनोग्राफी सुविधा और नवीनतम तकनीकी लैब के साथ दिन रात उपलब्ध रहेगी।

इसके अलावा नवजात और छोटे बच्चों की बीमारियों से संबंधित आवश्यक उपकरण भी मौजूद रहेंगे। इससे पूर्व रचना जेपी कलाल दंपति ने आवश्यक रस्मों को पूरा करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों सहित शहर के सभी चिकित्सक उपस्थित रहे। श्रीनाथजी हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक डॉ. अजीत सिंह व डॉ. मंसूर अहमद मलिक सहित अस्पताल प्रबंधन की ओर से मनीष कलाल, भंवर सिंह राजपुरा, विजय शर्मा, सचिन चौहान, जतिन कलाल, रविंद्र न्यांगली, राजकुमार चौहान आदि ने समारोह में भागीदारी निभाई।

# रोल बॉल संघ हनुमानगढ़ द्वारा 11 वर्षीय एवं 14 वर्षीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता 20 से

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

रोल बॉल संघ हनुमानगढ़ द्वारा 11 वर्षीय एवं 14 वर्षीय जिला स्तरीय छात्र/छात्रा की खेल प्रतियोगिता का आयोजन गांव जाखड़ांवाली में किया जाएगा। रोल बॉल संघ के अध्यक्ष कुलदीप पूनियां ने बताया कि 20 व 21 जुलाई को आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 11 एवं 14 वर्ष के बच्चे ही भाग ले सकते है। पूनियां के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे अपने साथ अपना आधार कार्ड, जन्मम प्रमाण-पत्र, 2 पासपोर्ट साइज फोटो एवं बैंक पास बुक अवश्य साथ लेकर आए अन्यथा इन दस्तेवजों के अभाव में प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा। इस खेल प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को रोल बॉल संघ हनुमानगढ़ द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## योगनी एकादशी उत्सव धूमधाम से मनाया



**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** श्री श्याम सेवा समिति श्री श्याम चौक द्वारा हर एकादशी उत्सव की भांति इस बार भी योगनी एकादशी उत्सव श्री श्याम चौक मंदिर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सेवादार विकास धेरड़ ने बताया कि इस अवसर पर पूजा अर्चना के बाद भजन संध्या प्रारंभ हुई। जिसमे शहर के प्रमुख भजन प्रवाहक रमन वर्मा, महेश शर्मा, राजेन्द्र दीक्षित, महेंद्र ओझा, पवन शर्मा,बलजीत सिंह, सपना शर्मा,शारदा देवी ने अपनी मधुर वाणी से बाबा का गुणगान किया । भगति भाव मे भाव विभोर भगतो के जकारो से श्री श्याम चोक गुंजायमान रहा। इसके साथ ही सावन मास में श्री श्याम चौक शिवमंदिर में होने वाले शिव पुराण पाठ की तैयारियो को लेकर भी समिति सदस्यों व मोहल्लवासियों में भारी उत्साह है। श्री श्याम चौक मंदिर में श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होने के कारण काफी संख्या में श्रद्धालु जुडने लगे हैं।

# आयुष्मान आरोग्य केंद्र एवं उपकेंद्र पर लगेंगे योग प्रशिक्षक

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पीएचसी) व सीएचओ पदस्थापित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेंद्र पर योग प्रशिक्षक की नियुक्ति होगी।बीसीएमओ डॉ.मनोज अरोड़ा ने बताया कि राज्य सरकार के आदेशानुसार एसडीएम की अध्यक्षता में बीसीएमओ व ब्लॉक नोडल आयुर्वेद अधिकारी की कमेटी द्वारा योग्य अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित योगा में स्नातक, एम ए, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट योग्यताधारी अभ्यर्थी 8 जुलाई तक अपने आवेदन बीसीएमओ कार्यालय में जमा करवा सकते हैं, इसमें स्थानीय व योग्यतानुसार अंक निर्धारित है जिसके आधार पर मेरिट व केन्द्रनुसार चयन किया जावेगा। बकौल बीसीएमओ पीएचसी जाखड़ावाली, दौलतांवाली, बड़ोपल, लिखमीसर, खोथांवाली, डबलीबास मिढारोही, उपकेंद्र अमरपुरा राठान, हरदयालपुरा, सूरांवाली, उमेवाला, 17 पीबीएन, 11 एसटीबी, 17 एसटीजी, रामपुरा पर योगा प्रशिक्षक लगाए जाना प्रस्तावित है, जिन्हें महीने में 10 दिन योग सत्र करवाने पर 250 रुपए प्रति सत्र के अनुसार 2500 रु माह के डेली वेज के अनुसार भुगतान भी किया जावेगा। यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई व डेली वेज पर आधारित है।

# प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल सफलता और भविष्य की बड़ी चुनौतियां

## मैसूर, कर्नाटक में पीएम द्वारा 9 अप्रैल 2023 को एक कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्षों का स्मरणोत्सव' का उद्घाटन किया गया

भारत के ऐतिहासिक प्रोजेक्ट टाइगर की 50वीं वर्षगांठ का जश्न इसके विजयी संरक्षण प्रयासों को उजागर करता है और वैश्विक वन्यजीव संरक्षण के लिए एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत है। भारत के प्रोजेक्ट टाइगर ने पिछले पांच दशकों में बाघ संरक्षण में जबरदस्त प्रगति की है, लेकिन शिकार जैसी चुनौतियाँ अभी भी बाघ संरक्षण के लिए खतरा हैं। बाघों के आवासों और गलियारों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास भारत के बाघों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य को आने वाली पीढियों के लिए सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण हैं। 2022 के एक सर्वेक्षण ने भारत की प्रभावशाली बाघ आबादी का अनुमान 3167 लगाया, जो 2018 में 2967 से अधिक थी। भारत में दुनिया की 70 प्रतिशत से अधिक जंगली बाघ आबादी है, जो वैश्विक संरक्षण प्रयासों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।



**पूजा रानी**
एमएलएसयू
उदयपुर


**प्रोजेक्ट टाइगर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमिः** पर्यावरणविद् इतिहासकार महेश रंगराजन ने डब्ल्यू डब्ल्यू एफ-इंडिया, डब्ल्यूसीएस- इंडिया और पैंथेरा, न्यूयॉर्क द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम 'भारत में शिकार की दो शताब्दी और संरक्षण के पांच दशक' में उल्लेख किया कि प्रोजेक्ट टाइगर और ऐतिहासिक वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के लिए जिन परिस्थितियों ने नेतृत्व किया, वे 19वीं शताब्दी के तथाकथित 'शिकार युग' में निहित हैं। ब्रिटिश भारत में बाघों को खेती के प्रसार में बाधा के रूप में देखा जाता था। भार उठाने की अधिकांश शक्ति बैलों और सांडों से आती थी और बाघों और तेंदुओं को हानिकारक माना जाता था क्योंकि वे भार ढोने वाले मवेशियों पर हमला करते थे और उन्हें मानव जीवन के लिए भी खतरा माना जाता था। उन्होंने कहा, यह निश्चित रूप से ब्रिटिश भारत में साम्राज्यवादी विजय की धारणा थी, जो ब्रिटिश भारत में संप्रभुता स्थापित करने के लिए इन बड़े जानवरों को खत्म करने की कोशिश थी। 1925 तक, सभी प्रांतों द्वारा न केवल बाघों बल्कि विभिन्न मांसाहारी जानवरों को मारने के लिए नियमित रूप से पुरस्कार दिए जाते थे। 1870 से 1920 के दशक तक, हर साल लगभग 1500-1600 बाघों को सिर्फ़ पुरस्कार के लिए मार दिया जाता था। प्रोजेक्ट टाइगर के आगमन के साथ यह सब बदल गया। 1969 से 1972 की अवधि पर्यावरण जागरण की अवधि कहलाती हैं। रंगराजन के अनुसार बाघ उस जागरण का प्रतीक और सूचक दोनों बन गया। इस समय बाघ एक तरह की देशभक्ति का प्रतीक बन गया। 1972 में इसे भारतीय बाघ कहा जाने लगा। यह राष्ट्रीय पशु बन गया। प्रोजेक्ट टाइगर के अध्यक्ष करण सिंह से जब पूछा गया कि यह राष्ट्रीय पशु क्यों है, तो रंगराजन ने कहा कहा कि यह 16 भारतीय राज्यों में से 11 में पाया जाता है। इसलिए यह विविधता में एकता का प्रतीक होगा।

**विभिन्न राज्यों में बाघ संरक्षण क्षेत्रों में पुनर्वास संबंधी प्रमुख उदाहरणः** पारंपरिक शहद इकट्ठा करने वाला समुदाय जेनु कुरुबास, राज्य वन विभाग द्वारा कर्नाटक के नागरहोल टाइगर रिजर्व से अपने निष्कासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। महाराष्ट्र के मेलघाट टाइगर रिजर्व में 2019 में परिवारों ने मांग की कि उनकी जमीन उन्हें वापस दी जाए। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में 157 वन गुज्जर परिवारों को 2013 में केवल 12 बीघा (1.58 हेक्टेयर) जमीन पर पुनर्वासित किया गया था, जिसमें घर बनाने के लिए वन विभाग से कोई सहायता नहीं मिली थी। सोनानाडी वन्यजीव अभयारण्य से वन गुज्जरों का पुनर्वास, जो कॉर्बेट के सीटीएच का हिस्सा है, बाघ अभयारण्यों से स्वैच्छिक पुनर्वास के आधिकारिक आंकड़ों में प्रदर्शित नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ के अचानकमार बाघ अभयारण्य में, पुनर्वास स्थल की खराब स्थितियों के कारण 2009 में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। छत्तीसगढ़ के भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य में सात गांवों को एक बाघ अभयारण्य के लिए उखाड़ दिया गया, जिसे कभी बनाया ही नहीं गया। समुदायों की पुनर्वास के बाद की स्थिति भी एक गंभीर तस्वीर पेश करती है।

मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व की संभावना-2018 में पिछली जनगणना की तुलना में 619 अधिक बाघ पाए गए और 2006 में बाघों की संख्या से दोगुने से भी अधिक। इनमें से कई साइटों में, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ-राज्य वन विभागों, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और अन्य भागीदारों के साथ मिलकर बाघ गलियारों को फिर से जोड़ता है और सुरक्षा उपायों को बढ़ाता है। शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि डब्ल्यू डब्ल्यू एफ- उच्च-संघर्ष वाले क्षेत्रों से बाघों को बचाने में सहायता करके और लोगों को खोए हुए पशुधन के लिए मुआवज़ा देने वाले राहत कार्यक्रमों को सुविधाजनक बनाकर मानव-वन्यजीव संघर्ष का प्रबंधन करता है। बाघों की संख्या को बढ़ाने के लिए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके साथ जगह साझा करने वाले लोगों पर भारी खर्च न पड़े, और संरक्षण से लोगों को भी लाभ हो, अगर 1.4 बिलियन लोगों का देश बाघों का सफलतापूर्वक संरक्षण कर सकता है, तो यह दर्शाता है कि मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व संभव है।

**निष्कर्षः** प्रोजेक्ट टाइगर के माध्यम से प्राप्त उपलब्धियां वास्तव में उल्लेखनीय हैं और दुनिया भर में बेजोड़ हैं। यह आंशिक रूप से हमारी सांस्कृतिक परंपराओं के कारण प्राप्त हुआ है जिसमें हम मानते हैं कि हम प्रकृति के साथ एक हैं- 'वसुधैव कुटम्बकम'। इस विरासत को बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि हमारे संरक्षण के प्रयास व्यर्थ न जाएँ, हमने अब तक जो प्रगति की है उसे बनाए रखते हुए इसे भविष्य की पीढियों के लिए सुरक्षित रखें। हमें अपने विकासात्मक उद्देश्यों की प्रगति सुनिश्चित करते हुए और सभी जीवित प्राणियों की भलाई को ध्यान में रखते हुए पारिस्थितिकी तंत्र बहाली के लिए मानक निर्धारित करके वैश्विक संरक्षण प्रयासों में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। बाघों की संख्या को बढ़ाने के लिए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके साथ जगह साझा करने वाले लोगों पर भारी खर्च न पड़े, और संरक्षण से लोगों को भी लाभ हो, अगर बढ़ती जनसंख्या वाले देश बाघों का संरक्षण कर सकते है, तो यह मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को दर्शाता है। पारिस्थितिक अखंडता को बनाए रखने के लिए, पर्यावरण के अनुकूल विकास एजेंडे को मजबूती से जारी रखने, खनन प्रभावों को कम करने और खनन स्थलों का पुनर्वास करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन को मजबूत करना, शिकार विरोधी उपायों को तेज करना, वैज्ञानिक सोच और प्रौद्योगिकी-संचालित डेटा संग्रह को अपनाना और मानव-वन्यजीव संघर्ष को संबोधित करना देश की बाघ आबादी की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं।

# नारायण साकार की चरण रज बन गई मौत का तांडव!



डॉ. श्रीगोपाल नारसन

साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल सिंह है। बाबा कासगंज के पटयाली के रहने वाले हैं। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गए। अनुयायी उन्हें भोले बाबा कहते हैं।सत्संग में लोगों से बाबा कहते हैं कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। सत्संग में आने से रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं, कोई दान नहीं और कोई पाखंड नहीं। दावा करते हैं यहीं सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है।

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से एटा को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे 34 पर सिकन्द्राराऊ कस्बे से करीब चार किलोमीटर दूर है फुलराई गांव इसी गांव की सैकड़ों बीघा जमीन में नारायण साकार उर्फ भोले बाबा के प्रवचनों के लिए टेंट लगाया गया था।निर्धारित समय पर प्रवचन शुरू हुआ और जब बाबा प्रवचन करके जाने लगे तो उनकी चरण रज पाने के लिए अचानक उनकी तरफ भीड़ उमड़ पड़ी।दोपहर ढाई बजे भीड़ के बीच मची भगदड़ में बच्चे, महिला,बुजुर्ग व युवा भी एक दूसरे के नीचे दबकर कुचले जाते रहे और देखते ही देखते 122 बाबा भक्तों की जान चली गई जबकि बाबा भीड़ में कुचले अपने भक्तों की जान बचाने के बजाए बेरहमी के साथ वहां से भाग निकले और अभी तक फरार है।इस हादसे में अधिकतर लोगों की मौत, आयोजन स्थल के उस पार हाइवे किनारे हुई है। चश्मदीदों के मुताबिक, जो इस भगदड़ में गिरा वो उठ नहीं सका। दिन में हुई बारिश की वजह से भी मिट्टी गीली थी और फिसलन थी, इससे भी हालात और मुश्किल होते चले गए।प्रवचन स्थल पर

नारायण साकार विश्व हरि उर्फ.भोले बाबा के निकलने के लिए अलग से रास्ता बनाया गया था। बहुत सी महिलाएं बाबा के करीब से दर्शन पाने के लिए खड़ी थीं।जैसे ही सत्संग समाप्त हुआ, हाइवे पर भीड़ बढ़ गई,नारायण साकार जब अपने वाहन की तरफ जा रहे थे, उसी समय भगदड़ मची।नारायण साकार के भक्त जब भगदड़ में फँसे थे, वो वहां रुके बिना बाबा आगे बढ़ गए। घायलों को आनन-फानन में सिकनद्राराऊ सीएचसी ले जाया गया। सीएचसी के ट्रामा सेंटर के आंगन में लाशों का ढेर लग गया था।

हाथरस में पत्रकारिता कर रहे बीएन शर्मा बताते हैं, 'मैं चार बजे यहां पहुंचा. हर जगह लाशें पड़ी हुई थीं। एक लड़की की सांस चल रही थी। उसे इलाज नहीं मिल सका और मेरे सामने ही उसने दम तोड़ दिया।'

सिकन्द्राराऊ का यह सबसे बड़ा अस्पताल है लेकिन इसकी क्षमता इतनी बड़ी संख्या में हताहतों को संभालने के लिए काफी नहीं थी। नारायण साकार के सत्संग में आने वाले अधिकतर लोग कमजोर आर्थिक वर्ग और पिछड़ी जातियों से हैं। एक दूसरे के संपर्क में आने से ये अपने आप को बाकी सत्संगियों के करीब पाते हैं और जीवन में आ रही चुनौतियों के समाधान के लिए नारायण साकार का सहारा लेते हैं।नारायण साकार हाथरस में पिछले कुछ सालों में कई बार सत्संग कर चुके हैं और हर बार पिछली बार से अधिक भीड़ होती है जो इस बात का इशारा है कि सत्संग से जुड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 'बाबा के सत्संग में मीडिया की एंट्री नहीं होती है, वीडियो बनाने पर रोक रहती है।'



सत्संग स्थल की साफ-सफाई भक्तगण खुद करते हैं और बाकी ज़िम्मेदारियां भी स्वयं ही संभालते हैं। भीड़ के प्रबंधन से लेकर ट्रैफिक के प्रबंधन तक का काम सत्संगियों के ही जिम्मे होता है।

नारायण साकार की सुरक्षा में सत्संगियों का भारी दस्ता रहता है जो उनके इर्द-गिर्द चलता है, जिसकी वजह से नारायण साकार के करीब तक पहुंचना मुश्किल है।

सत्संग के दौरान बाबा के पैरों और शरीर को धोने वाले जल जिसे ये भक्त चरणामृत कहते है, इस चरणामृत को लेने की होड़ भी भक्तों में मची रहती है।भक्त बाबा के चरणों की धूल को आशीर्वाद समझते हैं और बाबा जहां से गुजरते हैं, वहां की मिट्टी को उठाकर ले जाते हैं। जब भगदड़ मची, बहुत सी महिलाएं इसी धूल को उठाने के लिए नीचे झुकी हुई थीं। यही वजह है कि जब भगदड़ मची, बहुत से लोगों को उठने का मौका ही नहीं मिल पाया।हाथरस हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. इनमें से कई लोगों की पहचान नहीं हो पाई है।

हाथरस भगदड़ में अब तक 122 की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में बाबा भोले के सत्संग में मची भगदड़ के बाद अब अस्पताल में अपनों की तलाश में लोग भटक रहे हैं। हादसे में घायल और मृतकों को अलग-अलग अस्पताल में ले जाया गया है।ऐसे में उनकी तलाश और बढ़ गई है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या 122 तक पहुंच गई है। इनमें से कईयों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।इसके लिए प्रशासन की ओर मृतकों की सूची जारी की गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।डीजीपी ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है। साथ ही एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मुख्य सचिव ने भी घटना स्थल का दौरा किया व घायलों से मिले।उत्तर प्रदेश सरकार ने मृतको के परिजनों को 2 -2 लाख रुपये व घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। अधिकांश अनुयायियों की मौत दम घुटने के कारण हुई। हाल के वर्षों में हुई यह सबसे बड़ी त्रासदी है। कुछ लोगों का कहना है कि लोग प्रवचनकर्ता की कार के पीछे भागते समय कीचड़ में फिसल गए, जिससे भगदड़ मच गई।

हाथरस जिले के फुलरई गांव में बाबा नारायण हरि द्वारा आयोजित सत्संग में शामिल होने के लिए लाखों अनुयायी पहुंचे हुए थे।बाबा नारायण हरि, साकार विश्व हरि भोले बाबा के नाम से चर्चित हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं और लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।हाथरस के सिंकदराराऊ ट्रॉमा सेंटर के बाहर दिल दहला देने वाला मंजर था। भगदड़ में जान गंवाने वालों और बेहोश लोगों को एंबुलेंस में भरकर लाया गया, एंबुलेंस कम पड़ गईं तो लोग शवों को कार में भरकर अस्पताल लाने लगे, कार कम पड़ गई तो ऑटो में घायलों और दम तोड़ चुके लोगों को लाया जाने लगा। ऑटो कम पड़ गया तो टैंपों में भरकर उन लोगों को अस्पताल लाया गया।सत्संग कराने वाला बाबा जो खुद को नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा कहता है, वो अंडरग्राउंड है। उसका कुछ पता नहीं चला है। देर रात यूपी पुलिस ने भोले बाबा की तलाश में मैनपुरी जिले के राम कुटीर चैरिटेबल ट्रस्ट में सर्च ऑपरेशन चलाया. वहीं आईजी शलभ माथुर ने कहा कि सत्संग आयोजकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घटना का दोषी कोई भी हो, वो बचेगा नहीं, उस पर कठोर कार्रवाई होगी।सत्संग में करीब 1 से डेढ़ लाख लोग शामिल हुए थे। करीब 50 से 60 बीघा खेत में पंडाल लगाया गया था। सत्संग खत्म होने के बाद लोग अचानक बाहर की ओर निकले, लेकिन एग्जिट गेट बेहद संकरा था और रास्ते में नाला था। आसपास कीचड़ थी। इसी दौरान भगदड़ मची और लोग एक के ऊपर एक नाले में गिर गए और वहां करीब डेढ़-2 घंटे तक दबे रहे।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि खेत में सत्संग का पंडाल लगा हुआ था। सत्संग का समापन होने के बाद गुरुजी की कार निकली। उनके चरण छूने के लिए लोग दौड़ पड़े और भगदड़ मच गई। कई लोग एक के ऊपर एक गिरते गए।साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल सिंह है। बाबा कासगंज के पटयाली के रहने वाले हैं। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गए। अनुयायी उन्हें भोले बाबा कहते हैं।सत्संग में लोगों से बाबा कहते हैं कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। सत्संग में आने से रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं, कोई दान नहीं और कोई पाखंड नहीं। दावा करते हैं यहीं सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है। वह महंगे गॉगल, सफेद पैंटशर्ट पहनते हैं। अपने प्रवचनों में बाबा पाखंड का विरोध भी करते हैं। चूंकि बाबा के शिष्यों में बड़ी संख्या में समाज के हाशिए वाले, गरीब, दलित आदि शामिल हैं। उन्हें बाबा का पहनावा और यह रूप बड़ा लुभाता है।भोले बाबा का आश्रम कासगंज जिले के पटियाली तहसील क्षेत्र के बहादुरनगर गांव में मौजूद है। यह उनका पैतृक गांव भी है। भोलेबाबा का बहादुर नगर में बड़ा आश्रम बना है।हादसे के बाद सब परते खुल रही है,लेकिन इससे पहले किसी ने बाबा के अतीत में झांकने की कौशिश नही की। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

## संपादकीय

### राहुल का दर्शन बोध

देशवासियों को बेसब्री से इंतजार था और दिलचस्पी भी थी कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहली बार राहुल गांधी सदन में कौन-सा नया विचार रखेंगे। कौन-कौन से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दे हैं जिनसे सरकार और प्रधानमंत्री को असहज करेंगे। इतिहास ने उन्हें करोड़ों देशवासियों का दिल जीतने का अवसर दिया था लेकिन उन्होंने ऐतिहासिक अवसर को गंवा दिया। राहुल खुद को 'एंगरी यंगमैन' के रूप में पेश करते हुए भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कह गए कि जो लोग खुद को हिन्दू कहते हैं, वे चौबीस घंटे हिंसा, नफरत और झूठी बातें करते रहते हैं। देश के समूचे हिन्दू समाज को हिंसक बताकर बहुसंख्यक आबादी को न केवल नाराज किया, बल्कि अपमानित भी कर दिया। जब प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना गलत है, यह गंभीर विषय है। इसके बाद राहुल को समझ में आया कि वह गलती कर बैठे हैं और अपनी गलती को सुधारते हुए उन्हें कहना पड़ा कि वह भाजपा के बारे में बोल रहे थे। भाजपा, आरएसएस या प्रधानमंत्री मोदी पूरा हिन्दू समाज नहीं हैं। सबसे दिलचस्प बात यह थी कि राहुल भगवान शिव, भगवान बुद्ध, महावीर, गुरुनानक देव की तस्वीर लेकर सदन में आए थे। उन्होंने अपनी बात रखते हुए ईसा मसीह और पैगम्बर मोहम्मद साहिब का भी जिक्र किया और कहा कि ये सभी अभय मुद्रा में हैं। यह सच है कि इन सभी महापुरुषों ने शांति और अहिंसा का संदेश दिया है और यह भी सच है कि कोई भी धर्म हिंसा का समर्थन नहीं करता। लेकिन राहुल किसी भी महापुरुष के दर्शन और विचार को न परिभाषित कर पाए, न व्याख्यायित कर पाए और न सदन के जरिए देशवासियों को ही समझा पाए। पौराणिक ग्रंथों में सुर-असुर संग्राम की चर्चा है। धर्म की रक्षा के लिए शिव, कृष्ण आदि देवताओं ने भी हथियार उठाए हैं। चाहे शिवाजी हों या महाराणा प्रताप, सभी के जीवन में युद्ध करने के अवसर आए हैं। पिछले दो वर्षो से समूचे विश्व का ध्यान रूस-यूक्रेन और फिलिस्तीन-इस्त्रइल युद्ध की ओर गया है।

## चिंतन-मनन

### सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी।

एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर मैं लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है। उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है। सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मुझे कुछ नहीं पता कि आप कहां ध्यान लगा रहे थे लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि मैं तो अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी।

मेरा ध्यान सिर्फ अपने प्रेमी से मिलने पर केंद्रित था। मुझे पता ही नहीं चला कि आप परमात्मा के ध्यान में बैठे हैं। आपको मेरा पता चल गया? राजा को उसकी बात समझ आ गई और उसने उसे छोड़ दिया। क्योंकि यह साबित हो गया थी कि राजा के मन में वह समर्पण का भाव नहीं था जो उस प्रेमिका में था। उसके प्रेम में वह तीव्रता और वलंतता थी जिसने राजा को सोचने पर मजबूर कर दिया।

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक



ललित गर्ग

भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है।


लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है।

भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है।

निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे-धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि-क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर-परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी-फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने-चुने लोग ही नजर आते हैं।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी कदम

फरवरी 2019 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, देशभर के किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की गई है। यह योजना कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने तथा ग्रामीण समुदायों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण प्रदान करके उनकी आय में वृद्धि करना है ताकि उनकी ग्रामीण आजीविका में सुधार हो सके। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से शुरू की गई पीएम-किसान योजना का उद्देश्य भूमिधारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। तीन बराबर किस्तों में वितरित 6,000 रुपये के वार्षिक लाभ के साथ, यह योजना किसानों को आवश्यक कृषि व्यय पूरा करने और साहूकारों पर निर्भरता से बचाने में मदद करती है। यह वित्तीय सहायता परिवर्तनकारी सिद्ध हुई है, जिससे किसान उपकरण, बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि इनपुट में निवेश करने में सक्षम हुए हैं और फसल की पैदावार, कृषि उत्पादकता एवं स्थिरता में वृद्धि हुई है। पीएम-किसान योजना प्रारंभ होने के बाद से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.02 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया गया है, जो इस योजना के तहत 16वीं किस्त के माध्यम से भारतीय कृषि में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसके अलावा, हाल ही में 20,000 करोड़ रुपये की 17वीं किस्त ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, जिससे कुल वितरण 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इस योजना का आर्थिक प्रभाव और पहुंच गहरी रही है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के एक अध्ययन में पाया गया कि उत्तर प्रदेश में पीएम-किसान लाभार्थियों को बिना किसी लीकेज के पूरी राशि प्राप्त हुई, जिससे कृषि में निवेश करने की उनकी क्षमता में काफी सुधार हुआ। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता से न



केवल किसानों की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय बाजारों और सेवाओं को भी गति मिली है।

पीएम-किसान योजना सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रभावी एकीकरण के कारण सबसे अलग है। इस योजना में किसानों के बैंक खातों में सीधे पारदर्शी और समय पर धन वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तंत्र का उपयोग किया जाता है। आधार, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के साथ एकीकरण द्वारा सुगम यह विधि धोखाधड़ी के जोखिम को कम करती है और यह सुनिश्चित करती है कि इसका लाभ इच्छित प्राप्तकताओं तक पहुंच सके। इस योजना के लिए विशेष रूप से शुरू किया गया पीएम-किसान पोर्टल लाभार्थियों को वैधीकृत करने के लिए विभिन्न डेटा बिंदुओं को एकीकृत करता है, जिससे पात्र किसानों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित हो पाता है। इसके अतिरिक्त, आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य हो गया है, जिससे पारदर्शिता और दक्षता में अतिरिक्त वृद्धि हुई है। लाभार्थियों की सहायता के लिए, पीएम-किसान योजना में अनेक अभिनव सहायता पहल शामिल हैं। समर्पित वेब पोर्टल, मोबाइल एप्लिकेशन और एसएमएस अलर्ट किसानों को अपनी स्थिति को ट्रैक करने, ई-केवाईसी पूरा करने और उनकी शिकायतों को दूर करने में सक्षम बनाते हैं। ह्लअपनी स्थिति जानेंह्ल (केवाईएस) मॉड्यूल किसानों को एक क्लिक पर उनके पंजीकरण और लाभ की स्थिति का व्यापक अवलोकन प्रदान करता है। इसने किसानों को रियल टाइम जानकारी प्रदान करके सशक्त बनाया है और बिचौलियों पर उनकी निर्भरता कम कर दी है। इसके अलावा, एआई-संचालित चैटबॉट किसान ई-मित्र की शुरूआत ने किसानों के लिए सहायता में क्रांतिकारी बदलाव किया है, जो 11 भाषाओं में रियल टाइम सहायता प्रदान करता है। यह सेवा पांच लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी) के साथ मिलकर, योजना से संबंधित सेवाओं को किसानों के दरवाजे तक पहुंचाती है, जिससे समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित होती है।

आगे की राहः केंद्र सरकार पीएम-किसान योजना को परिष्कृत और विस्तारित करने का काम जारी रखे हुए है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंग के रूप में, इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य सभी पात्र किसानों को शामिल करना है, जिसमें एक करोड़ से अधिक अतिरिक्त किसान पहले ही लाभान्वित हो चुके हैं। किसान कॉल सेंटर और फील्ड सर्वेक्षणों के माध्यम से निरंतर फीडबैक यह सुनिश्चित करता है कि यह योजना अपने लाभार्थियों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए विकसित हो सके। इस योजना का मजबूत शिकायत निवारण तंत्र, जिसकी समाधान दर लगभग 99 प्रतिशत है, किसानों की समस्याओं का त्वरित निपटान करने की इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। गांव-स्तर के नोडल अधिकारी जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिससे योजना की पहुंच और प्रभावशीलता में वृद्धि हो रही है।

जैसे-जैसे पीएम-किसान अपने अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि हर पात्र किसान को इस योजना का लाभ मिल सके। वित्तीय सहायता, तकनीकी एकीकरण और निरंतर नवाचार के मिश्रण के साथ, पीएम-किसान भारत की कृषि और ग्रामीण विकास कार्यनीति का एक प्रमुख आधार बना रहेगा, जो एक आत्मनिर्भर और समृद्ध कृषक समुदाय को बढ़ावा देगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रॉस्ट्रक्चर (डीपीआई) पर भारत सरकार की पहल के साथ पीएम-किसान को जोड़ने से इस योजना के वितरण को और मजबूती मिलेगी। - **डॉ. एमएल जाट** (लेखक, ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम ऑन रेसिलिएंट फार्म ऐंड फूड सिस्टम्स के निदेशक हैं।)

## म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच फिर जंग.....भारत मिजोरम को लेकर चिंतित

रंगून । म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच जारी जंग फिर से भारत की सीमा के पास पहुंच गई है। जिससे इसकी आशंका बढ़ गई है कि इसका असर भारतीय राज्य मिजोरम तक पहुंच सकता है। म्यांमार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुके व्रिदोहियों ने सरकारी सेना को अन्य हिस्सों से भी उखाड़ फेंकने के लिए नया सैन्य अभियान शुरू किया है। रिपोर्ट के अनुसार वहीं विद्रोहियों के दो गुटों के बीच में आपस में भी लड़ाई शुरू हो गई है। इससे हालात और ज्यादा खराब हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सेना ने चिन राज्य में चल रही गतिविधियों को लेकर पूरी सतर्कता बरत रखी है और हालात पर नजर बनाए हुए है। म्यांमार का चिन राज्य देश के सबसे गरीब इलाके में आता है। चिन राज्य और मिजोरम राज्य के बीच में 510 किमी लंबी खुली सीमा है जहां कोई बाड़ नहीं लगी है। एक भारतीय सैन्य अधिकारी ने बताया कि ताजा लड़ाई सेना और विद्रोहियों के बीच में बांग्लादेश की सीमा के करीब हुई है, लेकिन हम इस विद्रोह को हल्के में नहीं ले सकते हैं। एक दूसरे सूत्र ने कहा कि चिन राज्य में हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जुंटा सेना ने एक नदी पुल को उड़ाया था जिससे मिजोरम और म्यांमार के बीच व्यापार जून से बंद है। विद्रोहियों के कई इलाकों मे आगे बढ़ने के बाद चिन राज्य में सुरक्षा के हालात बहुत खराब हैं। पीपुल्स डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उसने जुंटा सेना के एयर डिफेंस बटालियन और 8 अन्य सैन्य अड्डों को मांडले में जब्त कर लिया है। म्यांमार की निर्वासित सरकार ने बताया कि ताजा लड़ाई पूर्वी शान राज्य में भी शुरू हो गई है जहां सरकारी सेना ने चीन के कराए सीजफायर का उल्लंघन किया था। बता दें कि भारतीय विदेश मंत्री म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध पर गहरी चिंता जाहिर की है। भारत ने मदद का ऑफर भी दिया है।

## इटली पुलिस ने भारतीय श्रमिक की मौत मामले में खेत के मालिक को गिरफ्तार किया

रोम । इटली पुलिस ने कृषि उपकरण से हाथ कटने के कारण हुई भारतीय श्रमिक की मौत मामले में खेत के मालिक को गिरफ्तार किया है। अभियोजकों ने बताया कि खेत के मालिक ने खून से लथपथ श्रमिक को उसी के हाल पर छोड़ दिया था और एम्बुलेंस तक को फोन नहीं किया और अधिक खून बहने के कारण श्रमिक की मौत हो गई। श्रमिक की पहचान सतनाम सिंह के रूप में हुई है जो एक अवैध प्रवासी था। सिंह की मौत से इटली के लोग सकते में हैं और कार्य स्थल पर बेहतर माहौल की मांग को लेकर कृषि संघों और श्रमिकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। विरोध-प्रदर्शन में श्रमिकों ने इटली के कृषि उद्योग में कम वेतन पर काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों का शोषण करने वाली व्यवस्था को खत्म करने का आह्वान किया। देश के राष्ट्रपति सर्जियो मटेरेला ने भी मामले पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि सिंह जैसे श्रमिकों के साथ ''क्रूरता' की जाती है और इटली में कृषि श्रमिकों को अक्सर ''अमानवीय'' हालात में काम करना पड़ता है। बयान में कहा कि खेत के मालिक एंटोनेलो लोवाटो को गिरफ्तार किया गया है। फॉरेंसिक जांच में पता चला कि सिंह की मौत ''अत्यधिक रक्त बहने'' के कारण हुई थी।

## अंतरिक्ष में भी अमेरिका को टक्कर देने की तैयार में ड्रैगन, अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में खुलासा



वाशिंगटन । अंतरिक्ष में लंबे समय से अमेरिका ने अपनी बादशाहत कायम रखी थी, लेकिन अब बादशाहत पर खतरा है। चीन जिस तेजी से अंतरिक्ष में अपनी क्षमता को बढ़ाते हुए रणनीतिक युद्धाभ्यास पर जोर दिया है, वह जल्द ही अमेरिका को चुनौती देने में सक्षम होगा। अमेरिकी थिंक टैंक अपनी नई रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। रिपोर्ट में चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के पिछले दो दशकों में हासिल की गई अंतरिक्ष आधारित क्षमताओं पर विश्लेषण किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के नेता शी जिनपिंग अमेरिका एक कमजोर होती ताकत के रूप में देख रहे हैं। इसकारण चीन अब भविष्य में अंतरिक्ष में मुकाबले के लिए आक्रामक तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट बताती है कि चीन अंतरिक्ष में अपनी सैन्य तैयारियों को मुख्य रूप से अमेरिका को ध्यान में रखकर तैयार कर रहा है। अमेरिकी थिंक टैंक ने सलाह दी है कि अमेरिकी अधिकारियों को बहुत कम संचार के साथ त्वरित निर्णय लेने की उम्मीद करनी चाहिए और अंतरिक्ष संकटों में पीएलए से सहयोग की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी अंतरिक्ष बल को शांतिकाल में भी पीएलए की आक्रामक कार्रवाइयों के लिए तैयार रहना चाहिए।

## पाकिस्तान में नासूर बना आंतक...380 मौतें

लौहार । पाकिस्तान में 240 आतंकी घटनाओं और आतंकवाद विरोधी अभियानों के परिणामस्वरूप हिंसा से जुड़ी 380 मौतें और नागरिकों, सुरक्षा कर्मियों और अपराधियों के बीच 220 चोटें दर्ज की गईं। एक रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत हिंसा के केंद्र थे, इस दौरान लगभग 92 प्रतिशत मौतें और 87 प्रतिशत हमले (आतंकवाद और संचालन की घटनाओं सहित) हुए। रिपोर्ट में बताया गया कि पूरे पाकिस्तान में हिंसा और हताहतों की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई और देश में समग्र हिंसा में 12 प्रतिशत की कमी देखी गई, जिसमें पहली तिमाही में 432 की तुलना में 380 मौतें दर्ज की गईं। सबसे उल्लेखनीय सुधार बलूचिस्तान में देखा गया, जहां हिंसा में 46 प्रतिशत की कमी आई, इस वर्ष की पहली तिमाही में मृत्यु दर 178 से घटकर दूसरी तिमाही में 96 रही। हालाँकि, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में पिछली तिमाही की तुलना में क्रमश: 13 और 31 मौतों की वृद्धि के साथ हिंसा में वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों को कुल मौतों में से 62 प्रतिशत का नुकसान हुआ, जो डाकूओं के बीच 38 प्रतिशत की घातक क्षति से काफी अधिक है। सांप्रदायिक हिंसा के कारण करीब 11 लोगों की जान चली गई।

## 6700 करोड़पतियों का नया आशियाना बनने को तैयार दुबई

दुबई । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का व्यापारिक केंद्र दुबई दुनिया भर के अमीरों के आकर्षण का केंद्र है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुबई में इस साल 6700 करोड़पतियों के आने का अनुमान है। अब दुबई में आने वाले अमीर लोगों की संख्या अमरीका से लगभग दोगुना है। अमरीका में इसतरह के 55 लाख लोग 10 लाख डॉलर या उससे अधिक की संपत्ति रखते हैं।

दुबई व्यापार करने के लिए आसान जगह होने के साथ ही दुनिया में लगभग हर जगह के लिए यहां से सुविधाजनक उड़ानें है। इसकी सड़कें न्यूयॉर्क या लंदन की तुलना में ज्यादा साफ-सुथरी और अधिक सुरक्षित हैं। दूसरा यह विदेशी अमीरों को इसलिए भी अपनी ओर आकर्षित करता है क्योंकि यहां पर आय, संपत्ति या पूंजीगत लाभ पर कोई टैक्स नहीं लगता है। रिपोर्ट में कहा गया है लंबे समय से पड़ोसी देशों के अमीर रूसियों, भारतीयों और अरबों के लिए एक शरणस्थल रहा दुबई अब मुगल प्रवासियों के एक नए समूह को आकर्षित कर रहा है। फ्रांस में कट्टर-दक्षिणपंथी सरकार के सत्ता में आने की खबरों के बाद फ्रांस के अमीर दुबई में बसने के लिए ब्रोकर और एजेंटों को कॉल कर रहे हैं। 2024 के पहले तीन महीनों में दुबई में भारतीयों के साथ-साथ फ्रांसीसी और इटालियंस घर खरीदने में सबसे ज्यादा उत्साहित थे। कहा जा रहा है कि फरवरी माह में यूरोपीय लोगों ने दुबई ने अपनी ओर एकाएक खींच लिया जब यहां एक अंतर-सरकारी निकाय, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफ.ए.टी.एफ.) ने मनी-लॉन्ड्रिंग और अन्य वित्तीय शरारती लोगों द्वारा पसंद किए जाने वाले संदिग्ध स्थानों की अपनी ग्रे सूची से हटा दिया। दुबई को यूरोपियन अमीरों द्वारा तरजीह देने का एक और कारण यह है कि गाजा पट्टी पर चल रहे संघर्ष के बीच अब इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच लड़ाई तेज हो गई है। इसकारण यूरोपियन अमीर तर्क देते हुए दिखाई देते हैं कि यह एक क्षेत्रीय संघर्ष में बदल सकता है।




नैरोबी में टेक्स बढ़ाये जाने के खिलाफ हुए प्रदर्शन में मारे गये लोगों को लेकर विरोध व्यक्त करता हुआ एक प्रदर्शनकारी।

## अमेरिका और ब्रिटेन में फिर से कोरोना की आहट... मास्क पहनना अनिवार्य

वॉशिंगटन। अमरीका और ब्रिटेन में कोविड की एक और लहर की संभावना है क्योंकि दोनों ही देशों से संक्रमण की सूचनाएं आ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन की आबादी के एक कमजोर वर्ग को मास्क पहनने के निर्देश और टीकाकरण में भी तेजी लाई गई है। वहीं दूसरी ओर अमरीका में अटलांटिक के पार मामलों में वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, क्योंकि रोग नियंत्रण केंद्र (सी.डी.सी.) नए कोविड-19 वेरिएंट की निगरानी कर रहा है जिसे एल.बी.1 के रूप में नामित किया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों से वायरस प्रकोप पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। (यू.के.एच.एस.ए.) के अनुसार 26 जून को लगभग हर 25,000 ब्रिटिश नागरिकों में से एक कोविड-19 से संक्रमित था। मार्च 2020 में यह 13 में से एक था। रिपोर्ट के अनुसार संक्रमण में वृद्धि सांख्यिकीय रूप से मार्च 2020 की तुलना में बहुत कम है, जब पहली बार यू.के. में महामारी की सूचना दी गई थी। दो नए सब-वेरिएंट केपी.2 और केपी.1 को फ्लर्ट नाम दिया गया है। फ्लर्ट ओमिक्रॉन के सब-वेरिएंट्स का एक ग्रुप है और ये दोनों इस ग्रुप के अंदर ही आते हैं। केपी.1 और केपी.2 को फ्लर्ट उपनाम वैज्ञानिकों ने उनके म्यूटेशन के तकनीकी नाम के आधार पर दिया है। मार्च में, इन वेरिएंट की अमरीकी आबादी में केवल पांच प्रतिशत हिस्सेदारी थी। ब्रिटिश महामारी विज्ञान विशेषज्ञ पॉल हंटर के हवाले से कहा गया है कि उन्हें नहीं लगता कि वर्तमान कोविड-19 संक्रमण दर चिंताजनक है।

## क्या भारतीय मूल की कमला हैरिस होंगी अमेरिका की अगली राष्ट्रपति? सीएनएनके सर्वे में क्या नई बात सामने आई



**काठमांडू, (एजेंसी)।** व्हाइट हाउस और डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के सात वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार, यदि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने इलेक्शन अभियान को जारी नहीं रखने का निर्णय लेते हैं, तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस उनकी जगह लेने के लिए शीर्ष विकल्प हैं। पिछले हफ्ते रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ पहली बहस में बाइडेन के लड़खड़ाते, कभी-कभी असंगत और व्यापक रूप से प्रचारित प्रदर्शन ने डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर चिंता की लहर पैदा कर दी है। बाइडेन को लेकर ये अटकलें चलने लगी हैं कि वह दूसरे कार्यकाल के लिए पर्याप्त रूप से फिट हैं या नहीं। समाचार एजेंसी के सूत्रों के अलावा, सीएनएन पोल ने भी दावा किया कि हैरिस के पास व्हाइट हाउस बरकरार रखने का बेहतर मौका है। एसआरएस द्वारा कराए गए सीएनएन पोल के मुताबिक, ट्रंप बाइडेन से छह अंक आगे हैं।

सर्वेक्षण में हैरिस को एक काल्पनिक मुकाबले में ट्रम्प से काफी दूरी पाया गया है। पंजीकृत मतदाताओं में से 47 प्रतिशत ट्रम्प का समर्थन करते हैं, 45 प्रतिशत हैरिस को पंसद करते है जो बताता है कि ऐसे परिदृश्य में कोई स्पष्ट नेता नहीं है। ट्रम्प के खिलाफ हैरिस का थोड़ा मजबूत प्रदर्शन कम से कम आंशिक रूप से महिलाओं के व्यापक समर्थन पर निर्भर करता है (50प्र. महिला मतदाताओं ने ट्रम्प के मुकाबले हैरिस का समर्थन किया, जबकि 44त्र ने ट्रम्प के खिलाफ बाइडेन का समर्थन किया) और निर्दलीय (43त्र हैरिस बनाम 34प्र. बिडेन) का समर्थन किया।

कुछ प्रभावशाली डेमोक्रेट ने हैरिस के अलावा बिडेन के लिए विकल्प तैयार किए हैं, जिनमें लोकप्रिय कैबिनेट सदस्य और कैलिफोर्निया के गेविन न्यूसोम, मिशिगन के ग्रेचेन व्हिटमर और पेंसिल्वेनिया के जोश शापिरो जैसे डेमोक्रेटिक गवर्नर शामिल हैं। लेकिन नाम न छापने की शर्त पर इन सूत्रों ने कहा कि हैरिस को दरकिनार करने की कोशिश करना इच्छाधारी सोच है और यह लगभग असंभव होगा। सूत्रों ने कहा कि अगर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किया जाता है, तो 59 वर्षीय हैरिस, बिडेन अभियान द्वारा जुटाए गए धन और अभियान के बुनियादी ढांचे को विरासत में ले लेंगी। सूत्रों ने कहा कि सभी विकल्पों में से उनके पास सबसे ज्यादा नाम पहचान है और डेमोक्रेट्स के बीच सबसे ज्यादा मतदान है, जिन्हें गंभीरता से उम्मीदवार माना जा सकता है।

## रुस जा रहे पीएम मोदी... इस बाहुबली के सौदे पर हो सकती बात



**मास्को (एजेंसी)।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8-9 जुलाई को रूस की यात्रा पर जा रहे हैं। पीएम मोदी की मास्?को यात्रा को इस नजरिए से देखा जा रहा है कि वे दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत और रूस की दोस्ती कमजोर नहीं हुई है। माना जा रहा है कि इस बातचीत के दौरान पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट को लेकर चर्चा हो सकती है। पुतिन रूस के सुखोई-57 को लेकर पीएम मोदी से बातचीत कर सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी और पुतिन के बीच बातचीत में एक लॉजिस्टिक सप्?लाई समझौते को शामिल किया जा सकता है जो दोनों देशों की सेनाओं के बीच में होगा। इसके अलावा पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के संयुक्?त विकास पर फिर से बातचीत शुरू करने तथा परमाणु ऊर्जा पर सहयोग को बढ़ाने पर भी बातचीत होगी है। उन्होंने बताया कि दोनों ही देश फिर से रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर काम कर रहे हैं जो पेमेंट में दिक्कत और भारत के पश्चिमी प्रतिबंधों के डर की वजह से यह रुक गया था। अब रूस और भारत के बीच पेमेंट का विवाद खत्म हो गया है।

सूत्र बताते हैं कि भारत का पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के लिए फिर से बातचीत शुरू करना कई कारणों से एक तर्कपूर्ण फैसला है। इस पांचवीं पीढ़ी के नए फाइटर जेट को सुखोई 57 के आधार पर ही बनाया जाना है। वहीं भारतीय वायुसेना दो सीटों वाले फाइटर जेट को चाहती थी। इस कारण भारत ने खुद को सुखोई-57 के प्रोग्राम से खुद को अलग कर लिया था। हालांकि बाद में इस खरीदने के विकल्प को भारत ने खुला रखा था। सूत्र ने कहा कि इसके बाद से रूस ने भारतीय वायुसेना की बताई हुई कमियों को दूर किया है और ऑपरेशनल टेस्टिंग की है। सुखोई 57 के ताजा वेरिएंट में दो इंजन है जो सुखाई को सुपरक्रूज क्षमता प्रदान करता है। भारत और रूस के बीच यह बातचीत तब शुरू हो सकती है जब चीन और पाकिस्तान दोनों ही रेडॉर की पकड़ में नहीं आने वाले फाइटर जेट को अपनी सेना में शामिल कर रहे हैं।

## अमेरिका में नजर आया यूएफओ, जो उड़ नहीं सड़क पर दौड़ रहा था

सैन फ्रांसिस्को। एलियंस होते हैं या नहीं, इसे लेकर सालों से बहस छिड़ी हुई है। लेकिन आजतक कोई सबूत नहीं मिला और न ही किसी आधिकारिक रुप से एलियंस होने या न होने की पुष्टि की गई है। वहीं सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो वायरल होते हैं, जिसमें एलियंस होने का दावा किया जाता है। अमेरिका में एलियंस के दिखने या यूएफओ स्पॉट की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। एक बार फिर एक ऐसी ही घटना सामने आई है। अमेरिका के मिसौरी में एक घटना घटी उसने वहां मौजूद लोगों को हैरान में डाल दिया। यहां सड़क पर एक यूएफओ जैसी चीज़ दौड़ती हुई दिखाई दी। सड़क पर यूएफओ उड़ नहीं रहा बल्कि दौड़ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये अजीबोगरीब नज़ारा अमेरिकन राज्य मिसौरी की क्रॉफोर्ड काउंटी में हुई, जिसे पुलिस अधिकारियों ने सार्वजनिक किया है। यहां रोज़वेल फेस्टिवल के लिए जा रहे लोगों के बीच कार की जगह एक ऐसा वाहन दिखा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। ये यूएफओ की तरह था और उसके खुलने के लिए ऊपर की ओर ढक्कन भी था। पुलिस ने इसकी स्पीड की वजह से इसे रास्ते में ही रोक लिया, फिर यूएफओ जैसे इस वाहन से ड्राइवर के तौर पर एक इंसान निकला। पुलिस को ये समझते देर नहीं लगी कि ये ड्राइवर की क्रिएटिविटी है, जिसने कार को ही एक उड़न तश्तरी का लुक दे दिया है. फेसबुक पर ये घटना शेयर करते हुए पुलिस ने लिखा-'आप नहीं जान सकते हैं कि आपको क्रॉफोर्ड काउंटी में क्या मिल जाएगा। ये वास्तव में इस दुनिया से अलग की चीज़ है। उन्होंने कहा कि ये बेहद अजीब था लेकिन लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट दे गया। लोगों ने इस पोस्ट पर दिलचस्प रिएक्शन दिए और शख्स की खूब तारीफ की जिसने इस तरह की क्रिएटिविटी की है।

## ट्रंप पर कौन से मामले में चलेगा केस... तय करेगी भारतीय मूल की न्यायाधीश



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति की छूट पर फैसला सुनाया है। भारतीय मूल की न्यायाधीश तान्या चुटकन को यह तय करने के लिए छोड़ दिया है कि 2020 के चुनाव में जो बाइडेन से अपनी हार को पलटने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प के प्रयासों से जुड़े संघीय आपराधिक मामले में कितना आगे बढ़ सकते हैं। छुटकन को तय करना होगा कि ट्रंप के कौन से कार्य आधिकारिक थे और उन्हें मामले से बाहर रखा जाना चाहिए और कौन से निजी कार्य थे जिन पर मुकदमा चल सकता है। अदालत के फैसले में घोषित किया गया कि ट्रंप को राष्ट्रपति के रूप में अपने आधिकारिक कर्तव्यों के तहत कार्यों के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने से व्यापक सुरक्षा प्राप्त है।

वाशिंगटन में अमेरिकी जिला न्यायालय में न्यायाधीश तान्या छुटकन को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने नियुक्त किया था। उनके पिता, विंस्टन चुटकन, इंडो-जमैका वंश के एक डॉक्टर हैं, और उनकी माँ, नोएल, एक अफ्रो-जमैका हैं, जो जमैका की नेशनल डांस थिएटर कंपनी में एक प्रमुख नर्तक थीं। रिपोर्ट के अनुसार तान्या चुटकन के परदादा को गिरमिटिया मजदूर के रूप में भारत से जमैका ले जाया गया था और उनके पिता का जन्म एक चीनी बागान में हुआ था।

वाशिंगटन में अमेरिकी जिला अदालत के न्यायाधीश छुटकन को सौंपी गई अदालत को विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा लाए गए चार-गिनती आपराधिक अभियोग पर इस छूट को लागू करने के जटिल कार्य का सामना करना पड़ता है।

## अमेरिका राष्ट्रपति चुनावः बाइडेन ने माना वह ट्रम्प से बहस करते समय सो गए थे

### – सर्वेक्षण : 45 फीसदी डेमोक्रेट चाहते हैं कि बाइडेन पद छोड़ दें



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर बहस का दौर जारी है जिसमें राष्ट्रपति जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बहस चल रही हैं। वहीं पिछले दिनों हुई एक को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने माना कि वह अपने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई बहस के दौरान सो गए थे और उनका कमज़ोर प्रदर्शन दुनिया भर में यात्रा करने और करीब 100 क्षेत्रों से गुज़रने के कारण जेट लैग के कारण हुआ था।

जो बाइडेन ने यह बात बहस में अपने खराब प्रदर्शन के बाद डेमोक्रेट्स के दबाव के बीच कही है, साथ ही नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव के बाद सत्ता में वापस आने पर चार और साल तक पद पर बने रहने की उनकी संज्ञानात्मक क्षमता पर बढ़ते सवालों के बीच कही है। मंगलवार को मैकलीन, वर्जीनिया में एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा कि मेरी रात अच्छी नहीं रही। मैं बहुत होशियार नहीं था। मैंने बहस से पहले दुनिया भर में दो बार यात्रा करने का फैसला किया, जिसमें मैंने करीब 100 क्षेत्रों का दौरा किया। मैंने अपने स्टाफ की बात नहीं सुनी और वापस आकर मंच पर ही सो गया। यह कोई बहाना नहीं है, लेकिन यह एक स्पष्टीकरण है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन ने जून में सिर्फ़ दो हफ्तों के अंतराल में फ्रांस और इटली की यात्रा की और फिर जी7 शिखर सम्मेलन से रातों-रात लॉस एंजिल्स के लिए उड़ान भरी, जहां वे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ एक कार्यक्रम में शामिल हुए। 27 जून की बहस से पहले, उन्होंने इस आयोजन की तैयारी के लिए वाशिंगटन डी.सी. के पास कैंप डेविड में छह दिन बिताए, जो अमेरिकी राष्ट्रपतियों के लिए देश का एकांतवास है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने बाइडेन के खराब प्रदर्शन के लिए सर्दी को जिम्मेदार ठहराया है। बाइडेन जो पहले से ही सबसे उम्रदराज अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, लेकिन वह पांच नवंबर को चुनाव जीतते हैं तो अगले साल शपथ लेने तक वह 82 साल के हो जाएंगे।

एक सर्वेक्षण में यह भी बताया कि 78 वर्षीय ट्रम्प और बिडेन को पंजीकृत मतदाताओं के 40 फीसदी का समर्थन मिला है, जो यह दर्शाता है कि बहस के बाद से बाइडेन ने अपनी जमीन नहीं खोई है। सर्वेक्षण में पाया गया कि 45 फीसदी डेमोक्रेट चाहते हैं कि बाइडेन पद छोड़ दें। प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक सांसद लॉयड डॉगेट पार्टी में पहले व्यक्ति बन गए जिन्होंने सार्वजनिक रूप से बाइडेन को पद छोड़ने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की बहस की पराजय उनकी कई उपलब्धियों का प्रभावी ढंग से बचाव करने में विफल रही।

## अमेरिका में दिखेगी राम मंदिर की झलक, 18 फीट ऊंची झांकी तैयार, 1.50 लाख लोग होंगे शामिल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** 18 अगस्त को न्यूयॉर्क में भारत दिवस परेड के दौरान अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शित की जाएगी। यह कार्यक्रम न्यूयॉर्क और उसके आसपास से हजारों भारतीय अमेरिकियों को आकर्षित करता है। यह पहला अवसर है जब राम मंदिर की प्रतिकृति संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रदर्शित की जाएगी। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) के महासचिव अमिताभ मित्तल के अनुसार, मंदिर की प्रतिकृति 18 फीट लंबी, नौ फीट चौड़ी और आठ फीट ऊंचाई होगी।

इस वर्ष 22 जनवरी को एक ऐतिहासिक क्षण में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पुजारियों के एक समूह के नेतृत्व में, अयोध्या में राम मंदिर में श्री राम लला की %प्राण प्रतिष्ठा% का वैदिक अनुष्ठान किया। भगवान राम की 500 वर्षों के बाद अपनी मातृभूमि में वापसी के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में देश के सभी प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक संप्रदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ऐतिहासिक मंदिर के उद्घाटन की अमेरिका सहित दुनिया भर में भारतीयों ने सराहना की।

### न्यूयॉर्क में भारत दिवस परेड

1981 से हर 15 अगस्त को, भारतीय अमेरिकी एक परेड की मेजबानी करके भारतीय स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। न्यूयॉर्क में वार्षिक भारत दिवस परेड भारत के बाहर भारत के स्वतंत्रता दिवस का सबसे बड़ा उत्सव है। आम तौर पर 150,000 से अधिक लोग वार्षिक परेड देखते हैं जो मिडटाउन न्यूयॉर्क में ईस्ट 38वीं स्ट्रीट से ईस्ट 27वीं स्ट्रीट तक चलती है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) द्वारा आयोजित इस परेड में न्यूयॉर्क की सड़कों पर विभिन्न भारतीय अमेरिकी समुदायों और संस्कृति की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाली कई झांकियां दिखाई देंगी।



# चैम्पियंस ट्राफी : भारत-पाक मैच की तारीख आई सामने, बीसीसीआई की सहमति बाकी

**मुंबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफमैच अगले साल एक मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जाएगा जिसमें 10 मार्च 'रिजर्व डे' होगा।

पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 15 मैच का कार्यक्रम सौंप दिया है जिसमें भारत के मैच सुरक्षा और 'लाजिस्टिकल' कारणों से लाहौर में ही रखे गए हैं। नकवी को टी20 विश्व कप फाइनल देखने के लिए बारबाडोस में आमंत्रित किया गया था। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा, 'पीसीबी ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें सात मैच लाहौर में, तीन मैच कराची में और पांच मैच रावलपिंडी में रखे गए हैं।'

सूत्र ने कहा, 'पहला मैच कराची में रखा गया है जबकि दो सेमीफाइनल कराची और रावलपिंडी में जबकि फाइनल लाहौर में कराया जायेगा। भारत के सभी मैच (टीम के क्वालीफाई करने के स्थिति में सेमीफाइनल सहित) लाहौर में रखे गए हैं।' भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं। हाल में आईसीसी के टूर्नामेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने पीसीबी चेयरमैन नकवी से इस्लामाबाद में मुलाकात की थी।

इससे पहले विश्व संस्था की सुरक्षा टीम ने स्थल और अन्य इंतजामों का मुआयना किया था। पिछली बार पाकिस्तान ने 2023 में 'हाइब्रिड मॉडल' के हिसाब से एशिया कप की मेजबानी की थी जिसमें भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे क्योंकि सरकार ने खिलाड़ियों को सीमा के बाहर यात्रा करने की अनुमति नहीं दी थी।

सूत्र ने कहा, 'आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी के प्रतिभागी देशों के (बीसीसीआई के इतर) सभी बोर्ड प्रमुखों ने पूरा समर्थन दिया है लेकिन बीसीसीआई सरकार से सलाह मश्विरा करके आईसीसी को अपडेट करेगा।' वहीं आईसीसी किसी भी बोर्ड को अपनी सरकार की नीति के खिलाफ जाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता जिससे यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले में बीसीसीआई कब फैसला करता है।




# तीसरा ओलंपिक पदक जीतने के लिए तैयारी कर रही है सिंधु



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु अब पेरिस ओलंपिक में पदक जीतकर तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने की उपलब्धि अपने नाम करना चाहती हैं। सिंधु ने इससे पहले रियो और टोक्यो में रजत और कांस्य पदक जीते थे। ऐसे में सिंधु इस बार स्वर्ण जीतना चाहेंगी। सिंधु ने एक कार्यक्रम में कहा, ''यह चुनौतीपूर्ण है पर असंभव नहीं है।''

सिंधु का मानना है कि उन्हें ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें अपने कौशल को और निखारते हुए रणनीति बनानी होगी। उन्होंने कहा, ''तीसरे ओलंपिक में जाने से पहले मुझे और अधिक स्मार्ट होने की जरूरत है। मुझे अनुभव है पर इसके साथ ही स्मार्ट होना भी जरुरी है। मुझे उम्मीद है कि मैं अपने पदक का रंग बदल सकती हूं और निश्चित रूप से देश के लिए एक और पदक जीत सकती हूं।'' सिंधु अभी जर्मनी के सारब्रुकेन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्स्क्यूल में ट्रेनिंग कर रही हैं। वह 26 जुलाई को ओलंपिक शुरू होने से पहले सीधे पेरिस जायेंगी।

सिंधु ने कहा, ''शारीरिक और मानसिक रूप से मैं फिट हूं, बस मुझे स्मार्ट होना है और मेरे कोच अगुस द्वी सैंटोसो इसपर काम कर रहे हैं। मैं सभी स्ट्रोक्स पर काम कर रही हूं, चाहे वो डिफेंस हो, या अटैक या नेटप्ले। सभी चीजों में पारंगत होना जरुरी है।'' उन्होंने कहा, '' मैं सिर्फ एक स्ट्रोक या तकनीक पर फोकस नहीं कर रही हूं क्योंकि आप नहीं जानते कि क्या होने वाला है, जीत के लिए सभी प्रकार से खेलना आना चाहिये।

# टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का होगा रोड शो, फिर वानखेड़े में किया जाएगा सम्मानित

**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को गुरुवार को खुली बस में रोड शो के बाद यहां वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। भारतीय टीम के गुरुवार को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर नयी दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'टीम बीसीसीआई द्वारा मुहैया कराई गई एयर इंडिया की विशेष विमान से बारबाडोस से रवाना हो गयी। बारबाडोस में फंसे भारतीय पत्रकार भी बीसीसीआई अध्यक्ष (रोजर बिन्नी) और सचिव (जय शाह) के साथ इसी फ्लाइट में आ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'फ्लाइट कल सुबह दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरेगी। टीम सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात करेगी। इसके बाद टीम मुंबई के लिए उड़ान भरेगी जहां उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।' शुक्ला ने कहा, 'नरीमन प्वाइंट से खुली बस में रोड शो कराया जाएगा और फिर खिलाड़ियों को घोषित 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।' इसी तरह का रोड शो 14 साल पहले भी कराया गया था जब महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली टीम ने 2007 में दक्षिण अफ्रीका में शुरूआती विश्व टी20 के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को हुए 2024 टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन की रोमांचक जीत दर्ज कर खिताब जीता था। स्थानीय प्रशासन और क्रिकेट अधिकारियों द्वारा अंतिम योजना तैयार की जा रही है। उम्मीद है कि टीम नरीमन प्वाइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक एक खुली बस में रोड शो करेगी, जहां बीसीसीआई का मुख्यालय भी है। भारतीय टीम के सदस्यों के लिए वानखेड़े में सम्मान समारोह की भी योजना बनाई गई है।

# हरारे के मैदान पर बड़े स्कोर बनाना चाहेगी भारतीय टीम

**हरारे (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों से भरी भारतीय क्रिकेट जिम्बाब्वे दौरे पर गयी है। इसमें मुख्य कोच की भूमिका पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण निभायेंगे। भारतीय टीम को इस दौर में पांच टी20 मुकाबले खेलने हैं। इसका पहला मुकाबला 6 जुलाई को होना है। सभी मैच हरारे के मैदान पर होने हैं जहां जमकर रन बनते हैं। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अब तक 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच हुए हैं। यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 25 मैच जीते, जबकि पीछा करने वाली टीम ने 19 मैच जीते हैं। हरारे में एक टीम का सबसे अधिक स्कोर 229 है। सबसे कम टीम स्कोर 90 है।




आयोजन स्थल पर औसत स्कोर 165 है। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य यहां बड़े स्कोर बनाना रहेगा। भारतीय टीम में शामिल युवा खिलाड़ी अधिक से अधिक रन बनाकर टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।

भारतीय टीम ने हरारे में अब तक खेले 5 मुकाबले जीते हैं। दोनों टीमों ने आखिरी बार 8 साल पहले हरारे के मैदन पर एक साथ खेला था। तब केदार यादव ने 58 रन की पारी खेलकर भारत को 138 रन तक पहुंचाया था। इस मैच में मेजबान जिम्बाब्वे तीन रनों से हारी थी।

### सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है

पहला टी20 मैच : 6 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

दूसरा टी20 मैच : 7 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

तीसरा टी20 मैच : 10 जुलाई, हरारे, शाम 9:30 बजे

चौथा टी20 मैच : 13 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

5वां टी20 मैच : 14 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

# वॉन ने बुमराह को सफेद गेंद प्रारुप का सबसे बेहतर गेंदबाज बताया

लंदन ।आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सभी ने प्रशंसा की है। भारतीय टीम की जीत में बूमराह की अहम भूमिका रही है। वहीं अब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें सफेद गेंद क्रिकेट (सीमित ओवरों) का सबसे बेहतर गेंदबाज बताया है। वॉन ने कहा, अगर आप मुझे अच्छे तेज गेंदबाज की बात पूछेंगे तो हो सकता है कि वे वसीम अकरम या अन्य कई गेंदबाज होंगे पर अगर विशेष कौशल और क्षमता वाले गेंदबाज की बात करें तो वह बुमराह ही हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह के पास अलग ही क्षमता और तेजी है। वह दबाव के बीच भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने विश्व कप के 1 या 2 नहीं कई मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। बुमराह ने फाइनल में 4 ओवर गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर 2 विकेट लिए। पूरे टूर्नामेंट की बात करें तो बुमराह ने 8 मैच में कुल 15 विकेट लिए। वह सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर रहे। बुमराह ने जब भी जरुरत हुई टीम को सफलता दिलायी। उन्होंने जब से टीम में प्रवेश किया है टीम को प्रदर्शन शानदार रहा है।



# दक्षिण अफ्रीकी टीम मजबूत वापसी करेगी : मिलर




जोहानिसबर्ग ।दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेविड मिलर टी20 विश्व कप के फाइनल में मिली हार के बाद से ही बेहद निराश हैं। मिलर ने कहा कि इस प्रकार जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पाने को वह स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं हालांकि उनका मानना है कि टीम इस हार से उबरकर मजबूत वापसी करेगी। मिलर के अनुसार इस टीम में जुनून है और क्षमताएं हैं जिससे उसका स्तर बेहतर होता जाएगा। उनकी टीम ने इस विश्वकप में फाइनल से पहले के सभी मैच जीतकर दिखाया है कि उसे दबाव में भी खेलना आता है। मिलर ने लिखा, 'मैं बहुत निराश हूं, जो हुआ उसे मानना मेरे लिए काफी कठिन है। मेरे पास अपनी भावनाओं को बयां करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे हालांकि इस टीम पर बेहद गर्व है। फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपने अभियान में कई करीबी मैचों में जीत दर्ज की पर टीम खिताबी मुकाबले में जीत के करीब होने के बाद अंतिम पांच ओवर में बिखर गई थी। मिलर ने कहा, 'इस टूर्नामेंट में हमारा सफर शानदार रहा। हमने पूरे महीने कई उतार-चढ़ाव देखे। हमने कठिन हालातों का सामना किया। मैं हालांकि जानता हूं कि इस टीम में जज्बा है और वह अपना स्तर ऊंचा करती रहेगी। दक्षिण अफ्रीका को अंतिम पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे पर इसके बाद जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी से मैच में भारतीय टीम हावी हो गयी थी। अंतिम ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रनों की जरूरत की और मिलर ने एक बड़ा शॉट खेला था पर सूर्यकुमार ने बेहद कठिन कैच पकड़कर मिलर को पेवेलियन वापस भेज दिया था।

# हार्दिक पंड्या ने वानिंदु हसरंगा से छीनी बादशाहत, भारतीय खिलाड़ी बना नंबर 1 ऑलराउंडर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को बड़ा फायदा हुआ है। दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से अहम योगदान निभाने वाले पंड्या ने वानिंदु हसरंगा को पछाड़ दिया है। जिसके बाद आईसीसी टी20 रैंकिंग में हार्दिक पंड्या दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बन गए हैं। ये पहली बार है जब हार्दिक पंड्या पहली बार आईसीसी टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किए हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत की तरफ से हार्दिक पंड्या ने बल्ले और गेंद दोनों से कमाल किया। साथ ही उन्होंने आखिरी ओवर में 2 विकेट लिए और भारत को ये जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद हार्दिक पंड्या को आईसीसी से खास तोहफा मिला। आईसीसी टी20आई ऑलराउंडर रैंकिंग में हार्दिक पंड्या ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के नंबर-1 का टैक छीन लिया। इसके अलावा टी20आई ऑलराउंडर रैंकिंग में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टन को एक-एक स्थान का फायदा हुआ।




# अर्जेन्टीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम का ऐलान, मेस्सी को नहीं मिली जगह



ब्यूनस आयर्स - लियोनेल मेस्सी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने मंगलवार को घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं। इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेस्सी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेन्टीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मेस्सी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में 2008 में बीजिंग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की थी। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। वर्ष 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा। अर्जेंटीना और मोरक्को के अलावा इराक और यूक्रेन को ग्रुप बी में जगह मिली है।

# पाक टीम की आलोचना को सही मानते हैं रिजवान



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने कहा है कि टी20 विश्वकप क्रिकेट में जितना खराब प्रदर्शन टीम ने किया है। उसको देखते हुए टीम की जिस प्रकार से आलोचना हो रही है। उसमें कुछ भी गलत नहीं है। रिजवान ने कहा कि टीम से लोगों का काफी उम्मीदें पर उसने वो तोड़ दीं। विश्वकप में पाक टीम अपने पहले ही मैच में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई और सुपर ओवर में उसे अमेरिका के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इसके बाद भारत के हाथों भी उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे पूर्व क्रिकेटरों ने उसके खरी खोटी सुनाई है। रिजवान ने कहा कि टीम के साथ जो व्यवहार हो रहा है उसमें कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि उम्मीद के अनुसार नहीं खेलने के कारण हम इस व्यवहार के ही हकदार हैं।

इस क्रिकेटर ने कहा कि हम भी टी20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से निराश हैं। हमारी हार के पीछे कई कारण हैं। जब कोई टीम हारती है तो कोई ये नहीं कह सकता कि उसकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी अच्छी चल रही है।

# बजरंग ने नाडा पर लगाये गंभीर आरोप

नई दिल्ली ।ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने आरोप लगाया है कि नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) उनका करियर समाप्त करना चाहती है। इसलिए उन्हें एक ही मामले को लेकर दो-दो बार निलंबित किया गया है। बजरंग के अनुसार नाडा ने सभी तथ्यों को परे रखकर काम किया है। इससे साफ है कि उन्हें परेशान कर खेल छोड़ने के लिए विवश किया जा रहा है। बजरंग को नाडा ने पहले 5 मई और उसके बाद 23 जून को दोबारा निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही उन्हें नोटिस देकर 11 जुलाई तक जवाब देने को कहा है। वहीं बजरंग ने कहा कि नाडा नहीं चाहता कि कोई उनके गलत तरीकों पर सवाल उठाए और अगर कोई ऐसा करता है तो उसे निशाना बनाकर बाहर कर दिया जाता है। साथ ही सवाल किया कि नाडा एक्सपायर हो चुकी किट के बारे में जवाब क्यों नहीं देता है। वो इस बात का जवाब क्यों नहीं देते हैं कि कैसे एक गलत किट उन्हें दी गयी। इसके अलावा सैंपल कलेक्शन के लिए मुझपर दबाव बनाया। नाडा इस बात का जवाब क्यों नहीं देता कि दो मैचों के बीच सैंपल कलेक्शन के लिए मुझपर दबाव दिया गया, जबकि उन्हें पता था कि मेरे पास अगली कुश्ती की तैयारी करने के लिए केवल 20 मिनट थे। वहीं नाडा का कहना है कि बजरंग को जांच के लिए सैंपल नहीं देने के लिए निलंबित किया गया था।



# पेरिस डाइमंड लीग मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी : नीरज चोपड़ा

**सारब्रकेन (जर्मनी) (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि रविवार को होने वाली पेरिस डाइमंड लीग इस साल कभी उनके प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी। यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि चोपड़ा ने जांघ में मामूली चोट के कारण इस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है जो पिछले कुछ महीनों से उन्हें परेशान कर रही थी।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 'एक्स' पर कहा कि जब उन्होंने अपना नाम प्रतियोगिता के लिए भेजा ही नहीं तो नाम वापस लेने का सवाल ही नहीं उठता। तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा ने लिखा, 'सभी को नमस्ते। बस स्पष्ट करने के लिए- पेरिस डाइमंड लीग इस सत्र में मेरे प्रतियोगिता कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी इसलिए मैंने इससे 'नाम वापस' नहीं लिया है। मैं ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'चीजों को समझने और समर्थन के लिए धन्यवाद, और प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं।'

पिछले सप्ताह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने उन्हें राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से छूट दे दी थी जो सभी भारतीय एथलीटों के लिए अनिवार्य प्रतियोगिता थी। एएफआई ने कहा था कि घरेलू प्रतियोगिता और सात जुलाई को डाइमंड लीग के बीच कम समय होने के कारण उन्हें यह छूट दी गई।

एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा था, 'हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रत्येक एथलीट भारत में अंतर राज्यीय चैंपियनशिप में भाग लेगा। लेकिन पेरिस डाइमंड लीग अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से टकरा रही है और हमें लगता है कि ओलंपिक खेलों से पहले पेरिस डाइमंड लीग उसके (चोपड़ा) लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी इसलिए वह एकमात्र व्यक्ति है जिसे फेडरेशन कप में भाग लेने की विशेष अनुमति दी गई है।''

चोपड़ा ने हालांकि पिछले महीने संकेत दिया था कि उनका कार्यक्रम उनके शरीर की स्थिति के अनुसार तय होगा। चोपड़ा ने कहा था, 'हमारे बीच चर्चा हुई कि मैं अंतर राज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में खेलूंगा और यह हरियाणा के पंचकुला में होगी लेकिन पेरिस ओलंपिक और इसके बीच काफी कम समय है।'

उन्होंने कहा, 'मैं दोहा में खेल रहा था तो भारत के करीब है। इसके अलावा राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप और ओलंपिक के बीच पेरिस डाइमंड लीग (सात जुलाई) है। इसलिए हमने यहां (फेडरेशन कप) हिस्सा लेने का फैसला किया।' चोपड़ा ने कहा, 'आगे के प्रतियोगिता कैलेंडर पर फैसला हालात और शरीर की स्थिति के अनुसार किया जाएगा। अन्यथा, मैं यहां से पेरिस (तुर्कु में प्रतिस्पर्धा के बाद) जाऊंगा।'



# साधुवाली में शराब ठेके के सेल्समैन की नृशंस हत्या

## अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी लूटपाट के लिए की गई हत्या, ठेके से नगदी और सेल्समैन का मोबाइल फोन गायब

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

जवाहरनगर थाना क्षेत्र में अबोहर मार्ग पर गांव साधुवाली में गंग कैनाल की बारहमासी नहर के नजदीक शराब ठेके के युवा सेल्समैन की कल देर रात को अज्ञात बदमाशों ने नृशंस हत्या कर दी। हत्या करने वाले ठेके से नगदी तथा मृतक सेल्समैन का मोबाइल फोन ले गए। ठेके से शराब भी ले जाए जाने की आशंका है। पुलिस ने ठेकेदार गुलाबसिंह निवासी गली नंबर 12 नई आबादी अबोहर जिला फाजिल्का (पंजाब) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर सेल्समैन राहुल त्रिवेदी (25) की हत्या करने के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मौके की कार्यवाही के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया है। राहुल त्रिवेदी उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में कुतुपुर का निवासी था।वह साधुवाली में अकेला रहता था। सूचना दिए जाने पर उसके परिवार वाले श्रीगंगानगर के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस के अनुसार उनके कल गुरुवार को यहां पहुंचने की संभावना है।उसके बाद लाश का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। इस बीच पुलिस ने हत्या करने वालों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुछ अहम सुराग मिले हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस हत्याकांड का जल्दी ही खुलासा हो जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को आज सुबह लगभग 6 बजे सूचना प्राप्त हुई कि साधुवाली में देसी एवं अंग्रेजी शराब के कंपोजिट ठेके का सेल्समेन राहुल त्रिवेदी ठेके के सामने ही चारपाई पर खून से लथपथ मृत पड़ा है।थाना प्रभारी सीआई देवेंद्रसिंह कुछ ही देर में घटनास्थल पर पहुंच गए।बाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर आ गए। राहुल त्रिवेदी की लाश ठेके के बिल्कुल सामने चारपाई पर पड़ी थी।वह रात को ठेके के बाहर कूलर चलाकर चारपाई पर सोया था। उसकी गर्दन पर किसी तेज धार वाले हथियार से वार किया हुआ था। ठेके का शटर खुला हुआ था। पहली नजर में ही पुलिस को यह हत्या चोरी अथवा लूटपाट की नीयत से किया जाना प्रतीत हुआ। घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य इकट्ठा करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) तथा एमओबी की टीमों को बुला लिया गया। डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। इसके साथ ही पुलिस की एक टीम ने ठेके के आसपास की दुकानों और कुछ ही दूरी पर एक मंदिर पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक करना शुरू कर दिया। इस बीच जानकारी पाकर ठेकेदार गुलाबसिंह भी गांव साधुवाली पहुंच गया। उसने पुलिस को बताया कि ठेके में कल शाम 17 हजार की नगदी थी। इसके अलावा शराब बिक्री के कुछ और रुपए होने की भी संभावना है। पुलिस की उक्त एक्सपर्ट टीमों द्वारा साक्ष्य जुटाने और जांच पड़ताल करने के बाद ठेके में रखे सामान की तलाशी ली गई। ठेके में



एक बैग में 17 हजार रुपए रुपए नहीं मिले। राहुल त्रिवेदी इसी ठेके में ही रहता था।वह रात को बाहर सोता था। ठेके के अंदर उसके व्यक्तिगत सामान,जिसमें एक बैग भी था, उसमें भी रुपए नहीं मिले। ढूंढने पर राहुल का मोबाइल फोन भी नहीं मिला। पुलिस ने आसपास निरीक्षण किया तो राहुल का साफा और उसके द्वारा रात को उपयोग में लिया गया तकिया कुछ दूरी पर झाड़ियां में पड़ा मिला। इन पर खून के धब्बे लगे थे। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रख दिया गया। गुलाब सिंह की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

**ठेक मिलते ही दूसरे दिन हत्या**

प्राप्त जानकारी के अनुसार साधुवाली गांव का यह ठेका पहले किसी लखबीरसिंह नामक व्यक्ति के पास था।लखबीरसिंह ने आबकारी विभाग को सूचना दे दी थी कि वह 30 जून के बाद ठेके का संचालन नहीं करेगा। इस पर विभाग से गुलाबसिंह ने ठेके का लाइसेंस ले लिया। उसने 1 जुलाई को यह ठेका हासिल किया था।अगले दिन 2 जुलाई को इसमें देसी और अंग्रेजी शराब का स्टॉक रखवाया। ठेके पर शराब की बिक्री का कल पहला दिन था। जानकारी के अनुसार गुलाबसिंह के कहने पर गांव साधुवाली निवासी उसका एक जानकार कल रात 9 बजे ठेके पर आकर सेल्समैन से दिनभर की बिक्री के 23 हजार रुपए ले गया था। इससे कुछ देर पहले शाम को खुद गुलाबसिंह भी ठेके पर आया था। उसने ग्राहकों के लिए 17 हजार रुपए रुपए खुले राहुल को दिए थे जो उसने एक बैग में रख लिए थे। गुलाबसिंह ने बताया कि उसने यह ठेका अभी ठीक से शुरू भी नहीं किया था। आज ठेके में और माल लाकर रखना था। इससे पहले ही यह घटना हो गई। इस हत्या में नशेड़ी युवकों के संलिप्त होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस साधुवाली और इसके आसपास के इलाके में रहने वाले नशेड़ी युवकों तथा आदतन बदमाशों की पड़ताल कर रही है।

**गांव जाने वाला था सेल्समैन**

मृतक राहुल त्रिवेदी काफी समय से इस ठेके पर बतौर सेल्समैन कम कर रहा था। पूर्व के ठेकेदार लखबीरसिंह ने ठेका छोड़ते समय नए ठेकेदार गुलाबसिंह से सिफारिश की थी कि वह राहुल को ही सेल्समैन रख ले। वह अच्छा और ईमानदार सेल्समैन है। गुलाबसिंह ने बताया कि वह पहली दफा राहुल से कल शाम को ही ठेके पर जाकर मिला था। बड़ी मुश्किल से 5 मिनट की उससे मुलाकात हुई थी। तब राहुल ने बताया कि उसने पूर्व के ठेकेदार से अपना हिसाब कर लिया है। वह कुछ दिनों के लिए गांव जाना चाहता है ।गुलाब सिंह के अनुसार राहुल ने आज बुधवार को अपने गांव जाना था।वह पिछले 8-10 महीना से गांव नहीं गया था। राहुल के पास उसके द्वारा दिए हुए 17 हजार रुपए के अलावा पूर्व के ठेकेदार से किये हिसाब की राशि भी होने की संभावना है। इसके अलावा रात 9 बजे के बाद अगर कोई बिक्री हुई हो तो उसके भी कुछ रुपए राहुल के पास होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ठेके से शराब गायब हुई है या नहीं इसका पता लगाने के लिए स्टॉक का मिलान किया जा रहा है।

**चाबी से खोले शटर के ताले**

पुलिस और अन्य सूत्रों के मुताबिक रात को ठेके के बाहर सोए राहुल पर अज्ञात बदमाशों ने सोते समय ही किसी तेज धारवाले हथियार से वार कर उसका काम तमाम कर दिया। राहुल के पहने कपड़ों में ही ठेके के शटर पर लगाए तालों की चाबी थी। उसकी हत्या करने के बाद हत्यारों ने चाबी निकाल कर शटर के ताले खोले। तत्पश्चात उन्होंने अंदर चोरी/लूटपाट की। उन्होंने जाते समय चारपाई पर लहुलुहान मरे पड़े राहुल पर कपड़ा भी डाल दिया ताकि दूर से लगे कि वह सो रहा है। इसके अलावा राहुल का खून से सना एक साफा तथा तकिया कुछ दूरी पर झाड़ियां में फेंक दिया। वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार को पास में ही बारहमासी नहर में हथियारों द्वारा फेंक दिए जाने की आशंका है। सूत्रों के मुताबिक राहुल का गायब हुआ मोबाइल फोन आज तड़के 4 बजे तक ऑन था।इसके बाद वह ऑफ हो गया। पुलिस को मोबाइल फोन से ही हत्यारों के बारे में कोई अहम सुराग मिलें। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही इस वारदात का खुलासा हो जाएगा।

**नए कानून के तहत हत्या का पहला मामला**

देश में 1 जुलाई से लागू हुए नए कानून के तहत श्रीगंगानगर जिले में हत्या का दर्ज होने वाला यह पहला मामला है।पुलिस ने बताया कि ठेकेदार गुलाबसिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों पर भारतीय न्याया संहिता की धारा 103 (1) 331 (8) 309 (4) और 3(9) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। याद रहे कि नए कानून के तहत जवाहरनगर थाने में ही जिले का पहला मुकदमा एक जुलाई को ही दर्ज हुआ था जो कि कुछ लोगों द्वारा अशोकनगर में सरेआम मकान के ताले तोड़कर सामान चुराने तोड़फोड़ करने और कब्जा करने के आरोप में दर्ज हुआ है।

# जिले में शुरू हुआ 'डेंगू रोकथाम माह', 31 जुलाई तक चलेगा



श्रीगंगानगर। मौसमी बीमारियों और डेंगू रोकथाम को लेकर जिले में 'डेंगू रोकथाम अभियान' शुरू किया गया है। एक जुलाई से शुरू हुआ यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा ताकि डेंगू फैलने से रोका जा सके। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि राज्यस्तरीय निर्देशानुसार जिले में एक जुलाई से डेंगू रोकथाम माह मनाया जा रहा है। इस दौरान मानसून एवं प्री मानसून में फैलने वाले डेंगू को रोकथाम के लिए व्यापक गतिविधियां की जाएंगी। इसके लिए सामान्य जन को जागरूक करने के साथ ही बच्चों को स्कूलों में जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य विभागों के साथ समन्वय कर डेंगू रोकथाम के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए सभी खंड को पाबंद किया गया है। वहीं लगातार एंटी लार्वा गतिविधि भी करवा रहा है। आशा सहयोगिनियां व एएनएम इस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभा रही हैं, वे भीषण गर्मी के बावजूद दूर-दराज के कस्बों, मोहल्लों में पहुंचकर एंटीलार्वल व जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं। विभाग ने अपील की है कि इस दौर में आमजन विभागीय कर्मियों का सहयोग कर उनका साथ दें। साथ ही गमले, परिंडें, डिग्गी, छत पर पड़े खाली टायर, मटके आदि की सफाई करें। अनावश्यक पानी न बहाएं ताकि पानी एकत्रित न हो और मच्छर न पनपे। आमजन डेंगू के प्रति जागरूकता सामग्री विभागीय फेसबुक पेज आईईसी श्रीगंगानगर से हासिल कर सकते हैं।

## युवती को परेशान करने के आरोप में नर्सिंग कर्मी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** एक व्यक्ति को परेशान करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है जो कि नर्सिंग कर्मचारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 5 मई को लालगढ़ जाटान थाना में राजपाल निवासी जांडवाला जिला हनुमानगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।पीड़िता ने आरोप लगाया कि राजपाल उसे दो-तीन वर्ष से परेशान कर रहा है। वह बार-बार उसके मोबाइल फोन पर गलत मैसेज भेजता है। उससे छेड़खानी करने की भी कोशिश करता है। पुलिस के अनुसार राजपाल 2022 से इस लड़की को परेशान कर रहा था। तब लड़की नाबालिग थी। इसलिए मुकदमे में पोक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गईं। राजपाल का लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के एक गांव में ननिहाल है। अपने ननिहाल आने जाने के दौरान ही वह इस लड़की को परेशान करने लगा। राजपाल ने जीएनएम का कोर्स कर रखा है और वह प्राइवेट नर्सिंग कर्मचारी है। उसे आज गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया।

# राहुल को 'खतरा', घर के बाहर चौकसी बढ़ाई

## लोकसभा में बीजेपी और आरएसएस पर जुबानी हमला के बाद आक्रोशित हैं कार्यकर्ता

नई दिल्ली. दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पुलिस को ऐसे इनपुट मिले हैं कि हिंदूवादी संगठन उनके घर के बाहर हंगामा कर सकते हैं। इसके चलते पैरामिलिट्री का एक प्लाटून राहुल के घर के बाहर तैनात किया गया है, जिसमें स्थानीय पुलिस भी शामिल है। सोमवार को राहुल ने लोकसभा में भाजपा के खिलाफजो भाषण दिया था, उसके चलते संसद में काफी हंगामा हुआ था। राहुल के भाषण को लेकर बीजेपी और आरएसएस में नाराजगी है, जिसकी वजह से पुलिस को शक है कि प्रदर्शनकारी उनके घर के बाहर पोस्टर और होर्डिंग लेकर जुट सकते हैं। बुधवार को दिल्ली भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संसद में भाजपा के खिलाफदिए बयानों को लेकर उनके घर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था और मांग की थी कि राहुल माफी मांगें। कार्यकर्ता जैसलमेर हाउस के पास जमा हुए थे और उन्होंने यहां से अकबर रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय की तरफ मार्च किया था। इस दौरान वे राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। काबिलेगौर है, राहुल गांधी को जेड प्लस सिक्योरिटी मिली हुई है। इसके अलावा सीआरपीएफ के जवान भी उन्हें एल कैटेगरी (एडवांस्ड सिक्योरिटी) मिली है। 2019 तक गांधी परिवार को एसपीजी यानी स्पेशन प्रोटेक्शन ग्रुप कवर मिला हुआ था। 9 नवंबर 2019 को केंद्र सरकार ने गांधी परिवार के तीनों सदस्यों-सोनिया, राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा से एसपीजी सुरक्षा वापस लेने का ऐलान किया था। इसके बाद से उन्हें सीआरपीएफ के कमांडो की जेड प्लस सुरक्षा दी गई।

# पिता-बुआ के साथ मिलकर युवक से की मारपीट

## » रास्ते से हटाने के लिए जान से मारने की फिराक में होने का लगाया आरोप

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

एक व्यक्ति ने अपने पिता व बुआ के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट की व जातिसूचक गालियां निकाली। इस संबंध में तीनों के खिलाफ जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार विनोद (24) पुत्र मंगतराम नायक निवासी वार्ड 16, रोड़ांवाली ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसकी पत्नी पूजा को आशिफ उर्फ बग्गू पुत्र आमीन निवासी रोड़ांवाली ने अपने पास रखा हुआ है। पूर्व में आशिफ उर्फ बग्गू, पूजा, पूजा की माता रानी व पूजा के पिता राजू ने उसके घर आकर उसके साथ मारपीट की थी। इस संबंध में उसने मुकदमा दर्ज करवाया। उस मुकदमे की जांच एससीएसटी सैल सीओ की ओर से की जा रही है। 30 जून को सुबह करीब 10 बजे वह अपने मोहल्ले में पप्पू सेठ की दुकान पर गया था। वहां आशिफ उर्फ बग्गू व उसका पिता आमीन तथा आशिफ की बुआ नूरा पहले से ही मौजूद थे। आशिफ की बुआ नूरा ने उसे जातिसूचक गालियां निकाली। आशिफ व उसके पिता आमीन ने भी जातिसूचक गालियां निकालते हुए थाप-मुक्कों से मारपीट की। आशिफ उर्फ बग्गू ने उसके पैर पर लाठी से वार किया। इससे उसके पैर में गहरी चोट लगी। इतने में मोहल्लेवासी एकत्रित हो गए। इन्हें देखकर आशिफ उर्फ बग्गू वगैरा वहां से भाग गए। वह दो दिन राजकीय जिला चिकित्सालय में उपचाराधीन रहा। विनोद ने आरोप लगाया कि आशिफ उर्फ बग्गू आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसके खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट के 4-5 मुकदमे चल रहे हैं। वह उसे रास्ते से हटाने के लिए जान से मारने की फिराक में है। पुलिस ने मारपीट व एससीएसटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। अनुसंधान एससीएसटी सैल सीओ रणवीर साईं कर रहे हैं।

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**श्रीगंगानगर।** हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र में सीमावर्ती खाट लबाना गांव में एक युवक ने अपने घर में ही फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि खाट लबाना निवासी मांगीलाल ओड राजपूत (35) की लाश परसों सोमवार के शाम को उसके घर में फंदे पर लटकते हुए मिली जब उसका पिता रामस्वरूप घर में आया। घटना के समय मांगीलाल की पत्नी बच्चों को लेकर पीहर गई हुई थी। पुलिस के अनुसार मृतक मांगीलाल अत्यधिक शराब पीने का आदी था। प्रारंभिक तौर पर पुलिस का कहना है कि शराबखोरी की लत से परेशान होकर उसने खुदकुशी की है। पिता रामस्वरूप द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर लाश परिवार वालों को सौंप दी।

# समाजसेवी श्रीवर्धन मोहता के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित



सादुलपुर। राजगढ़ नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रमुख भामाशाह श्री श्रीवर्धन मोहता के जन्मदिवस पर 2 जुलाई को उनके द्वारा संचालित भगवानी देवी मोहता अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राजगढ़ शहर के सुप्रसिद्ध सोनी हॉस्पिटल के निर्देशक सेवाभावी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रामावतार सोनी , सौफ्टवेयर विशेषज्ञ रामकृष्ण अत्री, सोनी ब्लड बैंक के संचालन रोशन लाल सैनी तथा मोहता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.एस. राठौड़ व डॉ. हिमांशु बेडवाल ने अस्पताल परिसर में स्थापित मंदिर में दीप प्रज्जवलित कर शिविर का विधिवत उदघाटन किया । राजगढ़ शहर के प्रमुख डॉ. रामावतार सोनी ने रक्तदान संबंधि आवश्यक जानकारियां दी उसके बाद सभी रक्तदाताओं का चिकित्सकीय परीक्षण कर रक्तदान की प्रक्रिया प्रारम्भ की । कुल 250 से अधिक उपस्थित लोगों का परीक्षण करने के पश्चात् दिनभर में युनिट रक्तदान हुआ । रक्तदान शिविर में प्रो अरविन्द गोड़, डा. गजेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. सत्येन्द्र शर्मा, डॉ. सुनील सहारण, आदर्श शिक्षक इन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. राकेश वर्मा, मनीष शर्मा, तथा मोहता ग्रुप के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सक्रिय रहते हुए सुव्यवस्थित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किया। प्रत्येक रक्तदाता को रक्तदान प्रमाण पत्र दिया गया तथा तुलसी मेडिकोज के निदेशक समाजसेवी देवेन्द्र दिनोदिया ने प्रत्येक रक्तदाता को प्रोत्साहन स्वरूप हैलमेट प्रदान किया । श्री मोहता के जन्मदिवस पर 5100 पेड़ लगाने का सघन वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया ।

# खाजूवाला के किसानों में आक्रोश, आंदोलन की दी चेतावनी

## किसानों को नहीं मिल रहा सिंचाई का पानी

खाजूवाला। इंदिरा गांधी नहर के कई क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचने से खाजूवाला के किसान नाराज है। किसानों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर नहर में रेगुलेशन को सही करने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि समय रहते रेगुलेशन सही नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। केडब्ल्यूएम चक के किसानों ने एक पत्र उपखंड अधिकारी को सौंपा है, जिसमें लिखा है कि केडब्ल्यू माइनर का नया निर्माण हो रहा है, जो आरडी एक से दस बनकर पूरा हो गया है। ग्यारह व बारह आरडी अभी बनना शेष है। माइनर के कुल सात मोघे हैं, जिसमें चक नंबर एक केडब्ल्यूएम ए व बी और केडब्ल्यूएम दो का एक नया निर्माण होने से बैड लेवल ऊंचा नीचा हो गया है। इससे सिर्फ पीने का पानी आ रहा है। किसान को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। तीनों मोघों में पानी कम होने के कारण किसान फसल की बिजाई नहीं कर पा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि समय रहते पानी नहीं मिला तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को उपखंड कार्यालय पर सिंचाई विभाग के खिलाफ प्रर्दशन कर आक्रोश जताया गया। इस पर खाजूवाला एसडीएम रमेश कुमार ने सिंचाई विभाग को फटकार लगाते हुए पूरा पानी देने के निर्देश दिए।

## प्रथम पेज का शेष...

### विधानसभा सत्र का...

विधानसभा में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सदन में 12 दिवंगत नेताओं को भी श्रद्धांजलि दी गई। शोकाभिव्यकित् के बाद सदन 11.40 पर सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। शिव विधानसभा से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। युवाओं को रोजगार मिले। बालोतरा को विशेष दर्जा मिले। साथ ही सरकार से मांग है कि जल्द ही छात्र संघ चुनाव करवाएं। भाटी बजट सत्र में शामिल होने पहुंचे हैं।

### मुख्यमंत्री सहित...

देवनानी ने सदस्यों को यह संकल्प दिलाया। देवनानी ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता को समझते हुए संवेदनशील होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करें। प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के बने अथवा बायो डीग्रेडेबल बैग का इस्तेमाल करें। उन्होंने सभी सदस्यों से प्लास्टिक बैग्स का न्यूनतम प्रयोग, इसके उचित निस्तारण के लिए संवेदनशील होने तथा अपने आसपास के लोगों को भी प्लास्टिक बैग के कम से कम उपयोग और पर्यावरण पर प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के प्रति जागरुक करने का आह्वान किया।

### राज्यसभा में बोलते...

रहे हैं। मणिपुर में भी परीक्षाएं हुई हैं। जो भी तत्व मणिपुर की आग में घी डाल रहे हैं, एक समय आएगा जब मणिपुर उन्हें रिजेक्ट कर देगा। जो लोग मणिपुर का इतिहास जानते हैं, उन्हें पता है कि वहां सामाजिक संघर्ष का इतिहास रहा है। इन्हीं कारणों से मणिपुर में 10 बार राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा। मैं इस सदन में देश को बताना चाहता हूं कि 1993 में मणिपुर में ऐसी ही घटनाएं हुई थीं, जो 5 साल चली थीं। यह इतिहास समझकर हमें स्थितियों को ठीक करना है।

### सड़क सुरक्षा के...

से विभिन्न देशों में सड़क सुरक्षा को लेकर अपनायी जा रही सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों को समायोजित कर सड़क हादसों में कमी लाने के लिए राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्य योजना को तैयार किया जा रहा है। इस कार्य योजना का क्रियांन्वयन तीन चरणों में किया जाएगा जिसमें प्रथम चरण 2025 से 2027, द्वितीय चरण 2027 से 2030, तृतीय चरण 2030 से 2033 के मध्य संचालित किया जाएगा। जिसके बाद इस कार्ययोजना की समीक्षा की जावेगी। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा तैयार की जा रही यह कार्य योजना सरकार के 100 दिवसीय कार्य योजना का हिस्सा है। जिसके क्रियान्वयन को लेकर सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा, परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### झारखण्ड में फिर...

की माने तो हेमंत सोरेन आज ही शपथ लेने की तैयारी में हैं। इससे पहले रांची में सीएम हाउस में विधायक दल की बैठक हुई। इसमें हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया है। सभी विधायकों को सीएम हाउस में ही रहने को कहा गया है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन 5 दिन पहले जेल से रिहा हुए हैं। उनकी रिहाई के साथ ही झारखंड की राजनीति गरमा गई है। सीएम हाउस पर आज इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई। बैठक में जेएमएम-कांग्रेस और राजद के विधायक और मंत्री शामिल हुए।

### स्कूलों में होगी...

अधिकारियों को जानकारी देना है कि हम नशा मुक्ति के लिए आगामी दिनों में क्या करने जा रहे है। जिला कलक्टर ने कहा कि विद्यालयों में 'नो बैग डे' दिवस पर प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत वाद विवाद, संगोष्ठिया, निबंध प्रतियोगिता, बाल संसद, पोस्टर तथा पेंटिंग्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। स्कूल में सर्वाधिक उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही पंचायत, गांव तथा शहरों के वार्डों की दीवारों पर नारा लेखन तथा पेंटिंग बनाई जाएगी। जिला कलक्टर ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में नशा मुक्ति अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाएगा। जिसके सदस्यों की समय-समय पर बैठक बुलाई जाएगी, जिससे नशा मुक्ति को लेकर उनका फीडबैक लिया जा सके। जो पंचायतें बेहतर कार्य करेगी, उन्हें स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस सहित अन्य कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाएगा। सभी दुकानों पर नशा मुक्ति के पोस्टर चस्पा किए जाएंगे तथा सरकारी पत्राचार में नशा मुक्ति का लोगो लगाना अनिवार्य किया जाएगा। सभी सार्वजनिक कार्यों में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता भाषण दिया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शिक्षण संस्थानों के नजदीक 100 मीटर के भीतर अगर कोई नशा विक्रय करते हुए मिलता है, तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर 100 मीटर दायरे में नशा विक्रय मंजूर नहीं किया सकता। पौधारोपण की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि पंचायती राज विभाग को साढ़े पांच लाख पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है। जिसके तहत उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिए की पौधारोपण के लिए गड्ढों की खुदाई, पौधों की बुकिंग करना तथा पौधारोपण करने जैसे कार्य समय पर कर ले। जिला कलेक्टर ने कहा कि पौधारोपण करना ही मकसद नहीं है, बल्कि उन्हें बच्चों की तरह पालन पोषण कर बड़ा करना तथा सुरक्षित करना पौधारोपण का मूल उद्देश्य है। दो महीने बाद जिओ टैगिंग के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया जाएगा कि कितने पौधे सुरक्षित है। नगर परिषद आयुक्त श्री सुरेंद्र यादव ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में सौ-सौ पौधे आमजन को वितरित किए जाएंगे ।

बैठक में जिला कलेक्टर सहित एडीएम उम्मेदी लाल मीना, एडिशनल एसपी श्रीमती नीलम चौधरी, जिला परिषद सीईओ सुश्री सुनीता चौधरी, हनुमानगढ़ एसडीएम डॉ. दिव्या चौधरी, कृषि विपणन संयुक्त निदेशक सुभाष चंद्र डूडी, आईसीडीएस उपनिदेशक प्रवेश सोलंकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के उपनिदेशक सुरेंद्र कुमार पुनिया उपस्थित रहे।

### सघन पौधारोपण...

निकलवाने व मस्टरोल जारी करने का कार्य कर लिया गया है। पौधारोपण के लिए गड्ढे खुदवा दिए गए हैं। एक जुलाई से बारिश होने के साथ पौधों की मांग व उन्हें रोपने का कार्य शुरू कर दिया है। सातों पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों ने अपने-अपने स्तर पर डीएफओ को पौधों की डिमांड भेज दी है। अधिकतर पौधे वहीं लगाए जाएंगे जहां चारदीवारी है। नीम, जामुन, कनेर के अलावा फलदार पौधे लगाए जाएंगे। प्रत्येक विभाग को तय लक्ष्य दिया गया है। इसके तहत उन विभागों ने तैयारी की है। सभी विभागों को डीएफओ की ओर से पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। सब विभाग उन्हें दिए गए लक्ष्य को पूरा करने में जुटे हुए हैं। प्राइवेट एजेंसी से भी पौधा लेकर आमजन पौधारोपण कर सकते हैं। पौधारोपण अभियान में विभिन्न संस्थाओं व जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा। जो भी पौधा लगेगा एप के जरिए उसके जियो टैगिंग होगी। इस संबंध में विभागों को ट्रेनिंग दी जाएगी। सभी विभागों ने पौधारोपण के लिए अपने-अपने स्तर पर नोडल अधिकारी लगाए हैं।

### विधायक गणेशराज ने...

का महत्व बताया और कहाकि मंदिर के जीर्णोद्धार एवं श्रद्धालुओ के लिए ठहरने के लिए आश्रय, पार्क एवं अन्य सुविधाओं सहित पेनोरमा विकसित करने की जरूरत है। इस पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च अनुमानित हैं। इससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी। विधायक ने माँ भद्रकाली के प्राचीन मन्दिर को जाने वाली सडक के चौडाईकरण (धान मण्डी हनुमानगढ टाऊन से माँ भद्रकाली मन्दिर) व कॉज-वे के स्थान पर हाई लेवल पुल के निर्माण एवं उक्त मार्गाधिकार के मध्य में 7 मीटर कारपेट रोड व दोनों तरफ पैदल यात्रियों के आवागमन हेतु कॉरिडोर निर्माण की भी मांग रखी और इस पर करीब 22 करोड़ रुपए का अनुमान बताया है। उन्होंने प्राचीन ऐतिहासिक माँ करणी मन्दिर के जीर्णोद्वार एवं उपलब्ध 15 बीघा भूमि पर श्रद्धालुओ के लिए ठहरने के लिए आश्रय, पार्क एवं अन्य सुविधाओं सहित पेनोरमा विकसित किए जाने का आग्रह किया जिस पर करीब 2 करोड रुपए खर्च का अनुमान है।

# लव मैरिज करने वाला युगल दो हफ्ते से संदिग्ध हालत में लापता

## घूमने जाने का कह कर घर से गया था

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

लव मैरिज करने वाला एक युगल परिस्थितियों में लापता हो गया है। यह युगल लगभग दो हफ्ते पहले जरूरत का सामान लेकर घूमने फिरने जाने का कह कर गया था, जिसका अब परिवार वालों से कोई संपर्क नहीं हो रहा। मामला लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के गांव डूंगरसिंहपुरा का है। पुलिस के मुताबिक डूंगरसिंहपुर के महावीर मेघवाल ने रिपोर्ट दी है कि उसका बेटा अमित (21) और पुत्रवधू प्रांजल (19) विगत 22 जून से लापता हैं। दोनों घूमने जाने का कहकर घर से गए थे जो अभी तक वापस नहीं आए। संपर्क करने पर भी उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा। जांच कर रहे हवलदार रामेश्वर ने बताया कि अमित ने लगभग 1 वर्ष पहले हनुमानगढ़ जिले के पक्का सहारण की निवासी प्रांजल अरोड़ा से लव मैरिज की थी। अमित शादी करने के बाद पत्नी के साथ अपने घर में ही रह रहा था। परिवार वालों ने बताया कि उनके जाने के बाद 4 दिन तक तो संपर्क होता रहा। उसके बाद मोबाइल फोन पर संपर्क नहीं हुआ। दोनों के मोबाइल फोन बंद आ रहे हैं। पुलिस ने कहा कि पता लगाया जा रहा है का दोनों कहां घूमने के लिए निकले थे। दोनों के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल तथा लोकेशन को पुलिस खंगाल रही है।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति संगरिया**

ई-मेल आईडी- egspssngr@gmail.com

क्रमांकःपंसस/स्टोर/2024-25/4023 दिनांकः 02.07.2024

**सीमित निविदा**

सर्वसाधारण / रजिस्टर्ड फर्म को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण विकास विभाग एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना हेतू वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) हेतु वार्षिक अनुबंध हेतू पंचायत समिति कार्यालय में सामग्री / कार्यों हेतू मुहरबंद लिफाफा में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसका सम्पूर्ण विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Detail:- ZHG2425A0023

UBN Detail:- ZHG2425WSRC00059

नोटः- निविदा फार्म व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी व प्राप्त की जा सकती है।

(श्याम सुन्दर मूंड)

विकास अधिकारी

पंचायत समिति संगरिया

# हरा-भरा होगा चूरू, लगेंगे 18 लाख 76 हजार 822 पौधे

» 'ट्री आउटसाइड फोरेस्ट इन राजस्थान' अभियान की मंशा के अनुसार जनसहभागिता से सफल होगा वृक्षारोपण अभियान

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदेश में प्रकृति के संरक्षण व हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने की मंशा के साथ चूरू के भौगोलिक परिदृश्य को हरियाली से आच्छादित करने के लिए जिले के सभी विभागों के समन्वय से 18 लाख 76 हजार 822 पौधे लगाए जाएंगे। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा की गई बजट घोषणा 2024-25 में 'ट्री आउटसाइड फोरेस्ट इन राजस्थान' योजना के तहत चूरू वन विभाग की 14 नर्सरियों में 11 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इसी क्रम में महात्मा गांधीनरेगा योजनान्तर्गत 5 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। वन विभाग द्वारा 350 हैक्टेयर भूमि में 1.85 लाख पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग की नर्सरियों में तैयार किए गए पौधे जनसाधारण को न्यूनतम दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

### जनसाधारण को वितरण के लिए तैयार किए 11 लाख पौधे

जनसहभागिता से वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु वर्ष 2024-25 के लिए जिले में वन विभाग की 14 नर्सरियों में वितरण हेतु 11 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इन पौधे में नीम, बेर, खेजड़ी, शीशम, रोहिड़ा, सहजना, अरडू, बरगद, पीपल, बिलपत्र, लसोड़ा, झिंझा, शहतूत, अशोक, गुलमोहर, केसिया सेमिया, कचनार, नींबू, अमलतास, आंवला, जामुन, इमली, अमरूद, अनार, करंज, बकायन, मीठा नीम, जाल आदि छायादार व फलदार प्रजाति के 12 माह के 8 लाख 80 हजार 750 पौधे तथा 24 माह के 2 लाख 19 हजार 252 पौधे तैयार किए गए हैं।

### न्यूनतम दरों पर उपलब्ध करवाए जा रहे पौधे

वन विभाग द्वारा जनसाधारण को न्यूनतम दरों पर पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। कांटेदार प्रजाति के पौधे के लिए 5 रुपए तथा छायादार व चौड़ी पत्ती वाले 2 फीट की उंचाई तक के पौधे के 6 रुपए, 2 से 3 फीट की उंचाई के पौधे के 10 रुपए, 3 से 5 फीट उंचाई के पौधे के 15 रुपए, 5 से 8 फीट उंचाई के पौधे के 25 रुपए, 8 से 10 फीट उंचाई के पौधे के 50 रुपए, 10 फीट से अधिक उंचाई के पौधों के 75 रुपए प्रति पौधा निर्धारित किए गए हैं।

### इन 14 नर्सरियों से प्राप्त कर सकेंगे पौधे

चूरू जिले की राजगढ़ रेंज की चांदगोठी नर्सरी में 25000, रेंज कैम्पस राजगढ़ में 90750, बीड़ राजगढ़ लीलकी में 85000, रतनगढ़ रेंज की रतनगढ़ नर्सरी में 60000, राजलदेसर नर्सरी में 65335, तारानगर रेंज की तारानगर नर्सरी में 108317, भालेरी नर्सरी में 1 लाख, चूरू रेंज की चूरू मुख्यालय नर्सरी में 35000, पीएमसी नर्सरी चूरू में 75000, गाजसर नर्सरी में 25000, सरदारशहर रेंज की सरदारशहर रेंज कैम्पस नर्सरी में 147645, बंधनाऊ नर्सरी में 38940 तथा सुजानगढ़ रेंज की गोपालपुरा नर्सरी में 95000 व साण्डवा नर्सरी में 149015 पौधे जन साधारण को उपलब्ध कराने के लिए तैयार किए गए हैं।

### जिले में 18.76 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य

वृक्षारोपण अभियान अन्तर्गत जिले में सभी विभागों के समन्वय एवं जनसहभागिता से 18 लाख 76 हजार 822 पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण अन्तर्गत जिले के 49 स्थानों पर 300 हैक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है, जिस पर महानरेगा योजनान्तर्गत सघन वृक्षारोपण किया जाएगा।

# मुख्य प्रबन्धक को यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

राजस्थान राज्य परिवहन पथ निगम में राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू शाखा की ओर से रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में राजस्थान राज्य परिवहन पथ निगम के मुख्य प्रबन्धक को ज्ञापन सौंपा। शाखा अध्यक्ष महेन्द्र ने बताया कि चालकों एवं परिचालकों से वरिष्ठतानुसार कार्य नहीं लिया जा रहा है। प्रशानिक मनमर्जी से कार्मिकों की परिकलकम को नजरअंदाज कर कार्य लिया जा रहा है। परिणामस्वरूप वरिष्ठ कार्मिक मार्ग पर कार्य कर रहे है और जुनियर कार्मिकों को ऑफिसों में बैठे है। वर्ष 2013 में नियुक्त बालको के 7 वें पे कमीशन फिक्सेशन की विसंगती का दूर किया जावे। निगम के अन्य आगार में वर्ष 2013 में चयनित व नियुक्त कार्यरत चालकों व आगार के बालकों को फिक्सेशन में एक वार्षिक वेतनवृद्धि का अंतर है। जिसके संबंध में आगार के चालकों की ओर से व्यक्तिगत रूप से निवेदन किया जा चुका है लेकिन आगार कार्यालय द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। राजगढ़ बस स्टैण्ड के संबंध में एसडीएम राजगढ़ के आदेशों की पालना करवाई जाए। डीपो परिसर में निमार्ण ठेकेदार द्वारा अनुचित प्रकार से सिवरेज निर्माण सामग्री के भण्डारण को संबंध में क्या निगम प्रशासन ने अनुमति जारी की है या अवैध कब्जा करवाने की नियत से यह हो रहा है। चालको एवं परिचालको को ऑवर टाईन का कार्य नहीं हो रहा है। मारीरीक रूप से ऑवर टाईम के देयक तैयार करने के साथ-साथ निरस्तीकरण पंजिका संधारण का कार्य करवाया जाता। चालको एवं परिचालको को साप्ताहिक विश्राम एवं ओडीआर का उपभोग समय पर नहीं करवाया जा रहा है। मेडिकल अनफिट कार्मिको के फिटनेस की जांच कर मूल पदानुरूप कार्य लिया जावे। आगार कार्यशाला में तकनिकी कार्मिकों की कमी के कारण वाहनों के यांत्रिक कार्य प्रभावित हो रहे है। अत तकनिकी कार्मिकों की कमी को दुर करने के लिए प्रयास करना चाहिए। आगार कार्यालय में पदस्थापित मंत्रालयिक कार्मिकों के कार्य की समीक्षा कर वर्षो से एक ही सीट व शाखा में कार्यरत कार्मिको का हटाकर अन्य शाखाओं में कार्य दिया जायें। आगार में कार्यरत कार्मिकों के वेतन का भुगतान माह के प्रथम दिवस को करवाया जाना चाहिए। सेवानिवृत कर्मचारियों के बकाया परिलाभों के भुगतान की कार्यवाही शीघ्र करवाई जाये।आगार बस स्टैण्ड के मुख्य गेट पर एक निगम कार्मिक की डयूटी लगाई जाये क्योंकि अनाधिकृत प्राईवेट वाहने बस स्टैण्ड के अंदर से घुम कर जा रही है जिनकी रोकथाम की जाए। अगर आगार कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र निराकरण की कार्यवाही 7 दिन के अंदर करवावे अन्यथा मजबुरीवश कर्मचारी आंदोलन व कार्यालय के सामने घरने प्रदर्शन जैसी कार्यवाही करेंगे। इस अवसर पर सीटू शाखा सचिव राजकुमार, ईटक शाखा सचिव देवीलाल, सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष तालिम हुसैन आदि मौजूद रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस पर बैनर का विमोचन



**सूरतगढ़. कैलाश सोनी।** महावीर इन्टरनेशनल के स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष में देश भर के केन्द्रों द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत सेवा सप्ताह के तीसरे दिन आज अन्तर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस पर देश के कई केन्द्रों द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बन्द करने के सम्बन्ध में जन जाग्रति अभियान के अन्तर्गत बैनरों का विमोचन किया जा रहा है। इसी क्रम में सूरतगढ़ में अतिरिक्त जिला कलक्टर कन्हैया लाल सोनगरा ने एक सादे समारोह में बैनर का विमोचन किया, जिन्हें अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जायेगा। श्री कन्हैया लाल सोनगरा ने महावीर इंटरनेशनल द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए उठाये जा रहे इस कदम सहित सभी सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि सभी संस्थाओं सहित प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक पौधारोपण करें एवं पेड़ का रूप धारण करने तक उनकी लगातार सिंचाई करें तभी हम पर्यावरण को बचा पायेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता रामस्वरूप बारूपाल, महावीर इन्टरनेशनल के सम्भागीय अध्यक्ष संजय बैद, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा, गवर्निंग काउंसिल सदस्य सत्यनारायण झंवर, सूरतगढ़ केन्द्र के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, कालूराम बिश्नोई, ओम प्रकाश कारगवाल, धनराज नवलखा, पूर्ण राम कारगवाल, सचिव राजेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## वार्ड 34-35 के वासियों ने पेयजल के लिए दिया ज्ञापन



**चूरू. जगदीश सोनी।** वार्ड नं. 34-35 वासियों ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया। वार्ड नं. 34 के प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि करीब दस रोज से वार्ड नं. 34-35 में जलापूर्ति एकदम से बन्द है। शर्मा ने यह बताया कि जिला कलक्टर महोदय को भी मौखिक रूप से बताया था। आज वार्ड के लोग मजबुर होकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन दिया। वार्ड वासियों ने यह भी कहा कि अगर जल्द से जल्द पेयजल सप्लाई पुनः चालु नहीं हुई तो फिर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पडेगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद शर्मा, राजकुमार लखेरा, सत्यनारायण व्यास, भवानी शंकर, निवास माली, बीटू शर्मा, विनोद राव, भवरलाल मीणा एवं विमल कुमार शर्मा आदि मौजुद थे।

## सामाजिक अंकेक्षण 6 से 10 जुलाई तक

**चूरू।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा एवं एसबीएम में स्वीकृत शौचालयों के सामाजिक अंकेक्षण कार्य हेतु माह जुलाई 2024 (प्रथम चरण) में करवाए जाने हेतु 06 से 10 जुलाई तक सामाजिक अंकेक्षण कार्य किया जाएगा तथा 11 जुलाई को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहनलाल खटनावलिया ने आदेश जारी कर समस्त विकास अधिकारियों को जारी कार्यक्रमानुसार सामाजिक अंकेक्षण करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण कार्य हेतु संसाधन व्यक्ति नियुक्त किए गए हैं। इसी के साथ जिले की जिन ग्राम पंचायतों में उपचुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता प्रभाव में है, वहां सामाजिक अंकेक्षण कार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जारी कार्यक्रमानुसार जिले की बीदासर पंचायत समिति की ढाणी स्वामीयान, दूंकर व घंटियाल बड़ी ग्राम पंचायत, चूरू पंचायत समिति की ढाढ़र, दूधवा मीठा व दूधवा खारा ग्राम पंचायत, राजगढ़ पंचायत समिति की चैनपुरा बड़ा, चैनपुरा छोटा, देवीपुरा व ददरेवा ग्राम पंचायत, रतनगढ़ पंचायत समिति की बीनादेसर बीदावतान व बुधवाली ग्राम पंचायत, तारानगर पंचायत समिति की ढाणी कुम्हारान, ढिंगी व धीरवास बड़ा ग्राम पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण कार्य किया जाएगा।

# जिला कलक्टर ने किया नशा मुक्ति अभियान के पोस्टर का विमोचन

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



नशा मुक्ति गंगानगर के लिए जारी ऑपरेशन सीमा अभियान के तहत जिला कलक्टर लोकबंधु ने बुधवार को गुड शेपर्ड पब्लिक स्कूल के जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने नशे को सामाजिक बुराई बताते हुए इसे समाप्त करने में समाज के सभी वर्गों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि नशा मन के साथ-साथ तन के लिए भी घातक है। सभी को इससे बचना चाहिए। इसी कड़ी में नशा मुक्त भारत और नशा मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जिले में ऑपरेशन सीमा शुरू किया गया है। इसके तहत आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिले के समस्त विद्यालयों में गोष्ठियों, नुक्कड़ नाटक, सेमिनार, पोस्टर, नारा लेखन जैसी गतिविधियों से विद्यार्थियों और उनके माध्यम से अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विक्रम सिंह शेखावत, स्काउट गाईड प्रतिनिधि सहित अन्य मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि गुड शेपर्ड पब्लिक स्कूल का स्काउट इस वर्ष भारत स्काउट गाईड मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता में भागीदारी करेगा। प्रतियोगिता के अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान व कौशल विकास विषयों पर गतिविधियां संचालित होगी। आयोजित प्रतियोगिता में नशा मुक्ति रोकथाम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये रैली, नशा मुक्ति पोस्टर, सेमिनार, प्रदर्शनी, स्टीकर, नारा लेखन तथा प्लास्टिक सामग्री का पुनः उपयोग मोमबत्ती बनाना, चोक बनाना, पीओपी से मूर्तियां बनाने जैसे कार्य सम्मिलित है।

# प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानगढ़ में सत्र 2023-2024 बोर्ड परीक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अखिल भारतीय मैत्री मंच एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, भारत की सुजानगढ़ शाखा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शर्मिला सोनी (राष्ट्रीय संयोजिका एवं पार्षद) एवं विशिष्ट अतिथि स्नेह प्रभा मिश्रा (जिला महामंत्री), प्रकाशचंद्र सोनी, ओंकारमल पारीक, भंवर लाल गिलान, तृप्ति सोनी, प्रियांश सोनी आदि मंचस्थ रहे। कार्यक्रम में 12वीं साइंस से नेहा सुंडा 90:, दक्ष प्रजापत 86:, गजानन प्रजापति 85.40: व 12वीं कॉमर्स में लोकेश शर्मा 87.40:धीरज प्रजापत 69.80: प्रदीप गुजराती 75.80: 12वीं कला में पूनम चारण 73.40:, मोनू सामरिया 70.20 और 10जी में सोनू लोड़ा73.23: मोहित चौहान 71.17: सहित विद्यालय के 30 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। शर्मिला सोनी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। शिक्षाविद मिश्रा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ अनुशासन बद्ध होकर भविष्य संवारने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षा मंजू पवार ने प्रतिभाओं को प्रेरणा देते हुए समाज परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन करने एवं विविध क्षेत्रों की जानकारी देकर आगे बढ़ने हेतु आग्रह किया। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालक रामेश्वर लाल खीचड़ ने किया।

# आधार केन्द्रों का औचक निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

जिले में आधार संचालकों द्वारा फर्जी दस्तावेज/गलत बायोमैट्रिक/ निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलना आदि बरती जा रही अनियमितताओं की रोकथाम एवं शिकायत विषयों की जांच के लिए जिला कलक्टर लोकबंधु द्वारा औचक निरीक्षण के निर्देश प्रदान किये गये थे। इसकी पालना में 25 जून से 28 जून के दौरान समस्त उपखण्ड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग श्रीगंगानगर के अधीन कार्यरत आधार नामांकन केन्द्रों का औचक निरीक्षण प्रशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विभाग की संयुक्त निदेशक रूचि गोयल बताया कि टीम द्वारा कुल 37 आधार केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग सभी आधार सुविधा केन्द्रों पर यूआईडीएआई द्वारा जारी गाइडलाइन के अनूरूप ही कार्य किया जा रहा था। केसरीसिंहपुर में संचालित बाल आधार नामांकन केन्द्र आधार पर रेट लिस्ट बाहर सदृश्य स्थान पर नहीं लगी हुई थी। इसके संबंध में ऑपरेटर गोविंद कुमार को रेट लिस्ट सदृश्य स्थान पर लगाने बाबत पाबंद किया गया। टीम द्वारा समस्त आधार सुविधा केन्द्रों को आमजन की सुविधा हेतु टोकन व्यवस्था अनुसार कार्य करने, पानी एवं बैठने की पर्याप्त व्यवस्थायें करवाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि आधार कार्य हेतु निर्धारित दरों में सभी आयु वर्ग का नवीन आधार नामांकन निःशुल्क, 5 से 7 व 15 से 17 आयु वर्ग के बच्चों का अनिवार्य बायोमैट्रिक अद्यतन निःशुल्क, 7 से 14 व 17 से अधिक आयु वर्ग के बच्चों का अनिवार्य बायोमैट्रिक अद्यतन के 100 रूपये, आधार में नाम, पता, लिंग, जन्म दिनांक, मोबाइल न. एवं ईमेल आईडी अद्यतन के 50 रूपये, आधार में फोटो, अंगुलियों के निशान व आंखो की पुतली अद्यतन के 100 रूपये है। उन्होंने बताया कि 10 वर्ष पूर्व बने आधार में प्रूफ आफ एड्रेस एवं प्रूफ आफ आइडेंटिटी दस्तावेज अपलोड करना- यूआईडी एआई की ऑफिशियल वेबसाईट पर आमजन द्वारा 14 सितम्बर तक निःशुल्क किया जा सकता है एवं आधार सुविधा केन्द्र पर 50 रूपये शुल्क देकर उक्त कार्य करवाया जा सकता है।

# सिलाई सिखलाई कैंप का समापन

» बेहतरीन सिलाई सीखने वाली 5 लड़कियों को दी सिलाई मशीनें

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह शहीद में आज 30 रोज़ा सिलाई सिखलाई कैंप की समाप्ति समारोह पर बोलते गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार तेजिंदर पाल सिंह टिम्मा ने कहा कि हम सब की दिली इच्छा थी कि हर समाज की बेटी आत्मनिर्भर बने। क्योंकि आत्मनिर्भर बेटियां ही स्वस्थ समाज का निर्माण करती है। और ऐसी बेटियां सिर्फ अपने साथ पूरे परिवार को स्वालंबी ही नही बनाती बल्कि समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण योगदान डालती हैं बेटियों ने बड़ी शिद्दत और जिम्मेवारी के साथ कैंप में हिस्सा लिया। 65 लड़कियों ने सिलाई, कढ़ाई और कटिंग सीखी। सबसे अच्छा सीखने वाली 5 लड़कियों कोमल, महक, अंशदीप कौर, गुरदीप कौर व सिमरन कौर को गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह जी की तरफ से सिलाई मशीन भेंट की गई। बाकी लड़कियों को किट सैट दिए गए। मुख्य सेवादार टिम्मा ने कैंप के सफल आयोजन के लिए विशेषकर प्रभजोत कौर, मनप्रीत कौर, गुरदीप कौर व सोनिया का आभार व्यक्त करते हुए घोषणा की अगले कैंप में बढ़िया सिलाई कढ़ाई सीखने वाली 31 लड़कियों को सिलाई मशीन भेंट की जाएंगी। जिसका सभी लड़कियों ने करतलध्वनी से स्वागत किया।

# नशा मुक्त गंगानगर अभियान में सभी विभाग सुनिश्चित करें अपनी सहभागिता

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने दिए निर्देश

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

जिला कलक्टर लोक बंधु ने बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में विभागीय अधिकारियों से अब तक हुई प्रगति की जानकारी लेते हुए जिला कलक्टर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त गंगानगर के लिए जिले में शुरू किए गए ऑपरेशन सीमा की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि इस अभियान में सभी विभाग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जो दायित्व उन्हें अभियान के तहत सौंपे गए हैं, उसके तहत नियमित गतिविधियां की जाए और विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शारीरिक शिक्षकों को काउंसलिंग के लिए प्रशिक्षित करने के साथ-साथ छात्रवृत्ति प्रकरणों का विभाग द्वारा समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जाए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के भौतिक सत्यापन में एसडीएम और बीडीओ से समन्वय कर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिले में ''मिशन सम्बल'' अभियान का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से कोई भी पात्र वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने उपखंड स्तर पर नुक्कड़ नाटक मंचन के लिए टीमें गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कलाकारों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विक्रम सिंह ने विभाग योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने टीकाकरण और एएनसी के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों की पालना में कार्यवाही की जाए। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जिले के समस्त क्षेत्रों में एंटी लार्वा गतिविधियों की नियमित समीक्षा करते हुए फॉगिंग करवाई जाए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने जिला कलक्टर को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया।

## विद्युत समस्याओं के निस्तारण के लिये कंट्रोल रूम संचालित

**श्रीगंगानगर।** विद्युत संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिये जिले में जोधपुर डिस्कॉम की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में कंट्रोल रूम संचालित किये जा रहे हैं। जोधपुर डिस्कॉम के एसई एलएस मान ने बताया कि भगत सिंह चौक, खालसा नगर, ब्लॉक एरिया, प्रेम नगर, सेतिया कॉलोनी क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के निस्तारण के लिये उपभोक्ता 0154-2442074, 9414058706, पॉवर हाउस गेट, सिविल लाईस, गोल बाजार क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के निस्तारण के लिये उपभोक्ता 0154-2442073, 9414058713 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी तरह पुरानी आबादी क्षेत्र के लिये उपभोक्ता 0154-2442018, 9414058697, कृषि उपज मंडी समिति, प्रेम नगर, सेतिया फार्म, क्लॉथ मार्केट क्षेत्र के लिये 9414058709, सद्भावना नगर, बसंती चौक, पंजाबी बाग क्षेत्र के लिये उपभोक्ता 9414058710, सरकारी हॉस्पिटल, मॉडल टाउन क्षेत्र के लिये उपभोक्ता 9414058732, कुंज विहार, श्याम नगर, पटाखा फैक्ट्री क्षेत्र के लिये उपभोक्ता 9414058696, जेसीटी मिल, भरत नगर, लेबर कॉलोनी के लिये 0154-2442019, 9414058689, जवाहर नगर, अग्रवाल कॉलोनी, मौसम विभाग क्षेत्र के लिये उपभोक्ता 9413359711, 0154-2442037, शनि मंदिर, जे ब्लॉक, गुरूनानक बस्ती के लिये 9413359732 और 0154-2442036 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला कंट्रोल रूम 0154-2442087, 9413359741 पर भी संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह एफआरटी हैल्पडेस्क से भी संपर्क कर विद्युत समस्याओं की जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि गंगानगर (शहर खण्ड) 9251645936, 9251645937, (शहर प्रथम) 9251646127, (शहर द्वितीय) 9251646128, (शहर तृतीय) 9251646129 पर संपर्क किया जा सकता है। श्रीगंगानगर ग्रामीण क्षेत्र में 9251646130, लालगढ़ में 9251646131, सादुलशहर में 9251645938, केसरीसिंहपुर में 9251645939, सूरतगढ़ शहर में 9251645942, सूरतगढ़ ग्रामीण में 9251645943, बीरमाना में 9251646135, गजसिंहपुर में 9251646132 और श्रीकरणपुर में 9251646134 पर संपर्क कर विद्युत संबंधी समस्या दर्ज करवाई जा सकती है।



# मुख्यमंत्री सैनी ने ली कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक विधानसभा चुनाव को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## - कार्यकर्ताओं को चक्कर कटवाने वाले अफसर के चक्कर मैं कटवा दूंगाः मुख्यमंत्री

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है और किसी भी कार्यकर्ता की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि कोई भी पार्टी का कार्यकर्ता आपके पास सही काम करवाने आए तो उनका पहली बार में ही काम कर देना। मुख्यमंत्री बुधवार को सीडीएलयू के मल्टी पर्पज हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जिलाध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री बहुत खुश दिखे। यहां उन्होंने बोला कि यदि कोई अधिकारी काम करने की एवज में कार्यकर्ताओं के चक्कर कटवाएगा और मुझे चंडीगढ़ में आकर शिकायत करेगा तो अधिकारियों के चक्कर मैं कटवा दूंगा। कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री के उद्बोधन के बाद जबरदस्त खुश दिखे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग हमेशा झूठ व भ्रम फैलाने का काम करते हैं और भारतीय जनता पार्टी जनता के बीच में रहकर उनके काम करती है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता के बीच जाकर कांग्रेस द्वारा फैलाई जा रहे झूठ का पर्दाफाश करें और जनता को बताएं कि कांग्रेस के राज में किस प्रकार रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए तीन-तीन दिनों तक लाइनों में लगना पड़ता था और कैसे 2000 रुपए की ब्लैक में सिलेंडर तुरंत मिल जाता था। कांग्रेस राज में तीन से चार घंटे लाइट रहती थी परन्तु आज गांव-गांव में सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंचों को गांव में 21 लख रुपए तक की राशि से विकास कार्य करवाने की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 रुपए से कम है, उन्हें मुफ्त में सौर ऊर्जा से संचालित सोलर पैनल दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की डबल इंजन सरकार आमजन के हितों के सभी काम कर रही है और भविष्य में भी करती रहेगी। इस अवसर पर बिजली मंत्री रणजीत सिंह, पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल, सुरेंद्र पूनिया, वेद फुल्लां, जिला अध्यक्ष निताशा सिहाग, अशोक तंवर, राम चंद कम्बोज, बलकोर सिंह , आदित्य देवी लाल, सतीश जग्गा, मीनू बैनीवाल, प्रमोद कंबोज, अमन चोपड़ा सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# प्रवेश आयु 5 वर्ष रखने की मांग, शिक्षामंत्री के नाम जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



राज.शि.संघ शेखावत की प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर जिला कमेटी ने कक्षा एक में प्रवेश आयु 6 वर्ष करने के विरोध में जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ को सौंपा। जिला मंत्री राम निवास ने बताया कि ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि वर्तमान समय अभिभावक छोटी आयु में प्रवेश करवाना चाहता है, ऐसे में अगर प्रवेश आयु 6 वर्ष ही रखी जाती है सरकारी विद्यालयों में प्रवेश की दर बहुत कम हो जाएगी। वही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुपालना में पहली कक्षा में प्रवेश की आयु पाँच वर्ष के स्थान पर 6 वर्ष की गई है, उसे पूर्ववत 5 वर्ष ही रखा जाने का भी आग्रह किया है,इसके अभाव में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा संचालित ही नहीं होगी।पाँच वर्ष के समस्त बच्चे प्राइवेट स्कूल में दाख़िला लेंगे,परिणाम स्वरूप प्रदेश में 8-10 लाख बच्चो का नामांकन कम होगा।जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल बताया कि एक बार जिस बच्चे ने निजी स्कूल में प्रवेश ले लिया तो अगली साल वह सरकारी स्कूल में नहीं आएगा, तो अगले सत्र में पहली और दूसरी कक्षाएँ सरकारी स्कूलों में नहीं चलेंगी। संगठन ने माँग कर अविलम्ब प्रवेश की आयु पाँच वर्ष करने का आग्रह किया है,ताकि सरकारी विधालयों में नामांकन वृद्धि हो सके ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ शिक्षक नेता साहब राम व नौरंग भारती, पीलीबंगा उपशाखा अध्यक्ष सुरेन्द्र सहारण, मंत्री पाईलेट मीणा, जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल, जिला मंत्री राम निवास, ब्लॉक अध्यक्ष हनुमानगढ़ दलीप सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य दारा सिंह, लक्ष्य चौधरी व अनिल कुमार शामिल रहे।

## डॉ.भीमराव अंबेडकर नवयुवक संघ भागसर ने किया विद्यार्थियों का सम्मान



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** डॉ.भीमराव अंबेडकर नवयुवक संघ शाखा भागसर द्वारा बुधवार को उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। ग्राम के परीक्षा परिणाम में उच्चतम अंक पाने वाले एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 91 प्रतिभाओं को नगद प्रोत्साहन एक राशि देकर भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करने का आग्रह किया।संस्था अध्यक्ष भारत भूषण ने शिक्षा एवं खेलकूद में संस्था द्वारा करवाए जा रहे कार्य एवम गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए आमजन से भी होनहार विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करने की बात कही। आदर्श विद्या मंदिर व्यवस्थापक श्रवण कुमार बिश्नोई ने सभी का आभार जताया।मौके पर अंबेडकर नवयुवक संघ कोषाध्यक्ष रोशन लाल परिहार, महासचिव रामलाल, अध्यापक मनोज कुमार, प्रधानाचार्य सुमन लता बिश्नोई नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष भीमसेन पटीर, रमेश कुमार, हरीश कुमार, श्योकरण, भजन लाल, रामदयाल, अंकुश कुमार, लवदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्री कृष्ण गौशाला पीलीबंगा गांव को दिया एक लाख रुपए का दान



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** पंचायत पीलीबंगा ग्राम की गौशाला में एक दानदाता परिवार ने गौवंश हितार्थ आर्थिक सहयोग दिया है। कालू राम हुड्डा ने बताया कि पीलीबंगा ग्राम निवासी स्व. चौधरी श्रीराम बुरड़क की रस्म पगड़ी/ पाणी ढाल पर उनके पुत्र राजेन्द्र बुरड़क, महेन्द्र बुरड़क, सुरजीत बुरड़क, रामस्वरूप बुरड़क, रामकुमार बुरड़क ने एक लाख रुपए का आर्थिक सहयोग श्री कृष्ण गौशाला को दिया है। प्रबंधक कमेटी ने बुरड़क परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार जताया। इस मौके पर सोहन बेनीवाल, प्रेम बेनीवाल, चरणप्रीत बराड, गौ शाला अध्यक्ष दिनेश बेनीवाल, सचिव गोपीराम बेनीवाल, नहरी अध्यक्ष सोहन लाल बेनीवाल,ओमप्रकाश,बिल्लू सहित ग्रामीण गौशाला कमेटी पदाधिकारी व मेंबर्स एवं परिजन मौजूद रहे।

## जीवन पर्यंत सेवा और समर्पण संकल्प के साथ मनाया जन्मदिन



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** पंचायत समिति में बुधवार को डायरेक्टर प्रतिनिधि विक्रम जाखड़ ने जीवन पर्यंत सेवा समर्पण भाव से करने के संकल्प के साथ अपना जन्म दिवस मनाया। प्रधान अमनदीप कौर बरोड की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में गुलाब मेहरडा, नरेश गौतम (रामपुरा), चेतराम (अयालकी), वेद प्रकाश पंवार (प्रेमपुरा), देवीलाल गोलूवाला निशान सिंह बराड़, रामकिशन, गुरतेज सिंह भाग सिंह, एडीओ मालचंद गोगना, सरोज घोयल, जीतराम बारूपाल सहित मौजूद अतिथियों ने हमेशा जरूरतमंद की सेवा करने और मिले हुए दायित्व को बखूबी निर्वहन करने का भरोसा दिलाया।

## कैनल कॉलोनी में हुई एलएस पद्धति से 13 महिलाओं की नसबंदी

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** सीएससी कैनल कॉलोनी में बुधवार को नसबंदी कैंप लगाया। बीसीएमओ सर्जन डॉ. मनोज अरोड़ा ने एलएस पद्धति से 13 महिलाओं की नसबंदी कर परिवार नियोजन का महत्व बताया। कैंप में डॉ.इंदरसैन झाझडिया,डॉ. अनुपमा,स्टाफ नर्स सरिता, ममता रानी, सरोज देवी, नरेश कुमार गुरजिंदर सिंह आदि ने सेवाएं दी। स्टाफ ने ऑपरेशन करने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य की रूटीन जांच कर ऑपरेशन उपरांत रखी जाने वाली सावधानियां से अवगत कराया।

## पीएमश्री स्कूल में हुई बैठक में विद्यालय की आवश्यकता व विकास पर हुआ मंथन

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



राउमा विद्यालय पीलीबंगा का चयन पीएमश्री योजना में होने के संदर्भ में बुधवार को प्रधानाचार्य असगर अली की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक हुई। बैठक में एसीबीईओ पूर्णराम देव एवम रजनीश गोदारा, भाजपा देहात मंडल डबली राठान अध्यक्ष जगतार सिंह बराड़, व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश लीला मंचासीन रहे। बैठक में विद्यालय की विकास कार्ययोजना,शिक्षा और इससे जुड़ी समस्याओ, गतिविधियों, विद्यालय की आवश्यकताओं आदि पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए।कस्बे की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारिओं ने विद्यालय को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रैस क्लब से यश गुप्ता, पत्रकार संघ से मनीष आहूजा, अग्रवाल सभा अध्यक्ष रामस्वरूप लीला, अरोड़वंश सभा अध्यक्ष रैमल मरेजा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष सूरज प्रकाश डाबला व पदाधिकारी विजय दुग्गड़, समाज सेवी लाल चन्द भादू, पूर्व एडीओ केसर देव,पूर्व पालिका अध्यक्ष गंगाराम खटीक,व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोयल, गौशाला अध्यक्ष संजय मांझू, श्री कृष्णा गौसेवा आश्रम अध्यक्ष सुरेश जिंदल, एसडीएमसी में विधायक प्रतिनिधि यशकरण सिंह,तरुण संघ से नारायण बंसल, भारत विकास परिषद अध्यक्ष नारायण बंसल, नगर निकाय के जिला संयोजक सुनील सैन, समाज सेवी साधुराम जैन व मानमल, मिशन ग्रीन पीली बंगा के अध्यक्ष ओमवीर राधव व सचिव नितेश गर्ग, वृक्ष मित्र संस्था से ज्ञान चन्द, उपप्राचार्य आदराम, सीमा चौहान, संतोष कुमारी, तरसेम सिंह गुरदीप सिंह आदि मौजूद थे। मंच संचालन मनोहर लाल बंसल ने किया।इसके अलावा वृक्षारोपण पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मिशन ग्रीन पीली बंगा व वृक्ष मित्र संस्था ने वृक्षारोपण में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## चंदन ने पाया मेरिट सूची में तीसरा स्थान

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव



स्थानीय चौधरी मनीराम झोरड़ राजकीय महाविद्यालय के छात्र चंदन ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किए गए वाणिज्य संकाय के परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय की मेरिट सूची में तीसरा स्थान हासिल करके कॉलेज सहित अभिभावकों का नाम रोशन किया है।प्राचार्य डा. भूषण मोंगा तथा आईक्यूएसी कमेटी की इंचार्ज डा. अमनप्रीत कौर ने इस छात्र को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।प्राचार्य डा. मोंगा ने कहा कि हमारे जीवन में कोई न कोई लक्ष्य होना चाहिए उसमें हमारा परिवार भी पूरे दिल से उस सपने का समर्थन करता है। हमेशा से हमारे कुछ पसंदीदा विषय होते हैं, हमारे जीवन के लक्ष्यों को चुनने में हमारे शिक्षकों का बड़ा महत्व होता है। जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य रखना व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। एक लक्ष्य एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है, जो किसी के प्रयासों को दिशा और उद्देश्य प्रदान करता है। जीवन में एक लक्ष्य न केवल उद्देश्य की भावना पैदा करता है बल्कि जीवन के अहम निर्णय लेने में भी मदद करता है।डा.अमनप्रीत कौर ने इन छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सभी छात्र छात्राओं को मंज़िल निर्धारित कर हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। महाविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डा.जोगिंद्र सिंह ने बताया कि छात्र चंदन ने वाणिज्य संकाय में सीडीएलयू द्वारा जारी मेरिट सूची में तीसरा स्थान हासिल किया है।इसी छात्र ने पाँचवे सेमेस्टर में पूरे विश्वविद्यालय में पहला स्थान हासिल किया था। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय गौरव महसूस करता है।एक अन्य जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस सत्र से कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विषय शुरू हो रहा है। नए सत्र में दाखिला मेरिट सूची 4 जुलाई को जारी होगी व फीस भरने का समय 5 व 6 जुलाई रहेगा। दाख़िले से वंचित विद्यार्थी ओपन काउंसलिंग में भाग ले सकते है। इस मौके पर कॉलेज के सभी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों ने बधाई व हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

## लखासर में ब्लड डोनेशन कैंप 7 को

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** ग्राम लखासर में स्व.राम कुमार पुनिया की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगेगा। यह ब्लड डोनेशन कैंप राजकीय चिकित्सालय परिसर लखासर में 7 जुलाई रविवार को सुबह 9बजे से 12 तक आयोजित होगा। आयोजक संस्था श्री कृष्ण गौशाला समिति ने क्षेत्र के ब्लड डोनर्स से इस कैंप में अधिकाधिक रक्तदान करने का आग्रह किया है। संस्था द्वारा डोनर्स को प्रशस्ति पत्र भी मिलेगा।

## पुलिस सहायता संगठन ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष का जन्मोत्सव मनाया

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



पुलिस सहायता संगठन हनुमानगढ़ ने आज प्रदेश अध्यक्ष लालचंद के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने मिलकर कुल 7 पेड़ लगाए। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष लालचंद धाँधल उपस्थित रहे। उनके साथ जिला अध्यक्ष रिक्की गर्ग, सुरेन्द्र सिंह, सुभाष लोहरा, चिमन लाल नागपाल, भगवानदास गर्ग, मदन जिनागल, शंटी ढाबला, जुगल किशोर, सतनाम सिंह, विजय सिंगला आदि गणमान्य सदस्य भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जिला अध्यक्ष रिक्की गर्ग ने इस अवसर पर बताया कि पुलिस सहायता संगठन ने पर्यावरण सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए एक विशेष मुहीम चलाई है। इस मुहीम के अंतर्गत संगठन का प्रत्येक सदस्य अपने जन्मदिन पर वृक्षारोपण करता है। उन्होंने कहा, यह पहल हमारे समाज और पर्यावरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया और इस मुहिम को सफल बनाने का संकल्प लिया। संगठन के सदस्यों ने पौधों की देखभाल और उन्हें संरक्षित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। लालचंद धाँधल ने अपने जन्मदिन को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए समर्पित कर सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए गर्व और खुशी का क्षण है कि मैं अपने जन्मदिन को पर्यावरण की समृद्धि और सुरक्षा के लिए समर्पित कर रहा हूँ। कार्यक्रम का समापन संगठन के अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग और समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। इस प्रकार पुलिस सहायता संगठन हनुमानगढ़ ने एक बार फिर समाज एवं पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया और आने वाले समय में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित करने का वचन दिया।

## बार रूम में हुई संगोष्ठी, नए कानून एवं प्रावधानों की दी जानकारी

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



बार रूम मे बुधवार दोपहर बाद भारतीय न्याय संहिता 2023 पर संगोष्ठी हुई।संगोष्ठी में एसीजेएम रेणुका शर्मा, एमजेएम प्रहलिका, ट्रेनर अभियोजन अधिकारी उपेंद्र सिंह ढिल्लो ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में आईपीसी के अधिकांश अपराधों को बरकरार रखा गया है एवं इसमें सामुदायिक सेवा को भी सज़ा के रूप में शामिल किया गया है। इसकी विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) आईपीसी के प्रावधानों को काफी हद तक बरकरार रखती है एवम कुछ नए अपराध जोड़ती है, अदालतों द्वारा खारिज किए गए अपराधों को हटाती है और कई अपराधों के लिए दंड बढ़ाती है। गृह मामलों की स्थायी समिति ने इसके प्रावधानों की बारीकी से जांच की थी। संगोष्ठी में बीती 1 जुलाई से लागू हुए नए कानून एवं अधिनियम के बारे में विस्तार से मौजूद प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। बार संघ अध्यक्ष नंदराम धारणियां, वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, प्रेस प्रवक्ता महावीर अरोड़ा, करणी सिंह राठौड, रामकुमार खीचड़, रघुनाथ सिंह, दारा सिंह, जगजीत सिंह, हरजिंद्र रमाणा, राकेश पुनियां, राजविंदर सिंह, राधेश्याम वर्मा, मनोज शर्मा, प्रेम आलडिया, मनोज सोनी, जितेंद्र मंडा, लोकेश गोयल, रमन गोदारा, गौरीशंकर गाट, अशोक चालिया, अशोक गुडेसर, संदीप गोदारा, पवन पाहूजा, धर्मपाल योगी, अरमान सोनी, सुरेश कुमार सहित बार संघ सदस्य मौजूद रहे।

## राउप्रावि 12 एसटीबी के विधार्थियों को बांटी शिक्षण सामग्री



तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

राउप्रावि 12 एसटीबी के अध्यापक कालूराम व सुश्री सुखपाल ने स्कूल के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री भेट की है। संस्था प्रधान हीरालाल जयपाल ने बताया कि दोनों अध्यापकों ने राजकीय सेवा में दो वर्ष के परिवीक्षा काल संतोषप्रद रहने व स्थाईकरण होने की खुशी में विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में काम आने वाली सामग्री वितरित करते हुए हमेशा कठिन परिश्रम एवं दृढ़ संकल्पता के साथ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ से रामकुमार, रामस्वरूप, भीम सिंह, रविकांत, विकास कुमार, मानवेंद्र सिंह, बलराज सिंह व सुश्री अनीशा मौजूद रहे। हेड मास्टर हीरालाल ने विद्यालय के भौतिक संसाधन एवं आवश्यकताओं की जानकारी देते हुए दानदाता शिक्षकों का आभार जताया।

# 77 कनाल 7 मरला भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी दिए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया

## - सरपंच एसोसिएशन ने भी मुख्यमंत्री नायब सैनी का घोषणाओं के लिए किया अभिनंदन

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

हरियाणा मंत्रिमंडल ने गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब, सिरसा को 77 कनाल 7 मरला भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी दिए जाने पर बुधवार को गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब प्रबंधन समिति के गणमान्य सदस्यों तथा सिख संगत की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया और उनका इस निर्णय के लिए धन्यवाद किया। गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब से कारसेवा वाले बाबा नरेंद्र सिंह, गुरुनानक मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सरदार सुरेंद्र सिंह वैदवाला, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य मालिक सिंह, 10वीं पातशाही गुरुद्वारा के मैनेजर राणा , रणजीत सिंह, रणवीर सिंह, जसबीर सिंह रियाड़, अमृतपाल सिंह व डा. हरप्रीत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कहा कि गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब, सिरसा की बड़ी ऐतिहासिक महत्ता है, श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र चरण यहां पड़े थे। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब, सिरसा को 77 कनाल 7 मरला तथा गुरु नानक पब्लिक स्कूल, सिरसा को 6 कनाल 9 मरला भूमि उपहार स्वरूप (बिना किसी स्टांप ड्यूटी/रजिस्ट्री शुल्क के) आवंटित/हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, पूर्व राज्यपाल गणेशी लाल, उपायुक्त आर.के. सिंह, पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, सुरेंद्र आर्य, चेयरमैन वेद फुला, जिलाध्यक्ष भाजपा निताशा सिहाग, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, चेयरमैन आदित्य देवीलाल, चेयरमैन देव कुमार शर्मा, पूर्व विधायक बलकौर सिंह, पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह राही, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, रतनलाल बामणिया, शीशपाल कंबोज, सिकंदर खट्टर, प्रमोद कंबोज, मक्खन सिंह ख्योवाली, अमन चोपड़ा, मीनू बेनीवाल, वीरेंद्र तिन्ना, विजय वधवा, तरुण गुलाटी, भूपेश मेहता, गोविंद कांडा, राजेंद्र सिंह देसूजोधा, रोहताश जांगड़ा, शीशपाल कंबोज, हनुमान कुंडु्डु, सतीश जग्गा, साबरमल गुर्जर सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्रिटिकल पॉइंट पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

## बाढ़ की संभावित स्थिति को टालने के लिए प्रशासन हुआ सक्रिय

तेज | रिपोर्टर. नोहर



आगामी दिनों में मानसून के दौरान घग्घर नदी में पानी की अधिक आवक की स्थिति में पैदा होने वाली बाढ़ की संभावित स्थिति को टालने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। तैयारियों की बात करें तो संवेदनशील जगहों पर बंधों को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। अधिकारी घग्घर बहाव क्षेत्र का दौरा कर क्रिटिकल पॉइंट चिह्नित कर रहे हैं। इसी क्रम में घग्घर फ्लड कंट्रोल के संबंध में बुधवार को उपखण्ड अधिकारी डॉ. दिव्या चौधरी की ओर से अपने चैम्बर में सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता व तहसील की टीम के साथ बैठक की गई। एसडीएम डॉ. दिव्या चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर कानाराम की ओर से गत रविवार को घग्घर नदी क्षेत्र का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर मानसून के दौरान बहाव क्षेत्र में बचाव व राहत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। उन्हीं दिशा-निर्देशों की पालना के संबंध में यह बैठक की गई है। एसडीएम ने बताया कि घग्घर नदी में पिछले साल पानी की अधिक आवक से काफी समस्याएं सामने आईं। इस बार प्रशासन की टीम ने पहले से ही संवेदनशील पॉइंट को चिह्नित कर लिया गया है। ऐसे में प्रशासन का प्रयास रहेगा कि अगर बाढ़ के हालात पैदा होते हैं तो उससे पहले अवैध बंधों को हटवाकर वास्तविक बहाव क्षेत्र को क्लियर किया जा सके ताकि किसानों व शहरवासियों को कोई समस्या न हो। इसके तहत नाली बैड अमरपुरा थेड़ी, श्रीनगर की विजिट की गई है। इन क्षेत्रों में कुछ जगह ऐसी चिह्नित हुई हैं जहां बहाव क्षेत्र सिकुड़ा हुआ है। इन जगहों पर बने हुए अवैध बंधों का रेवेन्यू व इरीगेशन टीम की ओर से संयुक्त निरीक्षण कर अगले दो दिन में कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम डॉ. चौधरी ने बताया कि विभाग ने अपने स्तर पर टेंडर कर दिए हैं और वर्क ऑर्डर भी हो चुके हैं। काफी जगहों पर बंधे मजबूत करने का कार्य विभाग अपने स्तर पर करवा रहा है। इसके अलावा मिट्टी के कट्टे भरवाकर पिछली बार के संवेदनशील बिंदुओं पर पहले ही रखवा दिए गए हैं। एक विस्तृत रिपोर्ट भी रेवेन्यू व इरीगेशन टीम की ओर से बनाई गई है। पिछली बार के क्रिटिकल पॉइंट पर इस बार प्रशासन की नजर रहेगी। घग्घर नदी में पानी की आवक की जानकारी के लिए प्रशासन की टीम पंजाब-हरियाणा के सम्पर्क में है।

## विद्युत निगम कार्यालय की पार्किंग से बाइक चोरी

**हनुमानगढ़।** टाउन में सेंट्रल पार्क के सामने स्थित विद्युत निगम कार्यालय की पार्किंग में खड़ी बाइक दिनदहाड़े अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। बाइक मालिक की ओर से टाउन पुलिस थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार संजय कुमार (34) पुत्र भारत शाह निवासी वार्ड 20, पंजाबी मोहल्ला, टाउन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह टाउन में विद्युत निगम कार्यालय के पास रावतसर रोड पर साइकिल रिपेयरिंग का कार्य करता है। उसने 28 जून को सुबह करीब 9 बजे अपनी बाइक नम्बर आरजे 31 एसटी 1050 विद्युत विभाग कार्यालय के अंदर बनी पार्किंग में खड़ी की थी। दोपहर करीब 12.30 बजे किसी कार्य के लिए उसने अपनी बाइक सम्भाली तो गायब थी। इधर-उधर पूछताछ की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई दलीपसिंह के सुपुर्द किया है।

# किशोरी से दुष्कर्म के मामले में होटल का संचालक गिरफ्तार

» नाबालिग लड़की होने के बावजूद बिना एंट्री किये युवक को बार-बार होटल का कमरा दे देता था

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिले में टिब्बी थाना की पुलिस ने एक किशोरी से एक युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने के मामले की जांच पड़ताल करते हुए एक होटल के संचालक को भी गिरफ्तार किया है। टिब्बी थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडर ने बताया कि जंक्शन में एसआर होटल के संचालक रामसिंह मेघवाल (30) निवासी वार्ड नंबर 9 चक 12 एफटीबी ग्राम पंचायत पन्नीवाली थाना टिब्बी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित किशोरी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 22 मई को मुख्य आरोपी राजू रायसिख निवासी वार्ड नंबर 1 सूरेवाला के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया कि राजू उसे बहला-फुसलाकर हनुमानगढ़ के एक होटल में ले गया था। वहां उसे कोई नशीला पदार्थ खिलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद राजू उसे बार-बार धमकी देकर होटल में ले जाकर दुष्कर्म करता रहा। थाना अधिकारी ने बताया कि पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज किए गए इस मुकदमे की जांच शुरू की गई। जांच में दोषी पाए जाने पर राजू को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। इसके बाद अनुसंधान में होटल का संचालक रामसिंह भी दोषी पाया गया। उन्होंने बताया कि होटल संचालक रामसिंह मुख्य आरोपी राजू उर्फ राजविंदर सिंह का जानकार है। रामसिंह हनुमानगढ़ जंक्शन में एसआर होटल का संचालक है। इस होटल में मुख्य आरोपी राजू ने पीड़िता को कई बार ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। होटल संचालक रामसिंह ने कम उम्र की लड़की होने के बावजूद होटल के रजिस्टर में एंट्री किए बिना व राजू उर्फ राजविंदर सिंह के अपराधिक कृत्य में शामिल होकर कमरा दे देता था। इसलिए दुष्कर्म के इस संगीन मामले में रामसिंह को भी दोषी माना गया है। उसे इस आपराधिक षड्यंत्र में संलिप्त मानते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 16/17 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस घटना के मध्यनजर सभी होटल संचालकों तथा मालिकों को सावधान किया है कि वे अपने यहां आने वाले व्यक्तियों के पहचान पत्र तथा मोबाइल नंबर अच्छी तरह चेक करने के बाद ही उन्हें ठहरने के लिए कमरा दे।

# दुकानदार पर जानलेवा हमला कर लूटपाट करने की घटना में तीन बाल अपचारी निरूद्ध

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पुलिस ने एक वैरायटी स्टोर के संचालक पर जानलेवा हमला कर नगदी लूटने की घटना में तीन बाल अपचारियों को निरूद्ध किया है।पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि हनुमानगढ़ सदर थाना अंतर्गत डबलीवास मौलवी के वार्ड नंबर 12 निवासी टेकचंद पर 27 जून की रात 10:30 बजे कुछ अज्ञात बदमाशों ने तब घातक हमला कर दिया था जब वह अरोडवंश धर्मशाला के समीप अपना वैरायटी स्टोर बंद कर और दिन भर की बिक्री के रुपए लेकर घर जा रहा था। रास्ते में बदमाशों ने हमला कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया और रूपयों का बैग छीनकर भाग गए। बैग में 30 हजार 500 रुपए थे। बुरी तरह जख्मी हुए टेकचंद को हनुमानगढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया। टेकचंद के भाई नरेश अरोड़ा (55) द्वारा दी गई रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डीएसपी राहुल यादव के सुपरविजन में सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर लाल बहादुर चंद्र ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए दो आरोपियों जसविंदर सिंह और सुखबीर सिंह को परसों सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में तीन बाल अपचारी भी संलिप्त पाए गए। उनको भी कल मंगलवार को काबू कर लिया गया।तीनों किशोरों को निरूद्ध करने की कार्यवाही की गई है।

# हत्या प्रयास के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

## घर में घुसकर किया था जानलेवा हमला

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन थाना पुलिस ने हत्या प्रयास के प्रकरण में बुधवार को कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। अनुसंधान पूर्ण कर पुलिस ने चारों आरोपियों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। जांच अधिकारी सुरेशिया पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई जसकरण सिंह ने बताया कि 27 मई को राजू (30) पुत्र भजनसिंह रायसिख निवासी वार्ड 58, सुरेशिया, जंक्शन ने मुकदमा दर्ज करवाया कि उसके घर के आगे दुकानें बनी हुई हैं। इनमें से एक दुकान बिट्टू ने किराए पर ले रखी है। इसमें बिट्टू नाई की दुकान संचालित करता है। 26 मई की रात्रि करीब 8.40 बजे राजू, हैप्पी, मोटू, मंगू, रिक्की व फतेहपुर गांव के 10-12 अन्य व्यक्ति हाथों में कापे व डांगें लेकर उसके भाई बग्गू के पास आए और गालियां निकाली तथा लड़ाई-झगड़ा करने लगे। बिट्टू नाई ने अपनी दुकान का शटर नीचे गिरा दिया और बीच-बचाव कर बग्गू को बचाया। इस पर यह सभी वहां से चले गए। इसके बाद उसका भाई बग्गू रात्रि करीब 11 बजे बिट्टू नाई के घर चला गया। उसी दौरान राजू, हैप्पी, मोटू, मंगू, रिक्की वगैरा बिट्टू नाई के घर में घुसे और उसके भाई बग्गू पर कापे से प्राणघातक हमला कर दिया। इससे बग्गू का सिर फट गया तथा शरीर के अन्य भागों पर भी काफी चोटें लगी। मौके पर गुलशन, बलराम, बिट्टू ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो इन पर भी हमला कर दिया। इससे गुलशन, बलराम तथा बिट्टू के भी चोटें लगी। उसके भाई बग्गू, गुलशन व बलराम को राजकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जांच अधिकारी जसकरण सिंह के अनुसार मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई। बग्गू के गंभीर चोट होने पर हत्या प्रयास संबंधी धारा जोड़ी गई। बुधवार को प्रकरण में कार्रवाई करते हुए बलजीत सिंह उर्फ राजू पुत्र हरबंस सिंह रायसिख निवासी सुरेशिया, साधुसिंह पुत्र इन्द्रसिंह रायसिख निवासी फतेहपुर, रमनदीप उर्फ प्रवीण पुत्र साधुसिंह व वीरसिंह पुत्र दतार सिंह रायसिख निवासी सुरेशिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त हथियार आदि की बरामदगी की गई। चारों आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया।

# 31 जुलाई तक चलेगा 'डेंगू रोकथाम माह'

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मौसमी बीमारियों और डेंगू रोकथाम को लेकर हनुमानगढ़ जिले में 'डेंगू रोकथाम अभियान' शुरू किया गया है। एक जुलाई से शुरू हुआ यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा ताकि डेंगू फैलने से रोका जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि राज्य स्तर से मिले निर्देशानुसार जिले में एक जुलाई से डेंगू रोकथाम माह मनाया जा रहा है। इस दौरान मानसून एवं प्री मानसून में फैलने वाले डेंगू को रोकथाम के लिए व्यापक गतिविधियां की जाएंगी। इसके लिए आमजन को जागरूक करने के साथ ही स्कूलों में जाकर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य विभागों के साथ समन्वय कर डेंगू रोकथाम के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए खंड स्तर पर सभी को पाबंद कर दिया गया है। एंटी लार्वा गतिविधियों में भी तेजी लाई जाएगी। आशा सहयोगिनियां व एएनएम इस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभा रही हैं, वे भीषण गर्मी के बावजूद दूर-दराज के कस्बों, मोहल्लों में पहुंचकर एंटीलार्वल व जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं। विभाग ने अपील की है कि इस दौर में आमजन विभागीय कर्मियों का सहयोग कर उनका साथ दें। साथ ही गमले, परिंडें, डिग्गी, छत पर पड़े खाली टायर, मटके आदि की सफाई करें। अनावश्यक पानी न बहाएं ताकि पानी एकत्रित न हो और मच्छर न पनपे। आमजन डेंगू के प्रति जागरूकता सामग्री सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ट्वीटर व फेसबुक पेज आईईसी हनुमानगढ़ से हासिल की जा सकती है।

### आवासीय भूमि पर वाणिज्यिक निर्माण की शिकायत

# नगरपरिषद ने बंद करवाया कार्य



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** नगरपरिषद की ओर से टाउन में चुंगी नंबर छह से दीनदयाल चौक मार्ग पर बनाए जा रहे 28 दुकानों के एक कटले का निर्माण बंद करवा दिया गया। इस संबंध में शिकायत थी कि आवासीय भूमि पर वाणिज्यिक दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने परिषद टीम को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य को रूकवा दिया। बताया जा रहा है कि टाउन निवासी संदीप सोनी ने अवैध निर्माण कार्य को रूकवाने की मांग करते हुए डीएलबी और नगरपरिषद को शिकायत की थी। इसके बाद इस निर्माण कार्य को बंद करवा दिया गया। आयुक्त ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# गोदाम में खड़े दस ट्रैक्टरों की बैटरियां चोरी

## सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हुई वारदात

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन में श्रीगंगानगर मार्ग स्थित अग्रसेन चौक के नजदीक ट्रैक्टर बाजार के नाम से संचालित गोदाम में खड़े दस ट्रैक्टरों पर लगी बैटरियां रात्रि को चोरी हो गईं। यह वारदात सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कैद हो गई और दीवार फांदकर गोदाम में घुसे चार नकाबपोश बैटरियां चोरी कर ले जाते हुए नजर आए। गोदाम मालिक की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के लिए बुधवार को जंक्शन पुलिस थाना में परिवाद प्रस्तुत किया गया। ओमप्रकाश पुत्र संतलाल ब्राह्मण निवासी वार्ड दो, नई खुंजा, जंक्शन ने बताया कि वह श्रीगंगानगर रोड स्थित इंडस्ट्रीज एरिया में अग्रसेन चौक के नजदीक ट्रैक्टर बाजार के नाम से दुकान व गोदाम का संचालन करता है। वह सोमवार रात्रि करीब 8.30 बजे दुकान-गोदाम को बंद कर घर चला गया। पीछे से रात्रि को कोई व्यक्ति गोदाम की दीवार फांदकर अंदर घुसे और गोदाम में खड़े दस ट्रैक्टरों के लगी 10 बड़ी बैटरी चोरी कर ली। वह मंगलवार को अपनी दुकान पर पहुंचा तो बैटरियां गायब थी। उसने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की तो फुटेज में रात्रि करीब 12 बजे चार नकाबपोश व्यक्ति गोदाम में घुसकर चोरी करते हुए दिखाई दिए। उसने चोरी हुई बैटरियों एवं चोरी करने वालों की काफी तलाश एवं पूछताछ की मगर कोई पता नहीं चला। ओमप्रकाश ने मांग की कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर चोरी करने वालों का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर चोरीशुदा बैटरियां बरामद की जाएं।

# राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते पदक



## स्वर्ण पदक विजेता दो खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भीनमाल में आयोजित 18वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में हनुमानगढ़ के खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्ग तथा इवेंट में दो स्वर्ण, 10 रजत एवं 4 कांस्य पदक जीते। हनुमानगढ़ वुशू संघ के अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि 27 से 30 जून तक आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। आशु तथा कर्मवीर ने स्वर्ण पदक, योगेश चौधरी, संदीप कुमार, पारस, नितिशा कंवर, खुशबू, अर्चना, मनीष कुमार ने रजत पदक, विक्रम, आकाश व नितिशा कंवर ने कांस्य पदक जीता। बुधवार को पदक विजेता खिलाड़ियों के हनुमानगढ़ पहुंचने पर राजीव गांधी स्टेडियम में जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह, एकता मंच महासचिव अश्विनी गर्ग, ओमप्रकाश सैन, वुशू संघ के संयोजक हेमंत गोयल, जूडो कोच अभिजीत सिंह, राजीव चौधरी, पदम सिंह, अक्षय ज्याणी, सन्दीप सिंह, गुलशन, पवन कुमार आदि ने स्वागत किया। वुशू कोच शंकर सिंह नरुका ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी तमिलनाडू में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि राजीव गांधी स्टेडियम में वुशू के करीब 140 खिलाड़ी सुबह-शाम अभ्यास कर रहे हैं एवं निरंतर रूप से राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं जो जिले के लिए गौरव की बात है। एकता मंच महासचिव अश्विनी गर्ग ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया व नशे से दूर रहने की सलाह दी।

# पेपर और कपड़े से निर्मित बैग का उपयोग करने का दिया संदेश

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर कार्यक्रम



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** टाउन के टाइम्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। इस मौके पर कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं ने प्रार्थना सभा में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि इस दिन का विशेष उद्देश्य प्लास्टिक बैग की उपयोगिता को कम करना और इसके सुरक्षित विकल्पों के बारे में बताना है। संस्था अध्यक्ष डॉ. सागरमल लड्ढा ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि हमें अपने आसपास के लोगों को भी प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और खरीदारी करते समय प्लास्टिक बैग न मांगने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। यह कदम उठाकर हम इस प्लास्टिक बैग मुक्त आंदोलन का समर्थन कर सकते हैं। इसी कड़ी में कक्षा 6, 7, 8 के बच्चों ने पेपर बैग्स बनाकर सिर्फ पेपर बैग और कपड़े के बैग्स का उपयोग करने का संदेश दिया। प्रिंसिपल नेहा शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक बैग से प्रदूषण फैलता है। प्लास्टिक बैग से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। रसायन विज्ञान व्याख्याता रमेश कुमार ने बताया कि प्लास्टिक जानवरों की आंतों में अटक जाता है जो उनकी मौत का कारण बनता है। डायरेक्टर गोपाल किशन लड्ढा ने बताया कि प्लास्टिक बैग हमारी बॉडी के लिए भी हानिकारक है। जितना हो सके हमें पेपर बैग का ही उपयोग करना चाहिए। गतिविधि प्रभारी गुरमीत कौर ने इस कार्यक्रम को को-ऑर्डिनेट किया। इस मौके पर स्टाफ मेंबर्स और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# उद्यान आभा तूफान एक्सप्रेस के विकल्प के रूप में विभूति एक्सप्रेस के विस्तार की पूरी संभावना

## भीम शर्मा ने कोलकाता में रेल अधिकारियों से की मुलाकात

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



कोरोना से पूर्व बंद की गई उद्यान आभा तूफान एक्सप्रेस ट्रेन को पुन शुरू करने की मांग व उसके विकल्प को लेकर जेडआरयूसीसी के पूर्व सदस्य भीम शर्मा ने सोमवार और मंगलवार को कोलकाता में ईस्टर्न रेलवे व साउथ ईस्टर्न रेलवे के अधिकारियों से मुलाकात की। भीम शर्मा ने बताया कि मंगलवार को साउथ ईस्टर्न रेलवे के एजीएम अनिल दुबे व बुधवार को ईस्टर्न रेलवे के सीपीटीम रौशन कुमार से मुलाकात कर रेल समस्याओं को लेकर चर्चा की। ईस्टर्न रेलवे के सीपीटीम को बताया कि वर्षो पुरानी उद्यान आभा तूफान एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 13007/13008 को ईस्टर्न रेलवे के तत्कालीन सीपीटीएम की अनुशंसा पर बन्द करने का निर्णय लिया गया था।इसके बदले में तत्कालीन श्रीगंगानगर सांसद निहालचंद की ओर से हावड़ा से प्रयागराज के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 12333/12334 विभूति एक्सप्रेस सुपरफास्ट को श्रीगंगानगर तक विस्तारित करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में सीपीटीएम को बताया गया कि 13008 उद्यान आभा एक्सप्रैस गाड़ी राजस्थान के श्रीगंगानगर से चलकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित सात राज्यों को आपस में जोड़ती थी। यह भी सुझाव दिया कि अगर इस गाड़ी के संचालन में किसी प्रकार की समस्या है तो इसके स्थान पर हावड़ा से प्रयागराज के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 12333/34 विभूती एक्सप्रेस को श्रीगंगानगर तक बढ़ाया जाए ताकि लंबी दूरी के यात्रियों को होने वाली परेशानी से निजात मिल सके। ज़ेडआरयूसीसी के पूर्व सदस्य भीम शर्मा के अनुसार अनेक दशकों पूर्व यह ट्रैन सौग़ात के रूप में मिली थी। उस समय से साल 1993 तक श्रीगंगानगर से दिल्ली के मध्य सफर करवाने वाली यह इकलौती ट्रैन थी। साल 1993 में श्रीगंगानगर से दिल्ली के बीच चली इंटरसिटी ने नये सफर का अनुभव करवाया उसके बाद सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट, नांदेड़ व तिलकब्रिज वाली ट्रेन ने श्रीगंगानगर को दिल्ली से जोड़ा। इन सबके बावजूद उद्यान आभा एक्सप्रेस के यात्रीभार पर कोई असर नही पड़ा। लॉकडाउन के दौरान जब देशभर की ट्रेनों के पहिये थम गये तो इस्टर्न रेल्वे के तत्तकालीन चीफ पैसेंजर ट्रांसपोर्टेशन मैनेजर के.एन. चंद्रा की ओर से ईस्टर्न रेलवे की 10 मेल/एक्सप्रेस व 7 पैसेन्जर ट्रैनों को अलग-अलग कारणों से स्थाई रूप से बन्द करने की अनुशंसा करते हुए रेलवे बोर्ड के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (कोचिंग) को लिखा गया। भीम शर्मा के अनुसार ईस्टर्न रेलवे के सीपीटीएम की ओर से उस समय इस ट्रेन को बंद करने के पीछे जो मुख्य कारण बताये गये,उनमें मुख्य रूप से बताया गया हैं कि लगभग 1973 किलोमीटर का एकतरफा सफर के दौरान ट्रंक रुट पर चलने वाली यह ट्रेन एंड टू एंड 112 स्टेशन पर ठहराव करती हैं। ट्रंक रुट पर इतने ज्यादा ठहराव होने से तेज गति की अन्य ट्रेनों पर इसका असर पड़ता हैं।साल में अनेक बार भिन्न-भिन्न कारणों से ट्रेन को हावड़ा-दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन के मध्य रद्द करना पड़ता हैं। कोहरे के दिनों में भी इसे अनेक महीनों तक बन्द करना पड़ता हैं। ट्रैन का मालिकाना हक ईस्टर्न रेलवे का होने के कारण इसका प्राथमिक अनुरक्षण हावड़ा में होता था। इस पर रेलवे बोर्ड के अधिकारियो से भी जल्द विस्तृत चर्चा की जायेगी।

न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स
106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210
यहां पर साड़ी चरक की जाती है।

दीपक सैनी
मो. 82339-47047
श्रीगंगानगर वाले
रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी
दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442